हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
रांची, सोमवार | 02.12.2024 | वर्ष 11, अंक 326
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
अपनी नजर सिर्फ उसी चीज़ पर रखो जिसे तुम पाना चाहते हो, उस पर नहीं जिसे तुम खो चुके हो!

## क्विक न्यूज

### बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार के विरोध में किया प्रदर्शन

**श्रीभूमि (असम)** : बांग्लादेश में हिन्दुओं पर लगातार हो रहे अत्याचार के विरुद्ध श्रीभूमि जिले में विरोध-प्रदर्शन जारी है। हजारों लोग हिन्दु संगठनों द्वारा आयोजित बांग्लादेश चलो अभियान के बैनर तले निकाली गई रैली में रविवार को शामिल हुए। सुतारकांडी में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सुरक्षा बलों के साथ प्रदर्शनकारियों की झड़प भी हुई, जिसमें एक प्रदर्शनकारी घायल हो गया। यह प्रदर्शन सीमा से लगभग एक किलोमीटर दूर हुआ, जहां बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी एकत्र हुए और विरोध प्रदर्शित किया। भीड़ को नियंत्रित करने और आगे बढ़ने से रोकने के लिए पुलिस और अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया था। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में घुसने के प्रयास में बैरिकेड्स तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस कर्मियों ने स्थिति को नियंत्रण में रखा है।

### ट्रक में घुसी कार, 5 लोगों की मौत

**रायपुर** : छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर जिले के ग्राम गुमगा के पास अदानी गेस्ट हाउस के समीप नेशनल हाईवे- 130 पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई। यह हादसा इतना भीषण था कि एक स्कोडा कार ट्रक में जा घुसी। कार में कुल पांच लोग सवार थे, जिनमें से चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति की मौत इलाज के दौरान हो गई।

### कार से मिला 53 किलो डोडा पोस्त जब्त

**सिरोही** : रोहिया पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान तस्कर की कार का पीछा कर 53 किलो डोडा पोस्त बरामद किया है। पीछा करने के दौरान तस्कर की कार बेकाबू होकर पलट गई थी, इसी दौरान मौके का फायदा उठाकर आरोपित कार ड्राइवर मौके से फरार हो गया। रोहिड़ा पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है। एसपी अनिल कुमार के निर्देश पर जिलेभर में चलाए जा रहे मादक पदार्थों के खिलाफ विशेष अभियान के दौरान रोहिड़ा पुलिस ने सिल्वा फली वालोरिया में नाकाबंदी कर रखी थी। इसी दौरान एक तस्कर कार से नाकाबंदी तोड़कर भाग निकला। पुलिस ने उसका पीछा किया, कुछ देर तस्कर की कार बेकाबू होकर पलट गई। मौके का फायदा उठाकर कार चला रहा तस्कर मौके से फरार हो गया। रोहिड़ा पुलिस की टीम उसकी तलाश कर रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार की तलाशी ली। जिसमें अलग-अलग बैग में भरा हुआ 53 किलो डोडा पोस्त मिला। पुलिस ने डोडा पोस्त और कार को कब्जे में लेकर कार इंजन और चेसिस नंबर से मालिक की तलाश शुरू कर दी है।

### जनकपुरधाम में शुरू हुआ सीता विवाह का उत्सव

**काठमांडू** : जनकपुरधाम में सप्ताह भर चलने वाला सीता विवाह पंचमी का उत्सव रविवार से विधिवत शुरू हो गया है। त्रेता युग के दौरान भगवान राम और सीता के विवाह के उपलक्ष्य में हर साल विवाहपंचमी महोत्सव एक सप्ताह तक मनाया जाता है।सीताराम विवाह पंचमी महोत्सव के पहले दिन आज नगर दर्शन कार्यक्रम है। दूसरे दिन कल सोमवार को फुलबारी लीला, तीसरे दिन मंगलवार को धनुष यज्ञ, चौथे दिन बुधवार को तीलोकत्सव, पांचवें दिन 5 दिसंबर को मटकोर और 6 दिसंबर को रामसीता स्वयंवर एवं विवाह कार्यक्रम होगा। महोत्सव के अंतिम दिन 7 दिसंबर को रामकलेवा कर बारात के रूप में अयोध्या से आए साधु संत को विदाई देने के बाद विवाहपंचमी महोत्सव का विधिवत समापन किया जाएगा। जानकी मंदिर के उत्तराधिकारी महंथ रामरोशन दास वैष्णव ने बताया कि नगरदर्शन के दौरान भगवान राम और लक्ष्मण के प्रतीक के रूप में दो बच्चों को जानकी मंदिर परिसर में घुमाया जाएगा।

### ईडी ने पोर्नोग्राफी मामले में राज कुंद्रा को सोमवार को पूछताछ के लिए बुलाया

**मुंबई** : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने पोर्नोग्राफी मामले में फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा को समन जारी कर सोमवार को पूछताछ के लिए बुलाया है। राज कुंद्रा को भेजे गए ईडी के समन में कहा गया है कि कुंद्रा को सोमवार को दिन में 11 बजे मुंबई स्थित ईडी के दफ्तर में उपस्थित रहना है। ईडी सूत्रों के अनुसार पोर्नोग्राफी मामले में मुंबई पुलिस की टीम ने राज कुंद्रा के मुंबई स्थित आवास पर 29 नवंबर को छापा मारा था। ईडी ने भी इसी मामले में मुंबई के करीब 15 ठिकानों पर छापेमारी की थी। हालांकि, इस छापेमारी की अधिकृत जानकारी ईडी ने नहीं दी है, लेकिन बताया जा रहा है कि राज कुंद्रा के आवास से डिजिटल सबूत हाथ लगे हैं। इसी संदर्भ में ईडी की टीम सोमवार को राज कुंद्रा से पूछताछ करने वाली है। मुंबई पुलिस ने पोर्नोग्राफी मामले में 2021 में राज कुंद्रा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। इसके

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 38° |
| न्युनतम | 26° |

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर गरिमामय समारोह में शामिल हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

# एड्स नियंत्रण के लिए तेजी से हो रहा है प्रयास : नड्डा

एजेंसी

**इंदौर** : केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि भारत सरकार ने एचआईवी-एड्स से प्रभावित लोगों की संख्या में कमी लाने और मौत की संख्या को कम करने के लिये सतत विकास लक्ष्य निर्धारित किये हैं। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के माध्यम से सहभागियों को जोड़कर देश में इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये तेजी से प्रयास शुरू कर दिये गये हैं। यह लक्ष्य 2030 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। उन्होंने समाज के सभी वर्गों का आह्वान किया कि वे इस दिशा में लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये पुनः संकल्प बद्ध होकर नए संकल्प, नई ऊर्जा और नई स्फूर्ति से जुट जाएं। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार में देश में सबसे आगे है और सबसे तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके लिए उन्होंने मध्य प्रदेश की सराहना भी की। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा रविवार को इंदौर के खंडवा रोड स्थित देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम में विश्व दिवस के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एचआईवी से प्रभावित व्यक्तियों को मौलिक अधिकारों के साथ ही उन्हें मानव अधिकार भी प्राप्त हो। उनके साथ किसी भी तरह का भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। हमें उनके अधिकारों का सम्मान करते हुए उन्हें भी वहीं मान-सम्मान देना चाहिए, जो अन्य सामान्य व्यक्ति को हम देते हैं, जिससे वे सामान्य जीवन जी सकें।

### एड्स के खिलाफ भारत में एकजुट होकर लड़ाई लड़ी जा रही है

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एड्स के खिलाफ भारत में एकजुट होकर लड़ाई लड़ी जा रही है। इसमें आशातीत सफलता भी मिल रही है। हमारे द्वारा तय सतत विकास लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये सभी का सहयोग जरूरी है। सभी सहभागी 2030 तक लक्ष्य को पूर्ण करने में भरपूर सक्रिय सहयोग दें। नई ऊर्जा और नई स्फूर्ति के साथ एड्स के खिलाफ आगे आयें। समाज में जागरूकता लाई जाये और व्यापक स्तर पर चर्चा हो। सावधानी रखी जाये। एचआईवी-एड्स प्रभावितों के साथ किसी भी तरह का भेदभाव नहीं हो। उन्हें आत्मसात कर मुख्य धारा में शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में एचआईवी-एड्स नियंत्रण के लिये संकल्पबद्ध होकर तेजी से प्रयास किये जा रहे हैं। इसके सार्थक परिणाम भी मिल रहे हैं।



### एक साथ मिलकर प्राप्त किया जाएगा वैश्विक लक्ष्य

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व एड्स दिवस के अवसर पर इंदौर में यह कार्यक्रम आयोजित करने के लिये केन्द्रीय मंत्री नड्डा के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से समुदायों, युवाओं, लाभार्थियों और विभिन्न संगठनों को एक साथ लाकर 2030 तक एचआईवी/एड्स को समाप्त करने के वैश्विक लक्ष्य को प्राप्त करने,चुनौतियों का समाधान करने और प्रगति आदि में मददगार होगा। हमारा प्रयास होगा की यूएन की थीम, टेक द राइट्स पाथ के अनुरूप कार्य कर वर्ष 2028 तक वैश्विक लक्ष्य को प्राप्त किया जाये। ऐसे कार्यक्रमों से समाज में जागरूकता आयेगी। एचआईवी/एड्स की जंग में संघर्ष करने में मदद मिलेगी।

### एचआईवी और एड्स अधिनियम-2017 लागू किया गया

जेपी नड्डा ने कहा कि भारत सरकार द्वारा 2017 से एचआईवी/एड्स नियंत्रण में तेजी से प्रयास शुरू किये गये। एचआईवी और एड्स (रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम-2017 लागू किया गया। इस अधिनियम के माध्यम से एचआईवी/एड्स के प्रसार को रोकने और नियंत्रित करने में मदद मिल रही है। इस अधिनियम से एचआईवी/एड्स से संक्रमित और प्रभावित व्यक्तियों के कानूनी और मानवाधिकारों को सुदृढ़ बनाया गया है। यह अधिनियम स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के अधिकारों की रक्षा करने का भी प्रयास है। एचआईवी-एड्स से प्रभावित व्यक्तियों का निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। भारत देश ने स्वास्थ्य सेवाओं, इलाज, चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में विश्व में नयी पहचान कायम की है।

## आलू रोकने के मामले में सीएम ने लिया संज्ञान, मुख्य सचिव को दिया निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : 30 नवंबर को बंगाल बॉर्डर पर आलू के वाहन रोकने की खबरों को माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने संज्ञान लेते हुए राज्य के मुख्य सचिव श्रीमती अलका तिवारी से तत्काल मामले में निष्पादन करने का निदेश दिया। मुख्य सचिव श्रीमती अलका तिवारी ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव श्री मनोज पंत से फोन पर मामले का निष्पादन के लिये बात की है। श्री मनोज पंत ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही एक कमेटी बनाकर आलू के मामले का निष्पादन सुनिश्चित किया जायेगा। बता दें कि पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा झारखंड में आलू की आवक रोकने के मामले में हाल ही में व्यापारियों में काफी रोष देखने को मिला। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की थी। इसके बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए राज्य की मुख्य सचिव को तुरंत कदम उठाने के निर्देश दिया।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी को मामले का समाधान जल्द से जल्द सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया. इसके बाद मुख्य सचिव ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत से फोन पर बात की।

**मुख्य सचिव श्रीमती अलका तिवारी ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव श्री मनोज पंत से फोन पर मामले का निष्पादन के लिये बात की है। श्री मनोज पंत ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही एक कमेटी बनाकर आलू के मामले का निष्पादन सुनिश्चित किया जायेगा। बता दें कि पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा झारखंड में आलू की आवक रोकने के मामले में हाल ही में व्यापारियों में काफी रोष देखने को मिला।**

## आप नहीं करेगी किसी से भी गठबंधन : अरविंद केजरीवाल



एजेंसी

**नई दिल्ली** : दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजन अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि दिल्ली चुनाव में आम आदमी पार्टी किसी से भी गठबंधन नहीं करेगी। हालांकि केजरीवाल ने ये कहा है कि आप राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन का हिस्सा बना रहेगा। रविवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान केजरीवाल ने ये बात कही है। कहा जा रहा है कि हरियाणा और महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन को मिली हार के बाद केजरीवाल ने ये फैसला लिया है। इससे पहले ही आम आदमी पार्टी के कई नेताओं ने हरियाणा चुनाव के बाद ही कहा था कि दिल्ली में कांग्रेस के साथ आम आदमी पार्टी का गठबंधन नहीं होगा। आम आदमी पार्टी कांग्रेस के साथ लोकसभा चुनाव में गठबंधन करके देख चुकी है और उसे गठबंधन का कोई फायदा नहीं मिला था। अगले साल दिल्ली में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और आम आदमी पार्टी ने अभी से ही तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए कुछ सीटों पर तो आप ने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान भी कर दिया है। रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अरविंद केजरीवाल केंद्र सरकार पर जमकर भड़के और कहा कि राजधानी में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब है।

## मुसीबत बना फेंगल, तमिलनाडु और पुडुचेरी के कई इलाके जलमग्न



एजेंसी

**चेन्नई** : चक्रवात फेंगल के कारण तमिलनाडु और पुडुचेरी में भारी बारिश हुई। तमिलनाडु में बारिश के कारण चेन्नई हवाईअड्डे को बंद करना पड़ा और शहर के कई हिस्सों में पानी भर गया। तूफान के कारण हुई भारी बारिश और तेज हवाओं ने चेन्नई में उड़ान और ट्रेन सेवाओं को बाधित कर दिया। वहीं तीन लोगों की मौत की खबर है। इसको लेकर पुडुचेरी के सीएम एन रंगास्वामी ने भी राज्य का दौरा किया और कहा, कई सालों के बाद, पुडुचेरी में 50 सेमी बारिश हुई है, जिसके परिणामस्वरूप गंभीर बाढ़ आई है। मैं वर्तमान में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर रहा हूं। बचाव दल बाढ़ के पानी में फंसे लोगों को निकालने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। राजधानी शहर में कई अस्पतालों और घरों में भी पानी भर गया। तमिलनाडु के कई जिलों में स्कूल और कॉलेज बंद कर दिए गए हैं और शनिवार को क्षेत्र में आने वाले शक्तिशाली चक्रवाती तूफान से पहले सैकड़ों लोग अंतर्देशीय तूफान आश्रयों में चले गए हैं।बारिश से संबंधित एक घटना में, चेन्नई में एक एटीएम से नकदी निकालने की कोशिश कर रहे एक प्रवासी श्रमिक की कथित तौर पर बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई।

## तेलंगाना : मुठभेड़ में 7 माओवादी ढेर



एजेंसी

**हैदराबाद** : तेलंगाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए सात माओवादियों को एक मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। यह मुठभेड़ मुलुगु जिले के एतुरागारम के जंगलों में हुई। मुलुगु के एसपी डॉ. सबारिश ने यह जानकारी दी।पुलिस ने माओवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि तेलंगाना पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ मुलुगु जिले के एतुरंगारम मंडल के चलपाका इलाके के जंगलों में रविवार सुबह हुई। इस मुठभेड़ में येलांदु-नरसमपेट इलाके की कमेटी के कमांडर बदरु उर्फ पापन्ना के मारे जाने की खबर है। इससे पहले सितंबर माह में भी तेलंगाना पुलिस और माओवादियों के बीच तेलंगाना के भद्राद्री के कोठागुडेम इलाके में भी मुठभेड़ हुई थी, जिसमें छह माओवादी मारे गए थे और दो पुलिसकर्मी भी घायल हुए थे। मारे गए माओवादियों में एक महिला भी शामिल थी।एक अधिकारी ने बताया कि इस एनकाउंटर में मारे गए नक्सलियों में से कुछ की पहचान हो गई है. इनमें कुरसम मंगू, एगोलापु मल्लैया, मुसाकी देवल, मुसाकी जमुना, जय सिंह, किशोर और कामेश शामिल हैं.

## नवंबर में 1.82 लाख करोड़ रुपये का हुआ जीएसटी संग्रह




एजेंसी

**नई दिल्ली** : केंद्र सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर में सकल जीएसटी संग्रह 8.5 प्रतिशत बढ़कर 1.82 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। जीएसटी संग्रह बढ़ने के पीछे की वजह घरेलू लेनदेन के कारण मिला अधिक राजस्व है।रविवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार नवंबर में केंद्रीय जीएसटी संग्रह 34,141 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी 43,047 करोड़ रुपये, एकीकृत आईजीएसटी 91,828 करोड़ रुपये और उपकर 13,253 करोड़ रुपये रहा।नवंबर में कुल सकल जीएसटी राजस्व 8.5 प्रतिशत बढ़कर 1.82 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 1.68 लाख करोड़ रुपये था।अक्तूबर में 1.87 लाख करोड़ रुपये का जीएसटी संग्रह नौ प्रतिशत वार्षिक वृद्धि के साथ दूसरा सबसे अच्छा जीएसटी संग्रह था। अब तक का सबसे अधिक संग्रह अप्रैल, 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपये से अधिक था। समीक्षाधीन महीने के दौरान घरेलू लेनदेन से जीएसटी राजस्व 9.4 प्रतिशत बढ़कर 1.40 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात पर कर से राजस्व लगभग छह प्रतिशत बढ़कर 42,591 करोड़ रुपये हो गया।इस महीने के दौरान 19,259 करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 8.9 प्रतिशत कम है। रिफंड समायोजित करने के बाद, शुद्ध जीएसटी संग्रह 11 प्रतिशत बढ़कर 1.63 लाख करोड़ रुपये हो गया।

## मप्र के सिवनी में खंभे से टकराई एम्बुलेंस, बिहार के चार लोगों की मौत, 5 घायल

एजेंसी

**सिवनी** : मध्य प्रदेश के सिवनी जिले में धूमा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक तेज रफ्तार एंबुलेंस राहगीर को टक्कर मारने के बाद एक खंभे से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि खंभे से टकराने के बाद एंबुलेंस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस हादसे में बिहार के चार लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। मृतकों में एक तीन साल का बच्चा भी है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। पुलिस के अनुसार, हादसा रविवार सुबह करीब 9 बजे जबलपुर रोड पर धारपाठा गांव के पास हुआ। लखनादौन थाना प्रभारी केपी धुर्वे ने बताया कि एम्बुलेंस आंध्र प्रदेश के कुरनूल से उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जा रही थी। इसी दौरान धूमा के धारपाठा गांव के पास तेज रफ्तार होने के कारण एम्बुलेंस अनियंत्रित हो गई और पैदल जा रहे एक राहगीर को टक्कर मारने के बाद खंभे से टकरा गई। इसके बाद सड़क से उतरकर एक खेत में जा घुसी। थाना प्रभारी धुर्वे ने बताया कि एम्बुलेंस में आठ लोग सवार थे।

असर्फी हॉस्पिटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
स्ट्रोक का इलाज उपलब्ध
there's treatment if you act FAST.
F Facial weakness Can the person smile? Has their mouth or eye drooped?
A Arm weakness Can the person raise both arms?
S Speech problems Can the person speak clearly and understand what you say?
T Test all Three symptoms
7808368888
Immediately Come to Our Emergency
असर्फी हॉस्पिटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद - 828105

**संक्षिप्त खबरें**

### एसपीडी कॉलेज में नैक पीयर टीम का रीविजिट संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय की स्थायी संबद्ध इकाई गढ़वा में स्थित स्थानीय सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज का नैक पीयर टीम के द्वारा दो दिवसीय रीविजिट किया गया। 28 एवं 29 नवम्बर को दो दिवसीय रीविजट कार्यक्रम के दौरान नैक पीयर टीम के द्वारा महाविद्यालय की विस्तृत रुप से जांच की गयी। जांच के पश्चात् नैक पीयर टीम के द्वारा एग्जिट मीट में प्राचार्य को जांच रिपोर्ट सौंपा गया। उक्त आशय की जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. निकलेश चौबे ने दी। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. चौबे ने बताया कि नैक पीयर टीम में चेयरपर्सन के रुप में एमिटी विश्वविद्यालय, जयपुर, राजस्थान के प्रो वाईस चांसलर डा. गजेन्द्र कुमार असेरी, मेम्बर के रुप में संत जेवियर कॉलेज, कोलकाता के प्राचार्य डा. विन्सेंट डोमीनिक सोवियो, मेम्बर कॉडिनेटर के रुप में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. डा. उज्जवल जाना उपस्थित थे।

# सतबरवा में रिटायर्ड शिक्षक संघ के अध्यक्ष की हत्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के सतबरवा प्रखंड में सेवानिवृत्त शिक्षक संघ अध्यक्ष परीक्षण सिंह की निर्मम हत्या उनके पैतृक गांव हलुमाड़ में तेज धारदार हथियार से कर दी गई. रविवार सुबह में परीक्षण सिंह गांव के देवी मंदिर के समीप प्यारी सिंह के खेत में शौच करने गए थे. इसी दौरान तेज धारदार हथियार से हत्या के बाद आरोपी पश्चिम दिशा की और फरार हो गए. मौके की नजाकत को देखते हुए पुलिस ने स्निफर डॉग बुला लिया है और छानबीन कर हत्यारे की तलाश कर रही है. हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।सेवानिवृत होने के बाद परीक्षण सिंह 2009 में मनिका विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके हैं. हत्या के बाद ग्रामीणों में सनसनी फैल गई है. हत्या के समय खेत में उनका लोटा तथा टॉर्च भी पड़ा हुआ था। मौके पर थाना प्रभारी अंचित कुमार, एसआई विश्वनाथ कुमार राणा, सुधीर कुमार, राजीव रंजन, बसंत कुमार दुबे के साथ डॉग एक्सपर्ट समेत सैकड़ो लोग घटना स्थल पर मौजूद थे।

# विधायक ने सैयद शाह के मजार पर की चादरपोशी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हैदरनगर :** राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने हैदरनगर देवीधाम में पूजा अर्चना के बाद शहर का भ्रमण किया। भ्रमण के बाद हैदरनगर के भाई बिगहा स्थित सैयद शाह रहमतुल्लाह अलैह की मजार पर उन्होंने चादरपोशी कर क्षेत्र व राज्य में अमन चैन की दुआ मांगी। मौके पर मौलाना अहमद अली खान रजवी, प्रदेश सचिव रिजवान खान, कलामुद्दीन खान, अनुमंडल अध्यक्ष खुर्शीद अहमद, पाले खान, सज्जू खान, कालिया जी, फैयाज खान, रौशन खान, डॉलू हुसैन, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद थे।

## पंचतत्व में विलीन हुये प्रखर शिक्षाविद शिवकुमार सिंह



**हैदरनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हैदरनगर थाना क्षेत्र के संतोषडीह गांव निवासी प्रखर वयोवृद्ध शिक्षाविद शिवकुमार सिंह (82 वर्ष) का आकस्मिक निधन लंबी बीमारी के बाद शनिवार की शाम हो गया। मृतक क्षेत्र के कई घरों में बच्चों को टयूशन कराने में अपनी जीवन बीता दी। वे सहज, सरल, शांत चित्त व धार्मिक प्रवृत्ति से संपन्न व्यक्तित्व के धनी व प्रबुद्ध समाजसेवी के रुप में अहम भूमिका निभाई। उनके निधन से पारिवारिक, सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। वे अपने पीछे एकलौते पुत्र पारस सिंह व भरापूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनके निधन से मर्माहत सेवानिवृत शिक्षक रामाशिष सिंह, धीरज सिंह, अजय सिंह, संजय सिंह, सहायक अध्यापक शिक्षक संघर्ष मोर्चा के अनुमंडलीय अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, प्रखंड अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह व उनके दर्जनों सदस्य, अशोक कुमार सिंह, पवन कुमार सहित सैकड़ों प्रबुद्ध लोगों ने शव का अंतिम दर्शन कर शोकाकुल परिवारों को ढांढस बंधाया। उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार रविवार को वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर किया गया। मुखाग्नि एकलौते पुत्र पारस सिंह ने दी।

## अबुआ आवास योजना में गड़बड़ी, लाभुक ने बीएफटी पर पैसे उगाही का लगाया आरोप




**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार के द्वारा अबुआ आवास योजना की शुरुआत की गई, जिसके अंतर्गत राज्य के गरीब लोगों को तीन कमरों का पक्के का मकान बनाकर दी जाती है। इस योजना को झारखंड सरकार के द्वारा महत्वाकांक्षी योजना के रूप में देखी जाती है। लेकिन पलामू जिले में इस योजना को लेकर लाभुक से जियो टैग करने के नाम पर पैसा उगाही का आरोप लगाया गया है। दरअसल, पलामू जिले के चैनपुर प्रखंड के सेमरा पंचायत के टोला बलहिया निवासी रुक्मणि देवी पति लक्ष्मी यादव ने अबुआ आवास योजना में पैसा मांगने का आरोप लगाया हैं।लाभुक रुक्मणि देवी ने कहा कि सेमरा पंचायत के बिएफटी संजय रवि ने अबुआ आवास योजना में अबुआ आवास का पहला किस्त 30 हज़ार डलवाने में 10 हज़ार लिया और लाभुक का दूसरा किस्त का राशि 50 हज़ार आने पर बिएफटी ने दूसरी बार लाभुक से फिर से 10 हज़ार रुपए का मांग किया और यह कहते हुए मांग किया है कि पैसा बड़े उच्च अधिकारी को देना पड़ता है। बता दें कि वर्ष 2023 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस योजना की शुरुआत की थी। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जो लाभुक वंचित रह गए थे, वैसे लाभुकों को राज्य सरकार के अबुआ आवास योजना के तहत पक्का मकान देने की बात कही गई। लेकिन जिस तरह से चैनपुर प्रखंड में अबुआ आवास योजना में गड़बड़ी देखने को मिल रही है, ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि इस योजना को समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों तक पहुंचाने के लिए और भी पारदर्शिता से काम करने की आवश्यकता है।

# निर्माणाधीन पीसीसी पथ का मुखिया ने किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** बिश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत बाघमनवा पंचायत के चोरटिया गांव में निर्माणाधीन पीसीसी पथ का मुखिया मंजू देवी ने निरीक्षण किया.इस क्रम में पाया गया कि प्राक्कलन के अनुसार कार्य नहीं कराया जा रहा है.निर्माण कार्य में घटिया मेटल, छरी व सीमेंट का प्रयोग किया जा रहा है.जिसके बाद उन्होंने सड़क निर्माण के गुणवत्ता पर सवाल खड़ा किया. कहा कि ग्रामीणों से शिकायत मिलने का बाद जांच किया गया है. उन्होंने संवेदक को निर्माण कार्य की गुणवत्ता में सुधार लाने को कहा. मुखिया मंजू देवी ने कहा कि अगर प्राक्कलन के अनुसार कार्य नहीं कराया गया तो संबंधित विभाग को जांच व कार्रवाई हेतु लिखा जायेगा. जरूरत पड़ी तो ग्रामीणों के साथ मिलकर आंदोलन का रुख अख्तियार किया जायेगा. मौके पर समाजसेवी मनीष कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे.यहां बताते चलें कि ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा बिश्रामपुर से कौड़ियां तक तीन किमी सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है.एक करोड़ 37 लाख 56 हजार की लगत से बनने वाले इस सड़क का कार्य नंदनी कंस्ट्रक्शन को मिला है. आबादी वाले जगहों पर पीसीसी करना है. इसी के तहत गौरा घरटिया मोड़ से चोरटीया गांव तक पीसीसी पथ का निर्माण कार्य चल रहा है. जिसका मुखिया मंजू देवी ने रविवार को निरीक्षण किया।

# थाना प्रभारी ने किया फुटबॉल टूर्नामेंट मैच का शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** पलामू जिले के अति सुदूरवर्ती नौड़ीहा बाजार प्रखंड के सरईडीह के खेल की मैदान मे जय हिंद क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट मैच की आयोजन की गई है। मैच की उद्घाटन थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी व जीप सदस्य श्री सुदामा पासवान, पूर्व जिला परिषद सीता राम पासवान, पूर्व मुखिया विजय प्रसाद गुप्ता, बीस सूत्रीय अध्यक्ष उदय पासवान के अलावा लक्ष्मीपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। मैच के पहले दिन शो मैच बालिका टीम के द्वारा खेला गया।रांची बनाम जमशेदपुर के टीम के बीच खेला गया। रांची टीम के नेतृत्व थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी और जमशेदपुर की टीम के देखरेख जीप सदस्य सुदामा पासवान कर रहे थे। उक्त मौके पर मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने कहा कि ऐसी सुदूरवर्ती इलाके मे बालिका टीम के द्वारा मैच का प्रदर्शन करना जय हिंद क्लब के बहुत सहरानीय कार्य बताया और ग्रामीण इलाके इस तरह की खेल का आयोजन होना बहुत जरूरी है। समाचार लिखें जाने तक जमशेदपुर के एक गोल दाग कर बढ़त बना ली है। उक्त मौके पर विशुनपुर पंचायत के मुखिया जितेंद्र कुमार भारती, सरईडीह पंचयात के मुखिया प्रतिनिधि धनंजय प्रसाद , बीस सूत्रीय सदस्य नितीश कुमार, समाज सेवी अजय कुमार, शिक्षक कमलेश कुमार चंद्रवंशी के अलावा जय हिंद क्लब के अध्यक्ष सह करकट्टा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रामबली पासवान, उपाध्यक्ष धनंजय प्रसाद, सचिव पंकज कुमार के अलावा कोषाध्यक्ष बिनोद प्रसाद समेत काफी संख्या मे फुटबॉल खेल प्रेमियों खेल मैदान मे मौजूद थे।

## ई रिक्शा चालक संघ के अध्यक्ष बने ट्विंकल गुप्ता



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के बीएन कॉलेज फील्ड में रविवार की दोपहर सैकड़ो की संख्या में ई रिक्शा चालको ने बैठक किया। बैठक में एकजुट होकर सर्वसम्मति से सभी ई रिक्शा चालको ने मेयर प्रत्याशी ट्विंकल गुप्ता को ई रिक्शा ऑटो चालक संघ का अध्यक्ष चुना। वहीं मौके पर शहर थाना के प्रभार में प्रभारी सोनू चौधरी, ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद, टिओपी 3 प्रभारी भूपेंद्र सिंह, टाइगर मोबाइल के जवान परवेज खान, सरवन यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे।बैठक में उपस्थित ई-रिक्शा चालक संघ के अध्यक्ष ट्विंकल गुप्ता ने कहा कि सभी ई रिक्शा चालक अपने सवारी से अतिथि के जैसा व्यवहार करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा निर्धारित रूट पर चलने की कोशिश करें।ताकि शहर में जाम की समस्या उत्पन्न ना हो। वही बैठक में शामिल सैकड़ो टेंपो चालकों का कहना था कि निर्धारित रूट पर चलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। निर्धारित रूट पर चलने की वजह से हम अपने ई रिक्शा का किराया और इसका किस्त समय पर नहीं भर पा रहे है।वही परिवार को चलाना भी मुश्किल हो गया है।सभी ने निर्धारित रूट को छोड़कर पहले जैसे ई रिक्शा चलाते थे। वैसे ही चलाने का निर्णय लिया।वही मौके पर उपस्थित ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने सभी ई रिक्शा चालकों को निर्धारित रूट पर ई-रिक्शा चलाने का आग्रह किया। परंतु ई रिक्शा चालक ट्रैफिक प्रभारी के बातों को मानने को तैयार नहीं थे। जिस पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने कहा कि यदि आपलोग हमारे बात को नहीं मानते हैं तो आपलोग उच्च अधिकारी से इस संबंध में बात कर सकते हैं।

# नवनिर्वाचित विधायक का निकला विजय जुलूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हैदरनगर :** हुसैनाबाद के नवनिर्वाचित विधायक संजय कुमार सिंह यादव का विजय जुलूस रविवार को मोहम्मदगंज प्रखंड में उत्साह के साथ निकाला गया। जुलूस सबनवा, माली, लटपौरी, भजनिया, मोहम्मदगंज होते हुए कादलकुर्मी में संपन्न हुआ। मोहम्मदगंज के आंबेडकर चौक और जगदेव चौक पर विधायक ने बाबा साहब और शहीद जगदेव प्रसाद को नमन करते हुए माल्यार्पण किया। रास्ते में समर्थकों ने फूल-माला से उनका भव्य स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों की धुन और नारों के साथ माहौल पूरी तरह उत्सवी बना रहा। महिलाएं, बुजुर्ग और युवा बड़ी संख्या में शामिल होकर जुलूस का हिस्सा बने। इस मौके पर रिजवान खान, जावेद खान, प्रखंड अध्यक्ष पच्चू रजवार, मंटू सिंह, राकेश सिंह, सिद्धार्थ कुमार, गणेश मेहता, मनोज सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। विधायक श्री यादव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत जनता की है और वे हमेशा क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।

## विदाई समारोह का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल अस्पताल में कार्यरत नेत्र पदाधिकारी नागेश्वर प्रसाद सिंह के सेवानिवृत होने पर अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक कक्ष में बिदाई समारोह आयोजित किया गया। अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी सहित चिकित्सक और चिकित्साकर्मी ने सेवानिवृत श्री सिंह को माला पहनाकर और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी ने कहा कि नागेश्वर प्रसाद सिंह का अनुमंडल अस्पताल की सेवा हमेशा याद रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में कार्यरत सभी को एक दिन सेवानिवृत होना है, लेकिन नागेश्वर प्रसाद सिंह का कार्यकाल की कमी खलेगी। सेवानिवृत नागेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि आज जिस तरह अस्पताल में मुझे सम्मानित किया गया आजीवन याद रहेगा। उन्होंने कहा कि अनुमंडल अस्पताल में कार्य के दौरान सभी का सहयोग एक परिवार की तरह था जो हर समय याद दिलाएगा। मौके पर चिकित्सक डॉ गोकुल प्रसाद, डॉ कैसर आलम, प्रवीण कुमार, सहायक राजेश कुमार सिन्हा, अशफाक अहमद, अनुरंजन पांडेय, टीबी विभाग के सुनील ठाकुर, अनिमेष राज, सीएचओ सोनम कुमारी, चिकित्सा कर्मी ममता कुमारी, सबीना खातून, रेशम कुमारी, विजय पाठक, बबिता कुमारी, रेशम, सहित अन्य स्वास्थ कर्मी उपस्थित थे।

## प्रशांत सिंह सहित उनके चार दिवंगत साथियों की मनाई गई पुण्यतिथि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही के आवास में स्व प्रशांत सिंह सहित उनके चार साथियों की पाँचवी श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया। विधायक भानुप्रताप शाही के भांजे एवं उत्तर प्रदेश के नगवा ब्लॉक प्रमुख भाजपा नेता स्व प्रशांत सिंह सीमावर्ती सोनभद्र जिले के शक्ति नगर निवासी चैतन्य गिरी, बिहार के रोहतास जिले के तिलौथू थाना क्षेत्र के भीसड़ा गांव निवासी उमा सिंह भवनाथपुर थाना क्षेत्र के हरिहरपुर निवासी प्रशांत कुमार उर्फ टिंकू सिंह का टाउनशिप आवासीय परिसर में पांचवी पुण्यतिथि मनाई गई। मौके पर सभी पांचों दिवंगत आत्माओं के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सभा को संबोधित करते हुए एस टी मोर्चा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण राम ने कहा कि स्व. प्रशांत सिंह एक कुशल संगठनकर्ता, मृदुभाषी व हंसमुख स्वभाव के व्यक्ति थे.उनकी कमी हम सबो को हमेशा महसूस होता रहेगा। आज वे हमारे बीच नही हैं, लेकिन वे एक एक कार्यकर्ता के दिलो में बसते हैं, परंतु दुःख कितना भी बड़ा क्यों ना हो धैर्य और संतुलन रखिये समय आपको हारने नहीं देगा। वही सोना किशोर यादव ने कहा कि प्रशांत सिंह अपने सरल मृदुभाषी व्यवहार के कारण आज भी कार्यकर्ताओं के दिल दिमाग में बसे हुये हैं।

# रेलवे की समस्याओं को लेकर सांसद संजय सेठ से मिला पलामू के युवाओं की टीम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हैदरनगर :** पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू रेलमंडल के आवर्ती उपेक्षित बीडी रेलखंड पर यातायात सुविधा बढ़ाने को लेकर झारखंड रेल उपयोगकर्ता संगठन के युवाओं की टीम रविवार को रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ से मिलकर मांग पत्र सौंपा है। जिसमें आजादी से अब तक इस रेलखंड को उपेक्षित रखकर देश के महानगरों समेत कई राज्यों के राजधानी तक सीधी रेल सुविधा नहीं मिलने का दर्द को बयां किया है। इस टीम में शामिल संगठन के अध्यक्ष कुमार अभिषेक, सदस्य ऋतिक, धर्मराज, अंकू सिंह राणा, सत्यम सहित दर्जनों युवाओं ने उन्हें बताया कि रांची से देहरादून और रांची से इंदौर नई सुपरफास्ट ट्रेन का परिचालन करने का आग्रह किया है। उन्होंने इन ट्रेनों को उपेक्षित मार्ग पर नई ट्रेनों के संबध में विधिवत स्टॉपेज व समय सारणी की तैयार प्रति भी उन्हें उपलबध कराते हुए कहा है कि वाया मेदिनीनगर, गढ़वा रोड, मोहम्मदगंज, हैदरनगर, जपला, डेहरी ऑन सोन होते धार्मिक स्थल हरिद्वार व देहरादून तक कोई भी सीधी रेल सेवा नहीं है। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु यात्रा करते हैं। साथ ही देहरादून, मसूरी जैसे पर्यटक स्थल उत्तराखंड के अन्य प्रमुख स्थानों के साथ सैलानियों के लिए आकर्षण का केन्द्र तक यहां के यात्रियों का आवागमन दुर्लभ बना है। इसके अलावे रांची सहित इस रेलखंड के कई स्टेशनों से संबधित छात्र - छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए देहरादून नियमित आना जाना होता है। जबकि ट्रेन नंबर 18631 / 18632 रांची - चोपन इंटरसिटी एक्सप्रेस के समय में बदलाव कर चोपन से सुबह 4. 10 और रांची से दोपहर 13. 45 बजे कराने पर चर्च की गई है। इस ट्रेन को दैनिक सेवा में बदलने से सोनभद्र, गढ़वा, मेदिनीनगर, लातेहार, लोहरदगा और रांची स्थानों पर बेहतर रेल संपर्क स्थापित हो सकेगा। साथ ही गढ़वा से रांची वाया टोरी - खलारी व बरवाडीह से डेहरी ऑन सोन तक नई मेमू ट्रेन का परिचालन शुरु कराने, बाईपास रेलवे लाइन बनने से मैक्लुस्कीगंज, खलारी, राय, टोरी - बरकाकाना क्षेत्र के टापू बने स्टेशनों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करने की मांग की गई है। उन्होंने तीन वर्ष से हैदरनगर में अधर में लटकी आरओबी निर्माण के प्रति भी सांसद को ध्यानाकृष्ट कराया है।

# ओबीसी समाज को अधिकार दिलाना ही लक्ष्य है, संघर्ष जारी रहेगा : ब्रह्मदेव प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर कार्यालय में ओबीसी एकता अधिकार मंच की समीक्षा बैठक रविवार को हुई.जिसमें चुनाव परिणाम पर चर्चा हुई. इसके अलावा आगे की रणनीति का रूपरेखा भी तैयार किया गया.बैठक के मुख्य अतिथि मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि ओबीसी समाज को लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अभी लंबा सफर तय करना होगा. हमारा उद्देश्य सिर्फ चुनाव लड़ने और जितने तक ही सीमित नहीं है.बल्कि समाज के दबे-कुचले वर्गों को उनका अधिकार दिलाना है. जिसके लिए मंच का संघर्ष जारी रहेगा. उन्होंने पूरे प्रदेश में ओबीसी समुदाय के लिए किए गए प्रयासों को रेखांकित करते हुए कहा कि हमारे आंदोलन का विरोध किसी भी राजनीतिक पार्टी ने नहीं किया, लेकिन समर्थन भी नहीं दिया. बी.डी.प्रसाद मंच के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को साथ लेकर झारखंड में ओबीसी समाज की लड़ाई लड़ता रहा है और आगे भी लड़ेगा.श्री प्रसाद ने संगठन के कार्यकर्ताओं को अपना परिवार का हिस्सा बताते हुए कहा कि वे संगठन के रीढ़ की हड्डी हैं.आप लोग गांव गांव जाकर मंच के नीति सिद्धांतों को बताएं. मौके पर गोकुल बसंत, शत्रुघ्न कुमार शत्रु, गिरनानंद विश्वकर्मा, अविनाश कुमार, अजय राम, अरुण गुप्ता, सुरेंद्र भारती, आनंद विश्वकर्मा, लक्ष्मी साव, चंदन चंद्रवंशी, बालमुकुंद राम, रेखा देवी, चंदन कुमार, दीपक यादव, संजीत कुमार, हीरा प्रसाद, अखिलेश राम, राधेश्याम प्रसाद, सुनील यादव, धर्मेंद्र कुमार, श्याम लाल राम, विजय कमलापुरी, राज कुमार गुप्ता, प्रदीप प्रसाद, दिलीप कुमार पासवान, बसंत राम चंद्रवंशी, दिलीप पाल, रमेश विश्वकर्मा, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, अखिलेश रजवार, उपेंद्र पाल, मनोज यादव सहित कई लोग मौजूद थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

**संक्षिप्त खबरें**

## अपराधियों ने ओरमांझी में की फायरिंग और आगजनी

**रांची :** ओरमांझी थाना क्षेत्र के हुटपा गांव में अपराधी गिरोह ने फायरिंग और आगजनी की घटना को अंजाम दिया है। अपराधियों ने भारत पेट्रोलियम की ट्रक में आगजनी की। इस घटना के बाद से इलाके में सनसनी का माहौल बना हुआ है। सूचना मिलने के बाद डीएसपी अनुज उरांव, ओरमांझी थाना प्रभारी समेत पुलिस बल मौके पर पहुंच का जांच कर रही है।

## शिकायतों के समाधान के लिए रांची डीसी ने व्हाट्सएप नंबर किया जारी

**रांची :** डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने आम जनता की शिकायतों के समाधान के लिए एक नई पहल की है। अब रांचीवासी अपनी परेशानियों और शिकायतों को समाहरणालय पहुंचकर अधिकारियों के पास चक्कर काटने के बजाय सीधे एक व्हाट्सएप नंबर पर दर्ज करा सकेंगे। रांची के डीसी के निर्देश पर जिला प्रशासन ने एक व्हाट्सएप नंबर 9430328080 जारी किया है, जो 2 दिसंबर से सक्रिय हो जाएगा. इस नंबर पर रांची की जनता चौबीस घंटे अपनी शिकायतें दर्ज कर सकेंगे। जिला प्रशासन के अनुसार, संबंधित विभागों को इस नंबर के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है, ताकि समस्याओं का शीघ्र समाधान हो सके।



# चिन्मय कृष्ण दास की अविलंब रिहाई व हिंदुओं के उत्पीड़न पर विराम लगाये विश्व समुदाय : विहिप




**प्रभत मंत्र संवाददाता**

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद झारखण्ड प्रांत द्वारा रांची के रेलवे स्टेशन, बगलामुखी हनुमान मंदिर में विरोध प्रदर्शन किया गया। विहिप झारखण्ड प्रांत के मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने बांग्लादेश प्रशासन द्वारा वहां के इस्कॉन मंदिर के मुख्य पुजारी की गिरफ्तारी पर चिंता व्यक्त करते हुए उसे वहाँ के प्रशासन की कायरता पूर्ण और अलोकतांत्रिक घटना बताया है। बजरंग दल प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो ने कहा कि बंगला देश तत्कालीन सरकार के इस कायरता पूर्ण और अलोकतांत्रिक घटना का पुरजोर विरोध करती है। इस्कॉन संस्थान तथा हिंदू समाज के संगठनों ने अभी तक अपने बांगला देशी हिन्दु उत्पीडन के विरोध में जितनी भी कार्यवाहियां की हैं, सभी लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन किया है। किसी भी प्रकार की हिंसा का उन्होंने प्रतिहिंसा के रूप में अभी तक कोई उत्तर नहीं दिया है। इस प्रकार के पूर्ण शांतिप्रिय और लोकतांत्रिक रूप से अपनी बात रखने वाले समाज के किसी नेतृत्त्व को, जो एक वर्ग का भी नेतृत्व करते हैं, इस प्रकार से अलोकतांत्रिक तरीके से गिरफ्तार करना, उनको बंद करना उनकी आवाज को दबाने की कुचेष्टा करना अलोकतांत्रिक है, अमानवीय है और हिंदू समाज के मानवाधिकारों का हनन भी है। विहिप के प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने कहा कि हम प्रारंभ से ही मांग कर रहे हैं कि बांग्लादेश में जो घटनाक्रम चल रहा है उसमें वामपंथी, इस्तामिक तत्वों के साथ मिलकर वहां के हिंदू समाज का दमन कर रहे हैं। दुर्भाग्य की बात है कि पूरे विश्व समुदाय ने, वैश्विक संगठनों ने इस घटनाक्रम पर जितनी चिंता व्यक्त करनी चाहिए थी जैसी रोक लगानी चाहिए थी. ऐसी रोक नहीं लगाई है। विश्व हिंदू परिषद पूरे विश्व समुदाय से यह अपेक्षा करती है कि वहां पर हो रहे घटनाक्रम को ध्यान से देखे, उसकी गंभीरता को समझे और बांग्लादेश के प्रशासन पर दबाव बनाए कि हिंदुओं के मानवाधिकारों की रक्षा की जाए, सुरक्षा की जाए। विहिप प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह ने कहा कि भारत सरकार का प्रति-उत्तर इस विषय में बहुत ही सावधानी पूर्वक और न्यूनतम रहा है। यह सही है कि एक संप्रभु देश की स्वायत्तता को किसी भी प्रकार से चुनौती देना दूसरे देश की सरकार के लिए ठीक नहीं है परंतु, एक बड़े हिंदू समुदाय का इस प्रकार का उत्पीड़न पूरा विश्व, सारे पड़ोसी देश, भारत सरकार सिर्फ देखते रहे और कुछ भी कार्यवाही नहीं करें यह भी एक सीमा तक तो स्वीकार्य है लेकिन लंबे समय तक यह भी स्वीकार नहीं किया जा सकता।

विश्व हिंदू परिषद का मानना है कि विश्व समुदाप इन सब घटनाओं को उनके संज्ञान में ले, बांग्लादेश के प्रशासन पर दबाव बनाए कि हिंदुओं के उत्पीड़न को रोके। हम तुरंत प्रभाव से इस्कॉन के मुख्य पुजारी चिन्मय कृष्ण दास प्रभु की रिहाई की मांग करते हैं।

# संत जेवियर्स कॉलेज में मनाया गया विश्व एड्स दिवस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर संत जेवियर्स कॉलेज रांची में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक अबू इमरान शामिल हुएद्य कार्यक्रम में रेड रिबन क्लब के सदस्य , संत जेवियर कॉलेज के छात्र छात्राओं एवं ह्रस्र के सदस्यों के द्वारा स्वागत गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए गए साथ ही ढ्ढष्ठ्र से बचाव को लेकर जागरूकता फैलाने हेतु नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया द्य छात्र-छात्राओं के बीच क्विज कंपटीशन, पेंटिंग कंपटीशन इत्यादि का भी आयोजन किया गयाद्य कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए असिस्टेंट प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ एस एस पासवान ने बताया कि 2002 में राज्य में ढ्ढष्ठ्र कार्यक्रम की शुरुआत हुई है। वर्तमान में राज्य में 59 आईटीसी सेंटर कार्यरत है जिसमें हाई रिस्क ग्रुप के मरीजों का टेस्ट किया जाता है साथ ही जो मरीज पॉजिटिव पाए जाते हैं फिर उन्हें ्रक्रञ्ज सेंटर में भेजा जाता है जहां उनका मुफ्त इलाज किया जाता है एवं एक बेहतर जीवन देने की कोशिश की जाती है। राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड लो प्रीवैलेंस रेट के अंतर्गत आता है जबकि झारखंड में हजारीबाग जिला हाई प्रीवैलेंस रेट के अंतर्गत आता है जहां विभिन्न एनजीओ एवं कैंप इत्यादि के माध्यम से हाई रिस्क ग्रुप के लोगों का पहचान कर जागरूक किया जाता है और टेस्टिंग की जाती हैद्य अभियान निदेशक आबू इमरान ने बताया कि एड्स एक संक्रामक एवं जानलेवा बीमारी है जिसका सही समय पर संपूर्ण जानकारी से ही बचाव एवं रोकथाम संभव है। वर्तमान में झारखंड में करीब 17000 ढ्ढष्ठ्र के मरीज हैं। सरकार ने एचआईवी से पीड़ित मरीजों के लिए कई योजना शुरू की है और समय समय पर हाई रिस्क ग्रुप को पहचान कर उन्हें कंबल बांटा जाता है एवं अन्य लाभ भी पहुंचाया जाता है इसकी रोकथाम के लिए धार्मिक स्थान, बाजार , जेल इत्यादि स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता हैद्य साथ ही युवाओं को जागरुक एवं सावधान रहने की जरूरत है द्य जिन चीजों से एड्स का वायरस फैलता है उनसे बचने की जरूरत हैद्य अनसेफ सेक्स प्रेक्टिस को रोकने की आवश्यकता है जो कि इसका एक प्रमुख कारण है द्य एड्स संक्रमित जो भी मरीज है उनसे लोगों को भेदभाव नहीं करना चाहिए साथ ही सहानुभूति रखनी चाहिए एवं अच्छा व्यवहार करना चाहिए द्य कार्यक्रम में सिविल सर्जन रांची डॉक्टर प्रभात कुमार, असिस्टेंट प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ एस एस पासवान ,राज्य कार्यक्रम प्रबंधक अणिमा किस्कू ,सत्यप्रकाश प्रसाद , रवि शंकर एवं अन्य लोग शामिल हुए।

# संजय सेठ ने सांसद मद से यादव भवन का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सांसद मद से रविवार को यादव भवन का उद्घाटन किया। यादव भवन 2400 स्क्वायर फीट में बनाया गया है। सांसद ने कहा, किसी भी समाज का अपना भवन होना अनिवार्य है। इस भवन के निर्माण से समाज के गरीब बच्चों की शादी एवं अन्य कार्यक्रम के लिए यह सदुपयोग में काम आएगा। समाज को आगे बढ़कर इस तरह के कार्य करने चाहिए, जिससे समाज के लोगों को फायदा हो। समाज के हर वर्ग का कार्य मेरी प्राथमिकता में है। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष इंद्रजीत यादव निवर्तमान पार्षद विनोद सिंह, अरुण झा, राम आशीष यादव, बनारस यादव, रमेश यादव, सुमन सिंह, रामचंद्र जायसवाल सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# अंजुमन फ़रोग़-ए-उर्दू झारखंड का वार्षिक राष्ट्रीय सेमिनार संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अंजुमन फ़रोग़ - ए-उर्दू झारखंड वार्षिक राष्ट्रीय सेमिनार होटल सरताज में हुआ । इसका विषय अहमद सज्जाद व्यक्तित्व एवं कला है। अहमद सज्जाद की गिनती झारखंड के उन चुनिंदा लेखकों में होती है, जिन्होंने उर्दू भाषा और साहित्य में इस प्रांत का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाया है। अंजुमन फ़ोरोग-ए- उर्दू पिछले कई वर्षों से हर साल एक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन करती है, जिसमें देश भर से बड़ी संख्या में उर्दू विद्वान रांची में जुटते हैं और भाषा और साहित्य की खेती के लिए एक योजना तैयार करते हैं। इस साल का



सेमिनार इसलिए भी अहम है क्योंकि इसमें देश के अलग-अलग प्रांतों से उर्दू के बड़े नामों के शामिल होने की उम्मीद है। सेमिनार में दो महत्वपूर्ण पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। इनमें से एक डॉ. मकबूल मंज़र की किताब पलामू में उर्दू प्रसारण के संदर्भ में है, और दूसरा रजनेश मिश्रा द्वारा है।फ़रुख्ख़ाबादी मशाहिर द्वारा संकलित पुस्तक साहित्य की नज़र में।

# डॉ. राजेंद्र प्रसाद के बताये मार्ग पर चलकर ही मिलेगी आर्थिक-सामाजिक संपन्नता : डॉ. प्रणव कुमार बब्बू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अधिवक्ता, भाजपा नेता और सामाजिक- वैचारिक संगठन रांची रिवोल्ट जनमंच के संयोजक डॉ. प्रणव कुमार बब्बू ने कहा है कि स्वतंत्रता सेनानी एवं प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद के बताये मार्ग पर चलकर ही देश में सभी के लिये उस सामाजिक आर्थिक संपन्नता के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है जो स्वतंत्रता संग्राम के दौरान न सिर्फ सभी का सपना बल्कि सबसे प्राथमिक उद्देश्य भी था। डॉ. बब्बू ने कहा कि अगले 3 दिसम्बर को देशरत्न की जयंती है और इस अवसर पर सिर्फ कहने के लिये नहीं बल्कि सभी लोगों को अपने जीवन में व्यावहारिक रूप में डॉ. राजेंद्र प्रसाद के विचारों को उतारने की जरूरत है। डॉ. बब्बू ने झारखण्ड सरकार विशेषकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और रांची जिला प्रशासन से मांग की कि राजधानी के राजेंद्र चौक पर स्थापित देशरत्न की प्रतिमा को राजधानी के किसी अन्य सुयोग्य एवं सुव्यवस्थित स्थल पर स्थानांतरित एवं स्थापित किया जाये।

उन्होंने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा के ऊपर से गुजर रहे फ्लाईओवर के कारण वहाँ उक्त प्रतिमा का इतने लंबे समय से स्थापित रहना ही अफसोस की बात है।

# श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा महाप्रसाद का किया गया वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे द्वारा पुंदाग स्थित निर्माणाधीन मंगल राधिका सदानंद श्री कृष्ण प्रणामी सद्गुरु कृपा अपनाघर आश्रम के प्रांगण मे स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में प्रत्येक रविवार को होने वाला 178 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण भंडारा में 1400 श्रद्धालुओ ने सत्संग भजन एव भक्तिभाव के साथ प्राप्त किया उसके बाद कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

परमहंस संत शिरोमणि डॉक्टर श्री श्री 108 श्री सदानन्द जी महाराज के आशीर्वाद से एम.आर.एस श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान एवम कार्यक्रम संयोजक विशाल जालान के नेतृत्व में समृतिशेष सत्यनारायण जी पोद्दार सुपौत्र समृतिशेष प्रेम कुमार जी पोद्दार-श्री मती पुष्पा देवी जी पोद्दार के सुपुत्र-पुत्रवधू,सुपौत्र पंकज कुमार पोद्दार उनकी धर्म पत्नी रामा पोद्दार एवं सुपौत्र ऋषभ पोद्दार सुश्री नेहा अग्रवाल के संग 178वें निःशुल्क अन्नापूर्णा भंडारे का भोग मंदिर मे लगे भगवान की तस्वीर एव मुर्ति के रुप मे विराजमान राज श्यामा महारानी को भंडारे का भोग अर्पित कर आरती की आरती करने के समय पुरा मंदिर परिसर प्राणनाथ प्यारे की जय राज श्यामा महाराज की जय गुरु जी सदानंद जी महाराज के जय जयकारो से गुंजमान हो रहा था।

संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी,कार्यक्रम संयोजक विशाल जालान, नन्द किशोर चौधरी, ओम प्रकाश सरावगी,विष्णु सोनी, सुरेश चौधरी, सुरेश भगत, पुर्णमल सर्राफ,सुरेश अग्रवाल,सज्जन पाडिया, चिरंजीलाल खण्डेलवाल, अंजनी अग्रवाल, महिला समिति की वरिष्ठ सदस्या विधा देवी अग्रवाल, शोभा जालान,रचिता चौधरी कविता चौधरी,सुनिता अग्रवाल, कविता चौधरी, सरिता अग्रवाल सहित 50 से ज्यादा सम सेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पुस्तक भेंट कर दिया प्रचंड जीत की बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के 14 वें मुख्यमंत्री के तौर पर चौथी बार मुख्यमंत्री पद का शपथ लेने वाले और लगातार दूसरी बार झारखंड में प्रचंड जीत के साथ सरकार बनाने वाले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर पुस्तक भेंट कर उन्हें बधाई दी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड में फिल्म निर्माण की संभावनाएं एवं चुनौतियॉ पुस्तक को देखा और पुस्तक भेंट करने वाले का आभार व्यक्त किया और कहा कि बहुत अच्छी पुस्तक है । झारखंड के स्थानीय कलाकारों के संघर्ष पर आधारित है। इस पुस्तक को बहुत अच्छे तरीके से लिखा गया है। मुख्यमंत्री ने सभी आगंतुकों से अपील की है कि जो भी यहां मिलने आ रहे हैं वे फूलों का बूके नहीं बल्कि बुक लेकर आये। वहीं पुस्तक भेंट करने वालों में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता जितेंद्र गुप्ता , अकबर कुरेशी, अजीत नायक, शंकर लिंडा, जयकुमार शामिल थे। मुख्यमंत्री ने इन सभी से कुछ बिंदुओं पर बात चीत की।

## विधानसभा के माणिक लाल हेम्ब्रम बने संयुक्त सचिव



**रांची।** झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव के रूप में माणिक लाल हेम्ब्रम, संयुक्त सचिव ने पदभार ग्रहण किया। कार्यालय में उन्हें शुभकामना देते हुए।

# जनता में भाजपा की लोकप्रियता बढ़ी है : डॉक्टर लक्ष्मीकांत वाजपेई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई और कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने 1 दिसंबर को प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा कि बैठक में जो निष्कर्ष निकला है, वह भारतीय जनता पार्टी के लिए भविष्य में मिल का पत्थर साबित होगा। यह सच है कि हम चुनाव हारे हैं, लेकिन चुनाव में अंकगणित काम देता है। हमने वोट बढ़ाए हैं। प्रतिशत बढ़ाया है। जनता में भाजपा की स्वीकार्यता बढ़ी है, लेकिन अंकगणित में बीजेपी पीछे रह गई। इससे सीख लेकर इस हार से एक मजबूत संगठन बनाने का संकल्प लिया गया है। अंगद की तरफ पैर जमाकर समाज जीवन में अपने दायित्व का निर्वहन करने के लिए काम करेंगे। सदस्यता अभियान के माध्यम से एक बार हम सर्वाग्रहि कार्यकर्ता को संरक्षण देने वाला संगठन का निर्माण करेंगे। फरवरी तक नये प्रदेश अध्यक्ष का निर्वाचन हो जाएगा। सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएंगे। सरकार अच्छे काम करती है तो ठीक है, जन विरोधी काम करने पर भाजपा




सड़क पर भी जाने में कोई संकोच नहीं करेगी। जनता के साथ कोई घटना होगी तो निश्चित तौर पर इसके लिए संघर्ष करेंगे। पार्टी के कार्यकर्ता के साथ कोई छेड़छाड़ करने की कोशिश की तो हर परिस्थिति में संरक्षण देंगे। संगठन के माध्यम से ताकत का सृजन करेंगे। ताकत का सृजन कर आगे बढ़ेंगे। सांसद पुंडेश्वरी जी झारखंड में सदस्यता अभियान की देखरेख करने के लिए नियुक्त हुई है।

इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा पार्टी ने दो दिनों तक पांच सत्रों में बैठक की। इस दौरान चुनाव के संचालन से लेकर उसके प्रबंधन और परिणाम तक की विस्तृत चर्चा की गई। दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी होने के नाते भाजपा ने अपनी निरंतरता, कार्यकर्ता और चुनाव में लगे लोगों के बीच में हमारे वैचारिक प्रवाह के अंतर्गत राजनीति उद्देश्य, राष्ट्रहित और लोकतंत्र के हित में काम करने के मिशन के तहत इस चुनाव को लिया है। राजनीति में चुनाव महत्वपूर्ण पहलू है। इसका परिणाम सफलता और असफलता सामान्य नजरों में देखी जाती है। भाजपा इसे थोड़ा और गहराई जाकर इस रूप में लेती है कि हमको समाज ने किस रूप में जिम्मेदारी दी है और किस रूप में कितना स्वीकार किया है। झारखंड की जनता में भारतीय जनता पार्टी की विश्वसनीयता में कोई कमी नहीं आई है। पहले से पार्टी को 9 लाख अधिक वोट मिले हैं। लोगों के बीच में भारतीय जनता पार्टी के मुद्दे और विषय को स्वीकृति भी मिली लेकिन वोटो के ध्रुवीकरण के कारण इसमें सांप्रदायिकता का भाव और जातीयता का उभार पैदा किया गया कुछ समूहवाद को और झारखंड को विभाजित करने का काम किया गया। इसकी वजह से जो परिणाम की उम्मीद की थी, वह नहीं आई। हालांकि इसमें भाजपा के संगठन और उम्मीदवार के स्तर पर कमी और आरोप प्रत्यारोप की बात कहीं से नहीं आई। हर व्यक्ति ने स्वीकार किया कि समाज में हमारी बातों को सुना और सराहा गया।

**डॉ राय ने कहा :** डॉ राय ने कहा कि चुनाव के दौरान संचालन, प्रबंधन और उम्मीदवारों के जनसंपर्क अभियान में कोई कमी नहीं हुई। मुद्दों को जनता तक ले जाने में थोड़ी कमी रह गई, जिसके कारण विरोधी सफल रहे। लेकिन भारतीय जनता पार्टी झारखंड को अपने राजनीतिक का बड़ा प्रयोग भूमि मानती है और एक व्यापक दृष्टिकोण लेकर आगे भी काम करती रहेगी। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व राज्यसभा के मुख्य सचेतक डॉक्टर लक्ष्मीकांत वाजपेई और प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक भी मौजूद थे।

# संयम और समझदारी से एड्स को नियंत्रित किया जा सकता है : कुलपति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में रविवार को विश्व एड्स दिवस पर भूगर्भ शास्त्र विभाग के सभागार में संगोष्ठी, भाषण प्रतियोगिता, शपथ और जागरुकता रैली का आयोजन कार्यक्रम एनएसएस समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार के अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा मूल्यांकन की तैयारी में अति व्यस्त होने के कारण कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके लेकिन अपना लिखित संदेश भेजवाया, जिसे डॉ ब्रजेश कुमार ने पड़ा। अपने संदेश में कुलपति अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि पूरा




विश्व आज एड्स के विरुद्ध जागरुकता अभियान चला रहा है एवं इसे कैसे रोका जाय इसपर चिंतन मंथन हो रहा है। उन्होंने कहा कि संयम और समझदारी से एड्स को रोका जा सकता है। सभी को सामुहिक प्रयास कर इसके विरुद्ध सघन जागरुकता अभियान चलाना होगा। मौके पर विशिष्ठ अतिथि आरएलएसवाई महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विष्णु चरण महतो ने कहा कि एचआईवी के विरुद्ध जागरुकता अभियान युवा चलाएं एवं स्वयं को इस लाइलाज बीमारी से बचते हुए दूसरों को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि जागरुकता ही एड्स जैसे घातक बीमारी से बचाव है। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अतुल कुमार, द्वितीय स्थान पर कोयल एवं तृतीय स्थान पर क्षणिका रानी रही।

# कीटनाशक दवाओं से उत्पादित खाद्य पदार्थों से बनाये दूरी : डॉ.मीनाक्षी सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आर्गेनिक उत्पादों की मांग दिन-ब-दिन बढ़ रही है, क्योंकि लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग और पर्यावरण के प्रति अधिक जागरूक हो रहे हैं। उक्त बातें शहर की जानी-मानी दंत रोग विशेषज्ञ व प्रख्यात पर्यावरणविद् डॉ.मीनाक्षी सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि तेजी से बदलती जीवनशैली, अनियमित खान-पान व असंतुलित आहार के सेवन से लोग अनेक प्रकार की बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। रासायनिक खाद और कीटनाशक दवाओं से उत्पादित अनाज, फल व सब्जियों का सेवन जानलेवा साबित हो रहा है। ऐसे में ऑर्गेनिक खाद्य पदार्थों का नियमित रूप से सेवन सेहत के लिए जरूरी है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक व जैविक तरीके से बिना रासायनिक खाद व कीटनाशक दवाओं के प्रयोग के उपजाए गए उत्पाद (अनाज, फल व सब्जियां आदि) स्वादिष्ट व पौष्टिकता भरे होते हैं। आर्गेनिक उत्पादों का उत्पादन पर्यावरण के अनुकूल होता है। जैविक उत्पाद स्वादिष्ट और गुणवत्तायुक्त होते हैं। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज जैसे कि रागी, बाजरा, ज्वार, मड़वा आदि स्वास्थ्य के लिए काफी लाभकारी होते हैं। मिलेट्स में फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जो पाचन-क्रिया दुरुस्त रखती है।

## सरकार नई शर्तें लागू करके महिलाओं को ठगने का प्रयास कर रही है : मनोज गोस्वामी

**फतेहपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड मे मंइयां सम्मान योजना को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। भाजपा युवा नेता मनोज गोस्वामी ने आरोप लगाया है कि सरकार नई शर्तें लागू करके महिलाओं को ठगने का प्रयास कर रही है।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शपथ ग्रहण के साथ ही मंइयां सम्मान योजना के तहत सभी महिलाओं को दिसंबर माह से 2500 रुपये खाते में आने की घोषणा की थी। लेकिन अब सरकार ने इसके लिए अलग ही नियमावली की घोषणा की है, जिसमें यह कहा गया है कि केवल झारखण्ड राज्य की निवासी होना होगा एससी, एसटी, ओबीसी और गरीब महिलाएं ही इस योजना का लाभ उठा सकती हैं।इसके अलावा, हरा, पीला, लाल, नारंगी या गुलाबी कार्डधारी होना अनिवार्य है। भाजपा युवा नेता मनोज गोस्वामी ने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन यह नई शर्तें महिलाओं को ठगने का प्रयास है। आगे भाजपा युवा नेता मनोज गोस्वामीकहा है कि सरकार ने पहले भी 2019 के चुनाव में युवाओं को नौकरी और भत्ता देने के नाम पर ठगा था।अब मंइयां सम्मान योजना नाम पर ठगने जा रहे है ये सरकार बिलकुल झूठा सरकार है

## राय अंबेडकर मैदान में 21 दिसंबर से फुटबॉल टूर्नामेंट का होगा आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोलांचल क्षेत्र के राय अंबेडकर मैदान में आगामी 21 दिसंबर से फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा।फुटबॉल टूर्नामेंट कराने को लेकर के एक आवश्यक बैठक की गई।बैठक की अध्यक्षता नरेश महतो एंव संचालन रामकुमार भुईया ने किया।बैठक मे सर्वसम्मति से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी राय अंबेडकर मैदान में 21 दिसंबर से 25 दिसंबर तक पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।जिसमें प्रथम पुरस्कार 60 हजार 100,द्वितीय पुरस्कार 35 हजार 100,तृतीय और चतुर्थ पुरस्कार 7000 रखा गया है।टूर्नामेंट में कुल 16 टीम में भाग लेगी।इसके लिए इंट्री फीस 3500 रखा गया है।टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए समिति का गठन किया गया,जिसमे अध्यक्ष प्रदीप उरांव, उपाध्यक्ष संतोष महतो, सचिव कालेश्वर महतो,उप सचिव सोनू कुमार महतो, कोषाध्यक्ष रूपेश कुमार महतो,कोषाध्यक्ष श्रवण कुमार,संरक्षक लालेश्वर महतो,नागेश्वर महतो, एतवारा महतो,विजय पाहन, इंटेक्स मद्रासी,दीपक कुमार महतो,राजा खान,राजू खान, शंकर सिंह,उदय सिंह,तुलसी भुईयां,दीनेश महतो, रामकुमार भुईयां,नरेश महतो,मनोज महतो,दुर्गा महतो,फुलेश्वर महतो,सोखी महतो,धर्मनाथ महतो, सुखनाथ महतो,दिलीप महतो,तारकेश्वर महतो,राम अवतार राम,भुवनेश्वर महतो, बालेश्वर महतो,चरखा महतो को बनाया गया।बैठक में दीपक महतो,जलेश्वर महतो, बबलू महतो,प्रदीप उरांव, नरेश महतो,अमन मुंडा, सुजीत सनी,हरीश महतो, विजय लोहार सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## पिपरवार के अमृत वन मियावाकी एरिया मे सीआईएसएफ ने किया वृक्षारोपण

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार एरिया के कायाकल्प वाटिका के समीप अशोका आउट पोस्ट के मियावाकी एरिया अमृत वन मे सीआईएसएफ के द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा की शुरूआत की गई।इस मौके पर सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेड संदीप कुमार एस बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।कार्यक्रम मे सबसे पूर्व कमांडेड संदीप कुमार एस ने उपस्थित अधिकारियों और जवानों को स्वच्छता की शपथ दिलाया।जिसके बाद कमांडेड ने पौधा लगाकर वृक्षारोपण की शुरुआत की, इसके बाद उपस्थित अधिकारियों एवं जवानों ने बारी-बारी से वृक्षारोपण किया।इस दौरान कुल 80 बल सदस्यो ने करीब 100 पौधा लगाया,साथ ही इसकी देख भाल करने का संकल्प लिया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमांडेंड संदीप कुमार इस ने कहा कि एक दिसंबर से 15 दिसंबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है,जिसके तहत सीआईएसएफ के द्वारा भी कई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।उन्होंने कहा कि स्वछता हमारे जीवन के लिए काफी जरूरी है।बेहतर और स्वस्थ्य शरीर के लिए स्वच्छता को अपनाने की जरूरत है।स्वच्छता के लिए पर्यावरण को बचाने की भी जरूरत है,जिसके लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पर्यावरण को बचाने की जरूरत है,साथ ही पेड़ लगाकर इसकी देखभाल का संकल्प लेने की जरूरत है। उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाकर इसकी देखभाल करने की अपील की।साथ ही क्षेत्र के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया।इस मौके पर वरिष्ठ कमांडेंड संदीप कुमार एस,निरीक्षक धनजय कुमार पांडेय,नागेंद्र कुमार,वीके संगा,संतोष बिन्हा, सीआईएसएफ विजिलेंस उप निरीक्षक धर्मराज सिंह, आरक्षक वीके द्विवेदी, अजीम अंसारी सहित सीआईएसएफ के अन्य अधिकारी और बल सदस्य मौजूद थे।

## मजदूर नेता ने किया आर्थिक मदद

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी के बरटोला निवासी स्व अंजली देवी के परिजन को मजदूर नेता अब्दुल्लाह अंसारी ने आर्थिक मदद किया। हाल ही में अंजली देवी की बीमारी के कारण देहांत हो गयी थी। रविवार को जानकारी मिलने पर मजदूर नेता अब्दुल्लाह अंसारी स्व अंजली देवी के घर गए। वहां परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त करते हुए परिवालों को ढांढस बढ़ाया। साथ ही उन्होंने खाद सामग्री और आर्थिक सहयोग किया। अंसारी ने आगे भी हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

## मुआवजा और नौकरी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने रेल लाइन बंद करने की दी चेतावनी

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी के हैसालोंग गंझू टोला प्राइमरी स्कूल परिसर में ग्रामीणों की बैठक हुई। अध्यक्षता रैयत विस्थापित मोर्चा के रोहिणी करकट्टा ओसीपी शाखा अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा ने की। बैठक में मैकलुस्कीगंज पिपरवार रेल लाइन निर्माण में अधिग्रहीत जमीन के बदले रैयतों को मुआवजा और नौकरी मिलने में हो रही देरी को लेकर चर्चा की गई। ग्रामीणों ने बताया कि पिपरवार राजधर साइडिंग के मैकलुस्कीगंज पिपरवार रेल लाइन के रैयतो को पिछले 33 वर्षों से न तो मुआवजा मिला है और न ही नौकरी। बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि इस समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो मैकलुस्कीगंज पिपरवार रेल लाइन फेज वन में अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया जाएगा। सीसीएल को 15 दिनों का समय दिया गया है। बताया गया कि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो मैकलुस्कीगंज पिपरवार रेल लाइन बाधित किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी सीसीएल एवं अंचल की होगी। बैठक की संचालन सुकरा गंझु ने किया।

# विस्थापित रैयत जाहिद अली ने राजधर साईडिंग का काम-काज पांच घंटे रखा बन्द



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के राजधर रेलवे साईडिंग से विस्थापित हुए रैयत जाहिद अली ने अपने मांगो के समर्थन मे रविवार की सुबह राजधर रेलवे साईडिंग का काम-काज एंव कोयला ढुलाई के काम को बन्द करा दिया।जिसके कारण राजधर रेलवे साईडिंग मे रैक लोडिंग और डिस्पैच सहित कोयला ढुलाई का काम पूरी तरह से बंद हो गया।सड़को पर हाईवा डम्परो की लंबी कतार देखी गई।इस संबंध मे रैयत जाहिद अली ने बताया कि करीब 20 वर्ष पूर्व स्थानीय सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबधंन द्वारा राजधर रेलवे साईडिंग निर्माण के दौरान उनकी जमीन का अधिग्रहण किया था,लेकिन तक मकान और पेड़ पौधा का मुआवजा नही दिया गया है।वही पुर्नवास केन्द्र मे प्लांट की समस्या है।उन्होंने कहा कि कई बार स्थानीय सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबधंन को लिखित रूप से आवेदन और ज्ञापन देकर मकान और पेड़ पौधा का मुआवजा सहित प्लांट की समस्या का समाधान करने की मांग की गई,लेकिन प्रबधंन के द्वारा कोई पहल नही की गई। सीसीएल प्रबंधन के द्वारा वार्ता कर सिर्फ आश्वासन ही दिया जाता रहा है।इससे आक्रोशित होकर उन्होंने 6 नवंबर से बंदी की घोषणा की थी,लेकिन झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा होने के साथ आदर आचार संहिता लागू हो गई, जिसके कारण उन्होंने बंदी को स्थगित कर दिया था।चुनाव संपन्न होने के बाद उन्होंने 25 नवंबर को साइडिंग बंद किया था, इसके बाद प्रबंधन के द्वारा मांगों को पूरा करने के लिए आश्वासन दिया था।रैयत जाहिद अली ने 30 नवंबर तक प्रबंधन को अल्टीमेटम दिया था,लेकिन निर्धारित समय के बावजूद मांगे पूरी नहीं होने पर उन्होंने आज पुनः बंदी की।उन्होंने कहा कि अपनी मांगों को लेकर वह सीसीएल के कार्यालय का चक्कर लगाकर थक चुके हैं और उनके पास अब आंदोलन के अलावा कुछ नहीं बचा है।पिछले 20 वर्षो से वह अपने परिजनों के साथ अपने मांगों और अधिकार के लिए दर-दर को भटकने को मजबूर है।इधर साईडिंग बंद होने की सूचना पाकर कई सीसीएल अधिकारी और सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।साथ ही उनकी समस्याओं का समाधान करने और उनकी मांगों को सीसीएल के वरीय अधिकारियों से अवगत कराने का भरोसा दिया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद रैयत जाहिद अली ने बंदी को स्थगित कर दिया।बंदी स्थगित होने के करीब 5 घंटे के बाद राजधर साईडिंग का काम काज एंव कोयला ढुलाई का काम चालू हो सका।इस दौरान रैयत जाहिद अली के साथ उनके समर्थन में काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण भी मौजूद थे।

# बाघवार अकादमी के बच्चों ने अंतर विद्यालय ताइक्कांडो चैंपियनशिप में किया शानदार प्रदर्शन, जीते कई मेडल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** गत 29 नवंबर 2024, शनिवार, रांची के ध्रुवा सेक्टर-2 स्थित कैराली स्कूल में रांची सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स के द्वारा आयोजित अंतर विद्यालय ताइक्कांडो चैंपियनशिप में बाघवार अकादमी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेडल की झड़ी लगा दी। बाघवार अकादमी की टीम में 6 सदस्य शामिल थे, जिनमें 3 लड़कियां और 3 लड़के थे। इस टीम का नेतृत्व विद्यालय की स्पोर्ट्स टीचर शालिनी टोप्पो ने किया। प्रतियोगिता में रांची जिले के 20 विद्यालयों के लगभग 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

**सम्मान समारोह :** इन सभी खिलाड़ियों को रांची जिला ताइक्कांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार द्वारा मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बाघवार अकादमी के निदेशक अशोक बघवार और प्रधानाचार्य अरुण बाघवार ने कोच शालिनी टोप्पो और पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस सफलता का श्रेय बच्चों की कड़ी मेहनत और कोच की उत्कृष्ट मार्गदर्शन को जाता है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि सभी खिलाड़ियों को विद्यालय की मॉर्निंग असेंबली में पुनः सम्मानित किया जाएगा। यह प्रदर्शन बाघवार अकादमी के खिलाड़ियों की मेहनत और खेल के प्रति उनकी लगन का प्रमाण है।

**लड़कियों की उपलब्धियां**

- प्रियांशु कुजूर (कक्षा 7)- -38 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) जीता।
- शीतल उरांव (कक्षा 10)- तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक (ब्रॉन्ज मेडल) और प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया।
- श्रेया रानी (कक्षा 9)- अगले महीने होने वाली ताइक्कांडो स्टेट चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया।

**लड़कों की उपलब्धियां**

- रोशन कुमार (कक्षा 10)- -54 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) जीता।
- प्रिंस लकड़ा (कक्षा 8)- -49 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) जीता।
- मोहित उरांव (कक्षा 10)- अपने शानदार प्रदर्शन से रजत पदक (सिल्वर मेडल) जीता।

# चेंगायडीह में अलफलाह मस्जिद के छत की ढलाई संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जामताड़ा :** जामताड़ा प्रखंड के चेंगायडीह स्थित मस्जिद अलफलाह कोलटोला में रविवार को एक भव्य समारोह के तहत मस्जिद की छत की ढलाई का कार्य सम्पन्न हुआ। इस खास मौके पर समारोह की अध्यक्षता डॉ. अब्दुल मन्नान अंसारी ने की, जिन्होंने इस धार्मिक आयोजन की सफलता के लिए पूरी जिम्मेदारी निभाई। मुख्य अतिथि के रूप में जामताड़ा विधायक डॉ इरफान अंसारी ने समारोह में भाग लिया। इस कार्यक्रम में गांव के निवासी, आसपास के क्षेत्र के लोग, और दूर-दराज से आए मेहमानों की बड़ी संख्या शामिल थी। समारोह की शुरुआत से लेकर अंत तक, सभी ने इस धार्मिक कार्य को सफल बनाने के लिए अपनी सक्रिय भागीदारी और सहयोग दिया। इस दौरान मस्जिद की छत ढलाई के महत्व और उसकी धार्मिक अहमियत पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में शामिल मौलानाओं ने अपनी-अपनी बारी से तकरीर की और इस कार्य के धार्मिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और सहयोग की भावना को बढ़ावा देते हैं। मौलानाओं ने धार्मिक दृष्टिकोण से इस कार्य के महत्व की व्याख्या की और सभी से ऐसे नेक कामों में योगदान देने की अपील की। मस्जिद अलफलाह की छत ढलाई का यह कार्य केवल धार्मिक दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि समुदाय की एकता और समाज में सह-अस्तित्व को बढ़ावा देने के लिए भी महत्वपूर्ण है। समारोह के अंत में डॉ अब्दुल मन्नान अंसारी ने सभी को धन्यवाद कहा और बताया कि इस प्रकार के आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और समर्पण की भावना को बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्य सिर्फ एक इमारत बनाने का नहीं, बल्कि एक मजबूत और एकजुट समुदाय की नींव रखने का भी है। समारोह के दौरान सभी ने मिलकर इस पवित्र अवसर को यादगार बनाया और यह दिन चेंगायडीह की धार्मिक और सामाजिक समृद्धि में एक नई भूमिका निभाने वाला साबित हुआ।

## मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य ने रोड व चबूतरा शेड निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**नामकुम :** नामकुम प्रखंड के सिल्वे पंचायत के भुआल टोली में रोड व चबूतरा शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास शिल्वे मुखिया नूतन पाहन एवं पंचायत समिति सदस्य अरविंद लोहरा द्वारा संयुक्त रूप से पूरे विधि विधान के साथ किया गया।इस अवसर पर मुखिया नूतन पाहन, प स स अरविंद लोहरा,ग्राम प्रधान शिव नारायण शाही,समाज सेवी जितेंद्र कुमार सिंह,भुनेश्वर महतो,मेवालाल,मदिरा देवी के साथ सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## नेत्र जांच शिविर का किया गया आयोजन



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट एवं सेवा भारती सिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को सिल्ली में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में नेत्र रोग के 78 लोगों की जांच हुई । जांच के उपरांत 26 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए जिनका ऑपरेशन आज को निरामया अस्पताल रांची में किया जाएगा। शिविर को सफल बनाने में प्रवीण अगरवाल ,स्वरूप दत्ता ,भरत सिंह , पीयूष अग्रवाल, दिलीप दे , रिशी सोनार , प्रशान्त रविदास , जगदीश गोराई, कार्तिक गोराई , अमर अग्रवाल , प्रकाश अग्रवाल, आदि सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

## श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति की ओर से स्टिक का वितरण




**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर प्रखंड के टांगर बसली गांव में श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (जयपुर फुट) के सौजन्य से वृद्धा, बुजुर्गो के बीच निशुल्क वॉकिंग स्टिक मांडर प्रमुख फिलिप सहाय एक्का के हाथों निशुल्क वितरण किया गया,यह सहायक उपकरण राष्ट्रीय दिव्यांग खिलाड़ी सह दिव्यांगजनों के लिए कार्य करने वाले अफरोज अंसारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## नाला प्रखंड में धूमधाम से मनाया गया अग्रहायण काली पूजा



**नाला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नाला प्रखंड क्षेत्र के टेसजुरिया में हर साल की भाँति इस साल भी बड़े ही धूमधाम से अग्रहायण काली पूजा मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में टेसजुरिया में माँ काली की मूर्ति स्थापित किया गया है, जहां रात में पुजारी के सानिध्य में श्रद्धापूर्वक भक्तिमय वातावरण में पूजा संपन्न किया है । पूजा सफल होने के उपरांत वहां उपस्थित सभी लोगों को प्रसाद भी वितरण किया गया । ज्ञात हो कि माँ काली पूजा माता दुर्गा का ही दूसरा रूप है, जिन्हें दुनिया का विनाशकारी रूप माना जाता है। मान्यता है कि उन्होंने देवों का देव महादेव कहे जाने वाले भगवान शिव को अपने क्रोध में पैर के नीचे दबा कर रख दिया था। माँ काली ने देवताओं के लिए बहुत सारे युद्ध किए एवं राक्षसों को परास्त किया है।

# परियोजना पदाधिकारी ने किया विस्थापितों के साथ बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** रोहिणी परियोजना के नए परियोजना पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने रविवार को रैयत विस्थापित के साथ बैठक की। परियोजना कार्यालय में आयोजित बैठक में अधिकारी, मुखिया एव विस्थापित शामिल हुए। बैठक में परियोजना पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने विस्थापित के साथ बैठक में खदान विस्तारीकरण को लेकर चर्चा की। विस्थापितो की ओर से खदान विस्तारीकरण से पहले विस्थापित की समस्या पर तत्काल पहल करने की बात कही। विस्थापितो ने कहा कि प्रबंधन के द्वारा खदान विस्तारीकरण की बात कही जाती है लेकिन प्रबंधन विस्थापित ग्रामीणों कि जो समस्या है उस पर केवल चर्चा होती है लेकिन कोई ठोस पहल नहीं दिख रहा है। खासकर विस्थापित गांव में पानी, बिजली एवं सड़क की समस्या पर तुरंत कार्य हो। साथ ही विस्थापित ग्रामीणों के पुनर्वास के संबंध में भी प्रबंधन के द्वारा कोई उचित कार्रवाई नही दिख रहा है। अपने क्षेत्र से दूर में कोई भी ग्रामीण पुनर्वास स्थल पर बसने नही जाएंगे। इसके लिए प्रबंधन जबतक तुमांग पंचायत एव पंचायत से सटे नजदीक क्षेत्र में ही ग्रामीणों के उपयुक्त जगह पर पुनर्वास स्थल के लिए कोई व्यवस्था नही करता है तो ग्रामीण प्रबंधन को कैसे सहयोग करेंगे। पुनर्वास के मामले पर प्रबंधन को ग्रामीणों की भावनाओं का भी ख्याल रखना होगा तभी खदान भी आगे बढ़ पाएगा। प्रबंधन एव विस्थापित के बीच पुनर्वास स्थल को लेकर कई जगहों की चर्चा हुयी, जिस पर प्रबंधन के द्वारा ग्रामीणों के मांग को देखते हुए आगे कार्रवाई की बात कही गयी। परियोजना पदाधिकारी ने कहा कि गांव की जो समस्या है उस पर प्रबंधन तुरंत पहल करेगा साथ ही कोल इंडिया के आर एंड आर पॉलिसी के तहत जो होगा उसे प्रबंधन के द्वारा विस्थापित ग्रामीणों को मुआवजा एवं पुनर्वास देने के लिए तत्पर है और दिया भी जाएगा। इसको लेकर प्रबंधन भी पूरा प्रयासरत है। लेकिन कुछ प्रक्रिया है जिसके कारण इसमें देर हो रही है। ग्रामीण भी प्रबंधन को सहयोग करें। प्रबंधन भी ग्रामीण के हर समस्या के निदान के लिए लगा हुआ है। इस बैठक में मैनेजर दीपक कुमार, सतपाल सिंह, प्रहलाद, एसपी निगम तथा ग्रामीणो की ओर से तुमांग मुखिया संतोष कुमार महली, मुकद्दर लोहरा, अमृत भोगता, बहुरा मुंडा, शिवनाथ भोगता, उमेश लोहरा, सूरज लोहरा, राजेन्द्र गंझू, बुधन गंझू, मनोज गंझू , टिकेश्वर भोगता, संतोष सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## नाला प्रखंड में धूमधाम से मनाया गया अग्रहायण काली पूजा

**नाला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नाला प्रखंड क्षेत्र के टेसजुरिया में हर साल की भाँति इस साल भी बड़े ही धूमधाम से अग्रहायण काली पूजा मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में टेसजुरिया में माँ काली की मूर्ति स्थापित किया गया है, जहां रात में पुजारी के सानिध्य में श्रद्धापूर्वक भक्तिमय वातावरण में पूजा संपन्न किया है । पूजा सफल होने के उपरांत वहां उपस्थित सभी लोगों को प्रसाद भी वितरण किया गया । ज्ञात हो कि माँ काली पूजा माता दुर्गा का ही दूसरा रूप है, जिन्हें दुनिया का विनाशकारी रूप माना जाता है। मान्यता है कि उन्होंने देवों का देव महादेव कहे जाने वाले भगवान शिव को अपने क्रोध में पैर के नीचे दबा कर रख दिया था। माँ काली ने देवताओं के लिए बहुत सारे युद्ध किए एवं राक्षसों को परास्त किया है।

# सिविल सोसायटी का पांचवां स्थापना दिवस को लेकर हुई बैठक



**डकरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिविल सोसायटी खलारी-डकरा की बैठक रविवार को डकरा वीआईपी क्लब में बलबीर सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 16 दिसंबर को सिविल सोसायटी का पांचवां स्थापना दिवस पर 24वां रक्तदान शिविर आयोजित करने और उसके संबंध में की जाने वाली तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। वरिष्ठ सदस्य राजीव चटर्जी ने कहा कि मात्र चार साल के भीतर सोसायटी ने पूरे राज्य में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को रक्त उपलब्ध कराने और जरूरतमंदों की सेवा करने के मामले में एक अलग पहचान बनाई है। 26 नवंबर को सदर अस्पताल रांची ने सोसायटी को प्रथम छमाही के लिए प्रथम स्थान के लिए चुना है। जून और अगस्त महीने में छः शिविर आयोजित कर सोसायटी ने सदर अस्पताल को 540 यूनिट रक्त एकत्र कर भेजा है। बताया गया कि सदर अस्पताल में इस समय 1500 थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को नियमित रूप से रक्त दिया जा रहा है इस काम में कोयलांचल के लोगों को सबसे अहम योगदान है और सीसीएल प्रबंधन नियमित रूप से सहयोग करता रहा है। बैठक में कमलेश प्रसाद, सुनील कुमार, अवधेश राय, मुनेश्वर मुन्ना, संतोष कुमार महतो, सुरज कुमार, ललन दास, मुन्नू सिंह धर्मेन्द्र, अनुज कुमार चौहान, ओमप्रकाश शर्मा आदि मौजूद थे।

## अशोका में विदाई समारोह आयोजित कर सेवानिवृत कर्मचारी मंसुर मियां को दी गई विदाई



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना के सब स्टेशन में रविवार समारोह आयोजित कर अशोक परियोजना के विद्युत एवं यांत्रिक विभाग से पंप ऑपरेटर मंसूर मियां को उनके रिटायरमेंट पर भावभीनी विदाई दी गई।इस समारोह की अध्यक्षता अखिल पांडेय एवं संचालन अरविंद शर्मा ने किया।इस समारोह में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मंसूर मियां को फूल एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।साथ ही शॉल ओढ़ाकर उनके आगे के सुखमय जीवन की कामना की गई,साथ ही अन्य उपहार प्रदान कर विदाई दी गई।समारोह में वक्ताओं ने उनके सीसीएल को 36 वर्ष दिए गए कार्य अवधि का वर्णन किया एवं खास तौर से अशोक परियोजना में उनके द्वारा विकट परिस्थितियों में भी खदान को डूबने से बचाने में अहम भूमिका निभाने का उल्लेख कर उन्हें बधाई दी गई।कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके उज्जवल एवं सुखमय जीवन की कामना की।इस मौके पर आरपी दत्ता,मनोज कुमार,साहेबराम सतनामी,जोगिंदर सिंह, अनिल सिंह,एनके प्रसाद, नेपाल चंद डे,जसमुद्दीन अंसारी,सत्येंद्र चौहान, हेमराज प्रजापति,चरका पासवान,रमेश कुमार, रामेश्वर भोक्ता,संजय पूर्ति, अर्जुन गंझु,चंद्रदीप भोक्ता, मुनिया कुमारी,रेघनि देवी, रामप्रसाद मोची,सिवा गंझु, बैजनाथ प्रजापति,लरेवा गंझु,लक्ष्मण प्रसाद,अनिल पांडेय,शंभू राम,रामकुमार गंझु सहित कई कर्मचारी उपस्थित थे।

## करीम सिटी कॉलेज के तीन सेवानिवृत शिक्षकों को दी गई भावभीनी विदाई



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** करीम सिटी कॉलेज साकची, जमशेदपुर के तीन वरिष्ठ प्राध्यापक सेवानिवृत हुए। उनके सम्मान में कॉलेज ऑडिटोरियम में तथा प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज की अध्यक्षता में विदाई समारोह आयोजित हुआ। विदा होने वाले प्राध्यापक डॉ इंद्रसेन सिंह ने महाविद्यालय की सेवा 42 वर्षों तक की। वे इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष तथा आर्ट्स फैकल्टी के इंचार्ज रहे। डा अफसर काजमी ने कॉलेज की 35 वर्षों तक सेवा की। वे उर्दू विभाग के अध्यक्ष रहे। वे एक शायर तथा साहित्यकार भी है जिनकी लगभग एक दर्जन किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं। तीसरे प्राध्यापक डॉ. आफताब आलम खान हैं जो कि वनस्पति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष तथा विज्ञान संकाय के इंचार्ज थे। वे शहर में एक अच्छे शिक्षक माने जाते हैं। इन्होंने भी महाविद्यालय की सेवा 42 वर्षों की एक लंबी अवधि तक की। यह समारोह कॉलेज के शिक्षक संघ तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ ने मिलकर आयोजित किया। प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रेयाज ने अपने हाथों से तीनों सेवानिवृत होने वाले प्राध्यापकों को पुष्पगुच्छ तथा अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मान दिया। शिक्षक संघ के अधिकारी डॉ. एमएम नजरी तथा डॉ. अनवर शहाब ने तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ की तरफ से मकसूद आलम एवं माजिद अशरफ ने उपहार प्रदान किए। इस अवसर पर डॉ. एम एम नजरी, डॉ अनवर शहाब, मकसूद आलम, माजिद अशरफ, डॉ कौसर तस्लीम, डॉ शर्मिला चक्रवर्ती, डॉ शहबाज अंसारी, डॉ बी एन त्रिपाठी, डॉ नेहा तिवारी, डॉ तुफैल अहमद, डॉ जकी अख्तर, डॉ बसूधरा राय, डॉ शाहिद हाश्मी तथा तीनों सेवानिवृत होने वाले प्राध्यापक डॉ इंद्रसेन सिंह, डॉ ए ए खान तथा डॉ अफसर काजमी ने सभा में अपने विचार व्यक्त किए। कॉलेज के सभी शिक्षकों ने तीनों प्राध्यापकों को अच्छी सेहत और लंबी उम्र की दुआएं दीं। अंत में प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज का अध्यक्षीय भाषण हुआ।

## चौकीदार भर्ती लिखित परीक्षा केंद्रों का एडीएम ने किया निरीक्षण



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी सिंहभूम जिले के 13 परीक्षा केंद्रों में रविवार को चौकीदार भर्ती लिखित परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा के दौरान शांति एवं विधि व्यवस्था संधारण के साथ-साथ निष्पक्ष, कदाचार मुक्त, स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन को लेकर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान द्वारा परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। वहीं स्थापना समाहर्ता मृत्युंजय कुमार व जिला प्रशासन के अन्य पदाधिकारी भी भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों के विधि व्यवस्था संधारण का जायजा ले रहे। एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने निरीक्षण के दौरान प्रतिनियुक्त स्टैटिक, गश्ती, उड़नदस्ता, पुलिस पदाधिकारियों को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से परीक्षा संचालन एवं सम्पन्न कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सभी परीक्षा केन्द्रों में सीसीटीवी से निगरानी रखी गई, इसके अलावे वीडियोग्राफी भी कराई गई। परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक गेजेट्स पूर्णतः प्रतिबंधित रखे गए हैं, परीक्षार्थियों की फ्रीस्किंग की गई जिससे कदाचार मुक्त परीक्षा का सम्पादन सुनिश्चित किया जा सके। एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने प्रतिनियुक्त अधिकारियों को सतर्क, सजग रहते हुए परीक्षा सम्पन्न कराने के निर्देश दिए हैं। परीक्षा केंद्रों में पर्याप्त सुरक्षा बल के अलावा महिला पुलिस की भी तैनाती की गई थी।

## 48वां एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता में शामिल हुई विधायक सविता महतो



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ईचागढ़ विस अंतर्गत चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के विख्यात आदिम सारना सेरसा क्लब रोयाडीह, चौका द्वारा आयोजित एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न हुआ। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सविता महतो शामिल हुई। सर्वप्रथम विधायक का बैच लगाकर कमिटि के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। विधायक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर हौसला अफजाई की। फुटबॉल मैदान के चारों ओर घुमकर महिला- पुरूषो व फुटबॉल प्रेमियों के साथ हाथ हिलाकर अभिवादन किया व फुटबॉल को किक मारकर किया। इस अवसर पर जिप सदस्य सविता मार्डी, झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, झामुमो केंद्रीय सदस्य सुधीर किस्कू, काबलू महतो, प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा किशोर महतो, निताई उरांव, सोमचांद मांझी, अर्जुन सिंह मुंडा, समर भुईया, सुदामा हेम्ब्रम, रमेश मांझी, वृहस्पति हांसदा, राजु किस्कू, दिनेश मुर्मु, सोमाय टुडू आदि उपस्थित थे।

## गुड़ाबांदा में फंदे से लटकता नवविवाहिता का शव बरामद

**गुड़ाबांदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुड़ाबांदा थाना क्षेत्र के जियान टोला काड़ाकाटा कि पार्वती सिंह(35) का शव साड़ी के फंदे से लटकता पाया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक लगभग 15 दिन पूर्व ही गुरुचरण मुंडा उसे पत्नी के रूप में लेकर आया था। रविवार सुबह को ग्रामीणों ने पेड़ में लटकते शव को देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मृतक के पति गुरुचरण मुंडा को थाने में पुछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक जांच के बाद आत्महत्या अथवा हत्या होने की पुष्टि हो पाएगी।

# दोस्तों संग घूमने निकले 12 वर्षीय बच्चे की जहरीला खीरा खाने से हुई मौत, 6 अन्य सुरक्षित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** रविवार को पटमदा थाना क्षेत्र अंतर्गत नैंगजुड़ी गांव निवासी 12 वर्षीय एक बच्चे की मौत जहरीले खीरा खाने से हो गई है। जबकि इस घटना में उसके 6 अन्य साथी फिलहाल सुरक्षित हैं। जानकारी के मुताबिक रविवार को स्कूल छुट्टी होने की वजह से योजना बनाकर घर से सुबह करीब साढ़े 10 बजे 7 बच्चे अलग-अलग साइकिलों पर सवार होकर घूमने निकले थे। घर से करीब 10 किमी दूर पश्चिम बंगाल के टोटको नदी के पास पहुंच गया। वहां पहुंचते ही बच्चों को भूख लगने लगी और नदी किनारे स्थित एक खीरा बागान पर नजर पड़ने पर सभी वहां घुस गए। खेत में कीटनाशक का छिड़काव के बावजूद लाल झंडा या किसी तरह का कोई सिग्नल नहीं होने की





वजह से खीरा को तोड़कर खाना शुरू कर दिया। मृतक के साथी फागुन बताते हैं कि विजय बास्के (पिता -बुद्धेश्वर बास्के) ने बिना धोए ही खा लिया था जबकि बाकी दोस्तों ने पानी में धोकर ही खाया। इसलिए विजय बास्के पर बुरा असर पड़ा। कुछ ही देर बाद सभी बच्चे साइकिलों पर सवार होकर काटिन की ओर निकल गए। करीब 4 किमी दूर जाने के बाद जब विजय पर धीरे-धीरे जहर का असर होने लगा तो वह रास्ते में झारखंड सीमा के पास गिर गया। इसके बाद राहगीरों की मदद से उसे एक बाइक में बिठाकर नजदीक के लिटिल हार्ट हॉस्पिटल कांकीडीह पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच के क्रम में विजय बास्के को मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी मिलने के बाद बाकी बच्चों के चेहरे पर खौफ साफ नजर आने लगी। इस घटना के बाद सूचना पाकर अस्पताल में बच्चों के परिजनों के अलावा लोगों की भीड़ उमड़ी और क्षेत्र में पहली बार हुई इस तरह की घटना को लेकर आश्चर्य व्यक्त कर रहे थे। बताते हैं कि संभवतः रविवार को ही किसान द्वारा खीरा की खेती में कीटनाशक का छिड़काव किया गया था।

6 अन्य बच्चों में मृतक के बड़े भाई अजय बास्के (14 वर्ष) एवं उसके पड़ोसी फागुन हांसदा (14), रविलाल बास्के (12), बिदु मांडी (14), रितेश हांसदा (9) व लखन हांसदा (12) शामिल हैं। अस्पताल पहुंचे झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, कुमीर पंचायत के मुखिया दीपक कुमार मुदी व समाजसेवी हरिहर टुडू ने मृतक के माता-पिता को सांत्वना दी। कमलपुर थाना प्रभारी दीपक कुमार ठाकुर व अन्य पुलिस अधिकारी भी अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली। जुगसलाई विधायक मगंल कालिंदी ने इस घटना पर दुःख जताते हुए पीड़ित परिवार को मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि तत्काल शव का पोस्टमार्टम हेतु व्यवस्था कर दी गई है और सोमवार को पीड़ित परिवार और अन्य बच्चों से मिलकर जानकारी लेंगे।

## सिरफिरे युवक ने मचाया उत्पात, दो बार कुएं में लगाई छलांग, किया परेशान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** रविवार की सुबह करीब 8 बजे पटमदा थाना क्षेत्र के लावा गांव में एक सिरफिरा युवक ने जमकर उत्पात मचाया। इससे करीब 2 घंटे तक लोग परेशान रहे। सूचना पाकर पहुंचे ग्राम प्रधान बृंदावन दास ने मामले की जानकारी ली तो बताया गया कि वह पश्चिम बंगाल के बांदोवान थाना क्षेत्र अंतर्गत कड़मो गांव का निवासी है। उसका नाम समीर गोराई जबकि पिता का नाम सुबल गोराई बताया। करीब 25 वर्षीय युवक समीर अपने पिता के साथ जमशेदपुर में रहकर मजदूरी करता है। वह शराब व अन्य मादक पदार्थों का सेवन करने की वजह से नशे का आदी हो गया है और उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं है। वह सुबह जमशेदपुर से अपने घर लौटने के क्रम में एक सवारी वाहन से रास्ते में जलडहर पेट्रोल पंप के पास कूद गया। फिर लावा के राहेरडीह टोला में किसी के घर में घुसकर उत्पात



मचाया। उसके बाद वहां से भगाने पर बगल में मौजूद एक सिंचाई कुआं में छलांग लगा दी। आसपास के लोगों को सूचना मिली तो उसे वहां से बाहर निकाला। फिर एक व्यक्ति ने उससे पूछताछ करते हुए उसकी मदद करनी चाही तो उसके गाली गलौच करते हुए दुबारा कुएं में छलांग लगा दी। घटना की सूचना पर पहुंची पटमदा पुलिस उसे वहां से उठाकर थाने ले गई। बाद में परिजनों के हवाले कर दिया गया।मौके पर ग्राम प्रधान बृंदावन दास, समाजसेवी शरत सिंह सरदार, राजेश कुमार गोराई, निरंजन गोराई, बांका सिंह व विजय दास समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## एनआईटी जमशेदपुर की एनएसएस इकाई ने चलाया वस्त्र वितरण एवं जागरूकता अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** एनआईटी जमशेदपुर की एनएसएस इकाई ने रविवार को एक वस्त्र वितरण अभियान का आयोजन किया, जिसमें समाज सेवा के साथ जागरूकता गतिविधियों को जोड़ा गया। एनएसएस के प्रोग्राम समन्वयक डॉ. जयेंद्र कुमार के नेतृत्व और एनएसएस अध्यक्ष सत्यम शुक्ला, उपाध्यक्ष इंद्रनील चटर्जी, मीडिया प्रमुख अभिषेक कुमार और पीजी प्रतिनिधि आरती शर्मा के मार्गदर्शन में 40 स्वयंसेवकों की टीम सुबह 9 बजे कैंपस से रवाना हुई। अभियान का पहला चरण सितारामपुर डैम के समीप बास्को नगर ग्राम सभा में हुआ, जहां पुरुषों, महिलाओं एवं बच्चों को बड़ी संख्या में कपड़े वितरित किए गए। इसके साथ ही जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। डॉ. जयेंद्र कुमार और एनएसएस स्वयंसेवक रोहित शुक्ला ने ग्रामीणों को शिक्षा, भ्रष्टाचार विरोधी उपायों, साइबर सुरक्षा, पर्यावरण



संरक्षण, सामाजिक न्याय एवं समरसता इत्यादि पर लोगों को जागरूक किया तथा 500 से अधिक व्यस्त महिला वृद्ध एवं बच्चों के बीच में वस्त्र का वितरण किया गया। अभियान का दूसरा चरण कैंपस के समीप आरआईटी थाना मैदान में आयोजित किया गया एवं 200 से अधिक परिवारों को वस्त्र देकर सहायता प्रदान की गई। यह पहल एनएसएस की सामाजिक सेवा और महत्वपूर्ण जागरूकता फैलाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिससे समुदाय पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा।एनएसएस इकाई ने इस अभियान के दौरान यह संदेश दिया कि समाज सेवा के साथ जागरूकता फैलाना, देश के विकास में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। भविष्य में भी इस तरह के अभियानों के आयोजन की योजना बनाई गई है, जिससे समाज के अधिक से अधिक लोगों तक सहायता पहुंच सके।

## नेंगटासाई में दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारम्भ



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत चमारू पंचायत के नूतनडीह टोला नेंगटासाई में बाबा स्पोर्टिंग क्लब के तत्वावधान में स्व बलराम सरदार एवं पुटू सरदार मेमोरियल दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट रविवार को शुरू हुआ। टूर्नामेंट का विधिवत उदघाटन यसपुर मुखिया पार्वती सरदार एवं चमारू मुखिया सावित्री मुदी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 32 टीमें भाग ले रही है। बताया गया है कि टूर्नामेंट की फाइनल विजेता सहित टॉप की चार टीमों के बीच कुल 2.30 लाख रुपए की राशि पुरस्कार स्वरूप वितरित की जाएगी। इस मौके पर समाजसेवी सोनू सरदार, सोकेंद्र सोरेन, प्रकाश कुमार, क्लब के अध्यक्ष विजय महतो ऊर्फ कैलाश, उपाध्यक्ष रामपदो महतो, महादेव महतो, कोषाध्यक्ष तापस महतो, सचिव रासबिहारी महतो, छुटू सरदार समेत सभी सदस्य उपस्थित थे।

## परसुडीह कृषि मंडी की बदहाल व्यवस्था पर झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स ने जताई चिंता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यकारिणी समिति के सदस्यों ने रविवार को परसुडीह बाजार समिति का दौरा कर कृषि मंडी की बदहाल स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान समिति ने मंडी में दुकानों, गोदामों और अन्य बुनियादी सुविधाओं की कमी पर गंभीर चिंता व्यक्त की। मुआयने के दौरान यह पाया गया कि मंडी में स्थित दुकानें और गोदाम जर्जर हालत में हैं। सड़कों की स्थिति बेहद खराब है और जगह-जगह गड्ढे होने से व्यापारियों और किसानों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंडी में सफाई और सुरक्षा व्यवस्था का भी अभाव



देखने को मिला। कार्यकारिणी समिति ने स्थानीय व्यापारियों और किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को समझा। व्यापारियों ने बताया कि मंडी में न तो सफाई की समुचित व्यवस्था है और न ही व्यापारियों और ग्राहकों की सुरक्षा का ध्यान रखा जा रहा है। इसके अलावा मंडी में पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। चेंबर के सदस्यों ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नई सरकार के कृषि मंत्री को मंडी की दुर्दशा से अवगत कराया जाएगा और समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की जाएगी। इस दौरे में झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यकारिणी सदस्य शैलेश अग्रवाल, अमित शर्मा, रोहित पोद्दार, व्यापार मंडल जमशेदपुर के अध्यक्ष दीपक भालोटिया, उपाध्यक्ष पवन नरेड़ी, और सचिव दिलीप अग्रवाल मौजूद रहे। समिति ने जल्द से जल्द मंडी की सुविधाओं को सुधारने की आवश्यकता पर जोर दिया। मंडी के व्यापारियों और किसानों को अब नई सरकार से उम्मीद है कि उनकी समस्याओं का समाधान जल्द होगा और परसुडीह कृषि मंडी को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## सरयू राय ने मानगो ट्रैफिक जाम को लेकर फिर की उपायुक्त से बात, नो इंट्री के टाइम में बदलाव जरूरी, दिन में भारी वाहनों की इंट्री रोके प्रशासन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** मानगो में ट्रैफिक जाम की समस्या दूर करने के बारे में जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने रविवार को फिर दूरभाष पर पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त से वार्ता की और कहा कि प्रशासन जाम की समस्या को गंभीरता से ले और उसके लिए ठोस उपाय करे। उन्होंने उपायुक्त को याद दिलाया कि वे विगत छह दिनों से इस बारे में जमशेदपुर प्रशासन और पुलिस का ध्यान आकृष्ट कर रहे हैं पर अभी तक कोई ठोस कार्रवाई होती नजर नहीं आ रही है। दो दिन पहले पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों की एक बैठक होने की सूचना समाचार पत्रों से मिली पर उसका भी कोई नतीजा अभी तक नहीं निकला है। उन्होंने उपायुक्त से स्पष्ट शब्दों में कहा है कि प्रशासन सबसे पहले जमशेदपुर में भारी वाहनों के नो इंट्री के समय में बदलाव करे। दिन में किसी भी भारी वाहन को जमशेदपुर में प्रवेश करने की इजाजत न दी जाए। रांची की तरफ से डोबो होकर आने वाले भारी वाहनों तथा सरायकेला की ओर से आने वाले भारी वाहनों को केवल रात में 12 से सुबह 6 बजे तक ही जमशेदपुर में प्रवेश करने की इजाजत दी जाए। दिन में इन वाहनों को जमशेदपुर में, मुख्य रुप से टाटा स्टील की फैक्ट्री में जाने के लिए दी जाने वाली ढील मानगो पुल पर जाम का कारण बन रहा है। विधायक ने उपायुक्त के ध्यान में यह बात भी लाया कि यदि प्रशासन जमशेदपुर में भारी वाहनों की दिन में इंट्री बंद करने में आनाकानी करेगा तो बाध्य होकर जाम से जूझ रही जनता को खुद आगे आकर दिन में भारी वाहनों की इंट्री बंद करानी पड़ेगी। ऐसी स्थिति में वे आम जनता के साथ खड़ा रहेंगे, क्योंकि उनकी प्राथमिकता आम जनता को सुविधा दिलाने की है। मानगो पुल पर जाम की स्थिति तो चिंताजनक है ही, जमशेदपुर शहर में करीब एक दर्जन अन्य स्थान हैं, जहां यातायात की व्यवस्था का संचालन सुचारू रुप से करने की



जरूरत है। विधायक ने बताया कि मुझे उम्मीद है जिला प्रशासन मानगो पुल और मानगो चौक पर लगने वाली जाम की समस्या से जनता को छुटकारा दिलाने के लिए उनके उपर्युक्त सुझाव पर गंभीरता से विचार करेगा और एक सप्ताह के भीतर इसे लागू करना सुनिश्चित कराएगा।

## टाटा मेन हॉस्पिटल ने विश्व एड्स दिवस पर किया वॉकथॉन का आयोजन

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटा मेन हॉस्पिटल ने रविवार को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर वॉकथॉन का आयोजन किया। इस बीमारी के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से आयोजित वॉकथॉन को टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी और टाटा स्टील की मेडिकल सर्विसेज की महाप्रबंधक डॉ. विनीता सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में मेडिकल बिरादरी, नर्सिंग स्टाफ और छात्रों के लगभग 300 लोगों ने भाग लिया। वॉकथॉन सुबह 6:30 बजे टीएमएच से शुरू हुआ, रेड क्रॉस सर्किल तक गया और फिर कोविड वॉरियर पार्क की ओर मुड़ गया, जहाँ नर्सिंग छात्रों ने टीएमएच में समाप्त होने से पहले एड्स के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया।



## रोजगार नहीं मिलने पर दो दिसंबर से चक्का जाम, आंदोलन करेंगे बागजांता माइंस के मजदूर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मुसाबनी :** मुसाबनी के बागजांता माइंस रेंज समूह के मजदूरों की बैठक रविवार को गोहला पंचायत के मुखिया परबत हांसदा की अध्यक्षता में बाकड़ा पुल के समीप आयोजित हुई। जिसमें आमंत्रित अतिथि के रूप में जिप प्रतिनिधि व पूर्व जिला पार्षद बुद्धेश्वर मुर्मू उपस्थित थे। बैठक में मजदूरों ने विगत 8 महीनों से भी ज्यादा समय से बेरोजगार रहने और जिसके कारण सभी मजदूरों के पारिवारिक माली हालत खराब होने पर चर्चा किया गया। मजदूरों द्वारा विगत दिनों रोजगार की मांग को लेकर यूसिल प्रबंधन को लिखित आवेदन देकर 30 नवंबर तक कार्य पर बहाल करने का मांग किया गया था। जिसके बाद यूसिल के अपर प्रबंधक कार्मिक द्वारा शनिवार को मजदूरों के नाम एक चिट्ठी जारी किया गया था। जिसमें 9 दिसंबर से रेंज समूह के मजदूरों के कार्य चालू होने का उल्लेख पर विचार किया गया। मजदूरों ने एक स्वर में यूसिल द्वारा निर्गत चिट्ठी को यह कहकर खारिज किया गया की यूसिल के प्रबंधक द्वारा इस तरह के बार - बार आश्वासन देकर ठगा गया है। मजदूरों ने मांग किया गया की रेंज समूह के कार्य प्रारंभ होने की तिथि को यूसिल के सक्षम अधिकारी द्वारा वार्ता के माध्यम से मजदूरों को आश्वस्त करें।



इसके बाद ही मजदूर अपना पूर्व निर्धारित कार्यक्रम 2 दिसंबर को चक्का जाम और 3 दिसंबर से अनिश्चितकालीन बंदी पर पुनर्विचार करेंगे। अन्यथा अपने आंदोलन को यथावत रखने की जानकारी यूसिल प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन को लिखित रूप से दी गई। बैठक में सभी मजदूरों ने कहा की कार्य प्रारंभ होने संबंधीत सक्षम अधिकारी के साथ वार्ता नहीं होने पर सोमवार सुबह से ही यूसिल के गाड़ियों को रोकने के लिए सड़क पर आंदोलन करने के लिए जोर देते हुए अपने निर्णय पर अडिग दिखे।

आमंत्रित अतिथि के रूप में उपस्थित जिप प्रतिनिधि व पूर्व जिला पार्षद बुद्धेश्वर मुर्मू ने उपस्थित मजदूरों को संबोधित करते हुए कहा की बागजांता माइंस के मजदूरों को हर बार अपने अधिकार के लिए सड़क पर उतरना पड़ रहा है। इससे प्रतीत होता है की यूसिल प्रबंधन क्षेत्र के लोगों के भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने का आदत सी बन गई है। उन्होंने मजदूरों के अधिकार के लिए हर संभव मदद करने का भरोसा मजदूरों को दिया। बुद्धेश्वर मुर्मू ने कहा की बागजांता माइंस में ठेका मजदूरों को मृत्यु के उपरांत या कार्य के दौरान रिटायर्ड कर्मचारियों के आश्रितों को रोजगार से जोड़ने के लिए बहुत जल्द यूसिल प्रबंधन को पत्राचार किया जाएगा। यूसिल प्रबंधक इन मांगों पर विचार नहीं करते है तो उन आश्रितों के साथ यूसिल प्रबंधक के खिलाफ जोरदार आंदोलन करने का बात किया। इस अवसर पर मुखिया परबत हांसदा, सुभाष माहली, सूजन मार्डी, प्रभात हांसदा, कृष्णा हांसदा, रविन्द्र नाथ हेंब्रम, लादू सोरेन, मूची राम भकत, जगन्नाथ भकत, मनोहर कैबर्त सहदेव महली, श्याम चरण हांसदा, कृष्णा सोरेन, कुंवर हांसदा, श्याम हांसदा, दुर्योधन कैबर्त , दीपक कैबर्त, प्रकाश कैबर्त, भादो राम हांसदा राम राय हांसदा आदि मजदूर उपस्थित थे।

## विधायक दशरथ गागराई की ऐतिहासिक जीत पर खुंटपानी में झामुमो ने निकाला विजय जुलूस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** विधानसभा चुनाव में खरसावां क्षेत्र से लागातार तीसरी बार विधायक दशरथ गागराई की हुई ऐतिहासिक जीत पर खुंटपानी प्रखंड क्षेत्र के पांड्राशाली में झामुमो ने विजय जुलूस निकाला। विधायक दशरथ गागराई एवं उनकी पत्नी सह समाजसेवी बासंती गागराई का गुलदस्ता, टोपी, माला व पटाखे से भव्य स्वागत किया गया। विजय जुलूस पांड्राशाली थाना से आरंभ होकर बजार होते हुए पांड्राशाली चौक पहुंचा। विधायक की लगातार तीसरी बार विधायक चुने जाने पर झामुमो कार्यकर्ताओं में काफी खुशी देखी जा रही है। मौके पर विधायक



ने कहा कि यह सामाजिक न्याय की जीत है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से राज्य के युवा एवं ऊर्जावान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतर इसी तरह से किसी सरकार ने धरातल पर नहीं उतरा था। यही कारण है कि झारखंड की जनता ने हेमंत सोरेन की सरकार को दोबारा लौटाया है। इस दौरान मुख्य रूप से प्रदेश सचिव छोटराय किस्कू, प्रखंड अध्यक्ष डिंबू तियू, राहुल गोप, दुर्गाचरण पाडिया, राहुल बानरा, बाबलु गोडसोरा, रजनी बानरा, रायमुनी कांडेयांग, ज्योति बोदरा व रानी हेंब्रम आदि उपस्थित थे।

## विचार प्रवाह

संपादकीय

## शाश्वत तनाव कब तक?

**आखिर** संभल कब तक जलेंगे, उबलेंगे और शाश्वत हिंसक तनाव का आधार बनते रहेंगे? उप्र के संभल के स्थान पर किसी और जिले का नाम लिया जा सकता है। हम अयोध्या विवाद को देख चुके हैं। कई अनाम मौतें भी हुईं। संतोष है कि प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का एक हिस्सा बन चुका है। अनुमान है कि मार्च, 2025 तक मंदिर-निर्माण सम्पन्न हो जाएगा। अयोध्या के बाद मथुरा और काशी के सांप्रदायिक विवाद अदालतों में हैं। एक चिरस्थायी आरोप है अथवा पुरातात्विक साक्ष्य हैं कि हिंदू मंदिर तोड़ कर मस्जिदें बनाई गईं। ऐसी करीब 1800 मौजूदा मस्जिदें हैं, जो हिंदू मंदिरों पर बनाई गईं। यह अधिकृत डाटा है, अलबत्ता मुसलमान आशंका जताते रहे हैं कि उनकी हजारों मस्जिदों के वजूद खतरे में हैं। मुस्लिम सांसद ओवैसी ऐसा ही बयान देते रहे हैं। हमारा बुनियादी सवाल यह है कि क्या इन 1800 मस्जिदों के भी सर्वे कराए जाएंगे? जांच या वैज्ञानिक परीक्षण कराए जाते रहेंगे? यदि सर्वे किए जाएंगे, तो जाहिर है कि एक निश्चित भीड़ उसका विरोध करेगी। उस भीड़ के हाथों में लाठी-डंडे, हॉकियां, रिवॉल्वर या पिस्तौल और पत्थर भी होंगे। ज्यादातर स्थानों पर हिंदू-मुसलमान सांप्रदायिक तनाव ही फैलते हैं। अलबत्ता संभल की तरह भीड़ पुलिस को भी निशाना बना सकती है। पुलिसकर्मियों पर घातक हमले किए जा सकते हैं। तनाव दंगों के हालात में बदलने लगता है। मस्जिद के पैरोकार आरोप लगाते रहे हैं कि उपासना स्थल कानून, 1991 का लगातार उल्लंघन किया जा रहा है, जबकि 2022 में तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली न्यायिक पीठ ने फैसला सुनाया था और उपासना स्थल कानून की धाराओं की व्याख्या भी की थी कि सर्वे, जांच या वैज्ञानिक परीक्षण से पूजा-स्थल का चरित्र नहीं बदलता।

> अयोध्या के बाद मथुरा और काशी के सांप्रदायिक विवाद अदालतों में हैं। एक चिरस्थायी आरोप है अथवा पुरातात्विक साक्ष्य हैं कि हिंदू मंदिर तोड़ कर मस्जिदें बनाई गईं। ऐसी करीब 1800 मौजूदा मस्जिदें हैं, जो हिंदू मंदिरों पर बनाई गईं। यह अधिकृत डाटा है, अलबत्ता मुसलमान आशंका जताते रहे हैं कि उनकी हजारों मस्जिदों के वजूद खतरे में हैं। मुस्लिम सांसद ओवैसी ऐसा ही बयान देते रहे हैं। हमारा बुनियादी सवाल यह है कि क्या इन 1800 मस्जिदों के भी सर्वे कराए जाएंगे? जांच या वैज्ञानिक परीक्षण कराए जाते रहेंगे? यदि सर्वे किए जाएंगे, तो जाहिर है कि एक निश्चित भीड़ उसका विरोध करेगी। उस भीड़ के हाथों में लाठी-डंडे, हॉकियां, रिवॉल्वर या पिस्तौल और पत्थर भी होंगे। ज्यादातर स्थानों पर हिंदू-मुसलमान सांप्रदायिक तनाव ही फैलते हैं। अलबत्ता संभल की तरह भीड़ पुलिस को भी निशाना बना सकती है। पुलिसकर्मियों पर घातक हमले किए जा सकते हैं।

बहरहाल उन्मादी, मजहबी भीड़ को कौन समझाए, नतीजतन जहां भी अदालत ने सर्वे या वैज्ञानिक जांच के आदेश दिए हैं, वे शाश्वत हिंसक तनाव की 'रक्तभूमि' बन गए हैं। क्या हम इन हालात को खत्म नहीं कर सकते? क्या 'दफन अतीत' को कुरेदते रहना ही ऐतिहासिक है? बेशक यह ऐतिहासिक यथार्थ है कि 500-700 साल पहले कुछ आततायी, आक्रांता मुगल बादशाहों ने तत्कालीन हिंदू मंदिरों को खंडित कर 'मलबा' बनवाया और उन पर मस्जिदों का निर्माण कराया। ऐसा निर्माण ही इस्लाम-विरोधी है। आज 21वीं सदी में उन पुराने आक्रमणों और अत्याचारों को 'दफन इतिहास' मानते हुए क्या भूला नहीं जा सकता? वे ऐतिहासिक गलतियां तो नहीं थीं, क्योंकि हिंदू धर्म के प्रतीकों को कुचलने के लिए मुगल शासकों ने वे सांप्रदायिक हमले किए थे। फिर भी माफ करना तो हमारी प्राचीन संस्कृति रही है। मंदिर-मस्जिद की कानूनी लड़ाई लड़ते रहने से अंतिम हासिल क्या होगा? कमोबेश 1800 हिंदू मंदिरों का नए सिरे से निर्माण, पुनरोत्थान तो संभव नहीं है। एक डाटा के अनुसार, करीब 22000 ट्रायल कोर्ट जज हैं, जिनकी अदालत में 4.5 करोड़ से अधिक केस लंबित हैं, लिहाजा वे भी दबाव में रहते होंगे! उनके फैसले भी सवालिया हो सकते हैं, क्योंकि उन्हें अनुभव भी कम है, नतीजतन मंदिर-मस्जिद विवाद शाश्वत तनाव और हिंसा का बीजारोपण करते रहे हैं। मणिपुर का भी उदाहरण हमारे सामने है, जब उच्च न्यायालय ने एक समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के आशय से राज्य सरकार को सर्वे कराने का फैसला दिया था। उससे उपजा सामाजिक और जातीय संघर्ष आज दावानल में बदल चुका है, जो अभी तक सरकारों के नियंत्रण के बाहर है। सर्वे की आड़ में ताजमहल और कुतुबमीनार को भी खोदने की चर्चाएं सामने आई हैं, लेकिन अदालतों ने ऐसे ऐतिहासिक खिलवाड़ को खारिज कर दिया। दरअसल अपनी सांस्कृतिक हकीकत को हासिल करने के बजाय यह हिंदूवादी राजनीति ज्यादा है।

### हिंदू पक्ष दावा करता है कि हरिहर मंदिर को तोड़कर जामा मस्जिद बनाई गई थी

## धर्मनिरपेक्षता के नाम पर हमारी सांस्कृतिक प्रथाओं के लिए मारकाट कब थमेगी?

डॉ. सत्यवान सौरभ

> संभल की ज़िला अदालत ने शाही जामा मस्जिद का सर्वेक्षण करने का आदेश एक याचिका के आधार पर दिया, जिसमें दावा किया गया था कि यह हिंदू मंदिर स्थल पर बनी है। इस आदेश के कारण स्थानीय मुस्लिम निवासियों ने विरोध प्रदर्शन किया, जिन्होंने इसे अपने धार्मिक अधिकारों और विरासत पर हमला माना। जब सर्वेक्षण का विरोध करने के लिए बड़ी भीड़ इकट्ठा हुई तो विरोध प्रदर्शन हिंसा में बदल गया। रिपोर्ट बताती हैं कि प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प हुई, जिसके परिणामस्वरूप प्रदर्शनकारियों और कानून प्रवर्तन अधिकारियों दोनों को चोटें आईं और मौतें हुईं। भारत में धार्मिक स्थलों पर चल रहे विवाद, विशेष रूप से ऐतिहासिक धर्मांतरण के दावों से जुड़े विवादों ने सांप्रदायिक संवेदनशीलता को बढ़ा दिया है।

**संभल** में दायर याचिका वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद और मथुरा के शाही ईदगाह के लिए दायर याचिकाओं की तरह ही है। मुख्य मुद्दा यह है कि कानून-'पूजा स्थल अधिनियम, 1991' को कैसे समझा जाता है। संभल की ज़िला अदालत ने शाही जामा मस्जिद का सर्वेक्षण करने का आदेश एक याचिका के आधार पर दिया, जिसमें दावा किया गया था कि यह हिंदू मंदिर स्थल पर बनी है। इस आदेश के कारण स्थानीय मुस्लिम निवासियों ने विरोध प्रदर्शन किया, जिन्होंने इसे अपने धार्मिक अधिकारों और विरासत पर हमला माना। जब सर्वेक्षण का विरोध करने के लिए बड़ी भीड़ इकट्ठा हुई तो विरोध प्रदर्शन हिंसा में बदल गया। रिपोर्ट बताती हैं कि प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प हुई, जिसके परिणामस्वरूप प्रदर्शनकारियों और कानून प्रवर्तन अधिकारियों दोनों को चोटें आईं और मौतें हुईं। भारत में धार्मिक स्थलों पर चल रहे विवाद, विशेष रूप से ऐतिहासिक धर्मांतरण के दावों से जुड़े विवादों ने सांप्रदायिक संवेदनशीलता को बढ़ा दिया है। वाराणसी और मथुरा में इसी तरह के मामलों ने ऐसे उदाहरण स्थापित किए हैं जो धार्मिक स्थलों की यथास्थिति को खतरे में डालने वाले सर्वेक्षणों या कानूनी कार्रवाइयों के रूप में देखे जाने पर सार्वजनिक अशांति में योगदान करते हैं। संभल की जामा मस्जिद का विवाद अयोध्या, काशी और मथुरा में चल रहे मामलों के बीच बढ़ा है। हिंदू पक्ष दावा करता है कि हरिहर मंदिर को तोड़कर जामा मस्जिद बनाई गई थी। मुस्लिम पक्ष जामा मस्जिद को लेकर हिंदू पक्ष की दावों को खारिज करता है। हालिया लड़ाई कानूनन लड़ी जा रही है, जिसमें अदालत की ओर से आए मस्जिद के सर्वे ऑर्डर पर काम हो रहा है। संभल के सिविल जज की अदालत में विष्णु शंकर जैन की ओर से जामा मस्जिद को लेकर वाद दायर किया गया। सुप्रीम कोर्ट के वकील हरिशंकर जैन और केला देवी मंदिर के महंत ऋषिराज गिरि समेत 8 वादी हैं। वादियों ने भारत सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और संभल जामा मस्जिद समिति को



विवाद में पार्टी बनाया है। याचिका में कहा गया-'मस्जिद मूल रूप से एक हरिहर मंदिर था, जिसे 1529 में मस्जिद में बदल दिया गया। मंदिर को मुगल सम्राट बाबर ने 1529 में ध्वस्त कराया था। बाबरनामा और आइन-ए-अकबरी किताब में इस बात का उल्लेख है कि जिस जगह पर जामा मस्जिद बनी है, वहाँ कभी हरिहर मंदिर हुआ करता था।' मुस्लिम पक्ष भी मानता है कि जामा मस्जिद बाबर ने बनवाई थी और आज तक मुसलमान इसमें नमाज पढ़ते आ रहे हैं। हालांकि मुस्लिम पक्ष कानूनी विवाद में सुप्रीम कोर्ट के 1991 के उस ऑर्डर को आधार बनाकर अपना विरोध दर्ज कराता है, जिसमें अदालत ने कहा था कि 15 अगस्त 1947 से जो भी धार्मिक स्थल जिस भी स्थिति में हैं, वह अपने स्थान पर बने रहेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने अयोध्या पर फैसले के समय भी इस पर ज़ोर दिया था। इसके जरिए मुस्लिम पक्ष संभल की जामा मस्जिद पर हक़ जताता है और हिंदू पक्ष के दावे, किसी अन्य न्यायिक कार्यवाही को कानून की अवहेलना बताया है। याचिकाकर्ताओं के दावे के बारे में कानून क्या कहता है? याचिकाकर्ताओं ने मस्जिद स्थल पर अपना दावा स्थापित करने के लिए एक दीवानी मुकदमा दायर किया। दीवानी मुकदमों में, प्रारंभिक दावों को आम तौर पर अंकित मूल्य (प्रथम दृष्टया) पर स्वीकार कर लिया जाता है, अगर मुकदमा विचारणीय माना जाता है तो बाद में और सबूत पेश किए जा सकते हैं। हालाँकि, कोई भी दावा जो पूजा स्थल के धार्मिक चरित्र को बदलने की कोशिश करता है, उसे पूजा स्थल अधिनियम, 1991 के तहत वर्जित किया जाता है। इस अधिनियम का उद्देश्य धार्मिक स्थलों की यथास्थिति को बनाए रखना है जैसा कि वे 15 अगस्त, 1947 को मौजूद थे। पूजा स्थल अधिनियम, 1991 क्या कहता है? अधिनियम पूजा स्थलों के किसी भी रूपांतरण पर रोक लगाता है और यह अनिवार्य करता है कि उनका धार्मिक चरित्र वैसा ही रहना चाहिए जैसा वह 15 अगस्त, 1947 को था। विशेष रूप से, धारा 3 किसी भी पूर्ण या आंशिक रूप से किसी अन्य संप्रदाय या संप्रदाय के पूजा स्थल में रूपांतरण पर रोक लगाती है। धारा 4 में कहा गया है कि उस तिथि को किसी स्थान के धार्मिक चरित्र में परिवर्तन के सम्बंध में कोई भी कानूनी कार्यवाही समाप्त (समाप्त) कर दी जाती है, जिससे ऐसे रूपांतरणों के सम्बंध में नए मुकदमे दायर नहीं किए जा सकते। उल्लेखनीय रूप से, यह अधिनियम अपने अधिनियमन के समय पहले से ही विचाराधीन विवादों पर लागू नहीं होता है, जैसे बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि मामला, जिसने समकालीन विवादों में इसके आवेदन को जटिल बना दिया है। न्यायालयों ने इन टाइटल मुकदमों को कैसे अनुमति दी है? पूजा स्थल अधिनियम के प्रावधानों के बावजूद, अदालतों ने ज्ञानवापी और मथुरा जैसे स्थानों से सम्बंधित टाइटल मुकदमों को बनाए रखने योग्य क़रार देकर अनुमति दी है सर्वोच्च न्यायालय द्वारा की गई एक महत्त्वपूर्ण टिप्पणी ने संकेत दिया कि अधिनियम के तहत किसी स्थान की धार्मिक प्रकृति को बदलना प्रतिबंधित है, लेकिन इसके ऐतिहासिक चरित्र की जांच अभी भी अनुमेय हो सकती है। इस व्याख्या ने ज़िला न्यायालयों को अधिनियम की मंशा का सीधे उल्लंघन किए बिना ऐसी याचिकाओं पर विचार करने का आधार प्रदान किया है। संभल के मामले में, न्यायालय ने यह निर्धारित करने से पहले सर्वेक्षण का आदेश दिया कि क्या दीवानी मुकदमा विचारणीय है।

दृश्टि कोण

## रेवड़ी संस्कृति विकास पथ में रोड़ा

**रेवड़ी** शब्द के साथ संस्कृति शब्द का उपयोग कदाचित उचित नहीं माना जा सकता है, क्योंकि संस्कृति शब्द अपने आप में व्यापक व्याख्या समेटे हुए है, तथापि सामान्य लोगों को आसानी से समझ में आ जाए, संभवतः रेवड़ी के साथ संस्कृति शब्द प्रचलन में है। हाल ही में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नवीनतम नतीजों में 288 विधानसभा सीटों में से 230 सीटें बीजेपी गठबंधन ने जीती हैं। महाराष्ट्र सरकार ने 28 जून 2024 को मुख्यमंत्री माझी लडक़ी (लाडक़ी) बहिना योजना की शुरुआत की थी। इस योजना के जरिए महाराष्ट्र में 21 से 65 साल की महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए की आर्थिक मदद दी जाती है। राज्य सरकार को महिलाओं के कुल 1.12 करोड़ आवेदन मिले थे, जिनमें से 1.06 करोड़ आवेदन स्वीकृत किए गए थे। ऐसा अनुमान है कि इस बार के चुनावों में महिलाओं ने भाजपा गठबंधन के पक्ष में खूब मतदान किया जिस वजह से महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन की पुनः सरकार बनने जा रही है। फ्रीबीज यानी मुफ्त की रेवडियों का यह एक और उदाहरण कहा जा सकता है जिससे प्रभावित होकर महाराष्ट्र की महिलाओं ने एकतरफा मतदान कर चुनाव पूर्व सारे अनुमानों को झुठला दिया है। भारत 50 साल पहले भी विकासशील राष्ट्र था और आज विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने के बाद भी विकासशील देश का ही तमगा गले में लटकाए घूम रहा है। आखिर क्या वजहें हैं कि द्वितीय विश्व युद्ध में पूरी तरह से ध्वस्त हो चुके जर्मनी और जापान जैसे देश अपने विजन, राष्ट्रप्रेम, दूरदर्शी निर्णयों और कठोर परिश्रम के बलबूते विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में आ खड़े हुए हैं, जबकि विश्व की सर्वाधिक युवा जनसंख्या वाला देश भारत अभी भी हमारे नेताओं की अदूरदर्शिता, पब्लिक फंड के गलत इस्तेमाल, भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और मुफ्त की रेवडियां बांटने की राह पर चलते हुए विश्व की सर्वाधिक गरीबी की रेखा वाले देशों में से एक की श्रेणी में बना हुआ है। इस साल 2024 के वैश्विक भूख सूचकांक (जीएचआई) में भारत 127 देशों में 105वें स्थान पर है और भारत का स्कोर 27.3 है, जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है। भारत में गरीबी के प्रमुख कारणों में भ्रष्टाचार, शिक्षा की कमी, धन का असमान वितरण, जनसंख्या विस्फोट, जाति व्यवस्था, लोगों की स्वार्थपरक मानसिकता, अमीर-गरीब की खाई और राजनीतिक वित्तीय कुप्रबंधन शामिल हैं। भले ही भारत ने दुनिया के टॉप-10 धनी देशों में जगह बना ली हो, लेकिन कर्जदार देशों की लिस्ट में भी भारत आठवें स्थान पर मौजूद है। भारत पर 2023 तक 3057 अरब डॉलर का कर्ज था। रेवड़ी संस्कृति, जिसे अंग्रेजी में फ्रीबीज कल्चर भी कहते हैं, यद्यपि कई मायनों में मानव एवं सामाजिक कल्याण के दृष्टिकोण से अच्छा भी मानी जाती है। फ्रीबीज की शुरुआत सन् 1956 से हुई मानी जा सकती है, जब मध्याह्न भोजन योजना पहली बार वर्ष 1956 में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के. कामराज द्वारा शुरू की गई थी। ऐसा माना जाता है कि आंध्र प्रदेश में एनटी रामाराव की 2 रुपए किलो चावल योजना ने आज के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम की नींव रखी थी। तेलंगाना की रायथु बंधु और ओडिशा की कालिया योजनाओं ने किसानों की सहायता के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अग्रदूत के रूप में कार्य किया है। सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च के एक अध्ययन के अनुसार, तमिलनाडु और बिहार जैसे राज्य महिलाओं को सिलाई मशीन, साडियां और साइकिलें उपलब्ध कराते हैं, जिससे इन उद्योगों की बिक्री को बढ़ावा मिलता है, जिसे संबंधित उत्पादन के कारण अपव्यय के बजाय उत्पादक निवेश माना जा सकता है। महिलाओं के लिए बस पास जैसी फ्रीबीज सुविधाएं महिलाओं को क्रियाशील कार्यबल में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करती हैं जिससे महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा मिलता है। तथापि भारत के निर्वाचन आयोग को चुनावों के दौरान मुफ्त वाली घोषणाओं की प्रभावी निगरानी और उनके विनियमन को सुनिश्चित करने की जरूरत है। नागरिकों को भी अल्पकालिक लाभ से प्रभावित होने के स्थान पर राजनीतिक दलों के दीर्घकालिक विकास एजेंडे के आधार पर मतदान के समय देशहित में निर्णय लेने के लिए शिक्षित किए जाने की जरूरत है। चुनाव जीतने के लिए फ्रीबीज पर अत्यधिक निर्भरता के बजाय, राजनीतिक दलों को सामाजिक सुरक्षा तंत्रों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है, जैसे कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल, सुदृढ़ शिक्षा प्रणाली, रोजगार सृजन और व्यापक गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम, ताकि सामाजिक, आर्थिक असमानता के मूल कारणों का प्रभावी ढंग से समाधान किया जा सके। रेवड़ी कल्चर एक चुनावी हथकंडा है, जो तात्कालिक लाभ देने के बावजूद दीर्घकालिक रूप से देश की आर्थिक प्रगति में बाधा डालता है। आज राजनीतिक दलों को मुफ्त की घोषणाओं से आगे बढक़र दीर्घकालिक विकास योजनाओं की दिशा में काम करने की जरूरत है। चूंकि आत्मनिर्भर भारत और सतत विकास के मार्ग को अपनाना ही लोगों के हित में है, अतएव सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ऐसी योजनाएं लाई जाएं जो पारदर्शी, लक्षित, जनहित में टिकाऊ हों तथा राजनीतिक लाभ के लिए सार्वजनिक धन का दुरुपयोग न करती हों। वर्तमान समय में दिल्ली, पंजाब में आप सरकारें, हिमाचल, तेलंगाना में कांग्रेस सरकारों के अलावा कई राज्यों और केंद्र सरकार भी पीएम किसान सम्मान निधि और 5 किलो मुफ्त राशन जैसी मुफ्त की रेवडियां बांटकर मतदाताओं को लुभाने में कहीं पीछे नहीं हैं।

कुछ अलग

## नई क्रांति की शुरुआत

**कल** जो हमारे कातिल थे, आज हमारे साथ हुए अपराधों की सजा सुनाने के लिए न्याय का हथौड़ा पीट रहे हैं। उनकी आंखों का रंग बदल गया है। कल तक उनसे खून बरस रहा था, वे रक्तवर्णी हो रही थीं, आज उनसे शांति के पैगाम आ रहे हैं, मानवधर्मी सफेद पताकाएं फहरा रही हैं। शांति कपोतों का मोल बढ़ गया। अपने दोनों हाथों से उन्हें किसी मंच से उड़ाओगे, तो उस मंच की अभ्यर्थना कर रही हजारों की भीड़ गदगद हो जाएगी। लोग लिबास बदलने की तरह अपने मूल्य और आदर्श बदल रहे हैं। इनसानों की बस्तियां जलाने वाले लोग अब फायर ब्रिगेड के जाबांज कर्मचारी बन आग पर पानी की बौछार करते नजर आते हैं। अरे यही तो थे जो कल इस जलती हुई आग पर तेल डालने का काम कर रहे थे, और इसे अपना पुण्य कर्म बता रहे थे। अमानवीयता का सैलाब गुजर गया। पीछे घोंघे, पत्थर, कूड़ा-कर्कट ही नहीं छोड़ गया, कुछ सरकटी लाशें भी छोड़ गया। अजब मंजर था वह। लोग तिरंगे फहरा कर, भारत माता की जय चिल्लाते हुए एक-दूसरे की पीठ में छुरे घोंप रहे थे। अब जब मुखौटा बदलने का वक्त आया तो लोग एक-दूसरे की पीठ थपथपा कर घायलों के जख्मों पर मरहम लगाते देखे जा रहे हैं। दंगों का सैलाब गुजर गया, अब सम्मान पत्र बांटने वाले, या अपना अभिनंदन स्वयं ही करवा लेने वाले सामने आ रहे हैं, कि देखो बंधु, हमने दंगों की इस पीड़ा को अपने बदन पर नहीं, बल्कि अपनी आत्मा पर झेला है। इसीलिए तो फसाद और खून के उन दिनों में हमने घिरे हुए अभागों की भूख-प्यास की सुध ली। उनके अटूट लंगर की कड़ी को टूटने नहीं दिया। हम उन्हें अपनी पीठ थपथपाते हुए देखते रहे कि हां, उत्पाती दिनों में इन लोगों ने दस रुपए की पानी की बाल्टी बीस रुपए में बेची है। वे मुंह मांगी कीमत प्राप्त कर सके, इसके लिए यह भी हो सकता है कि उन अशांत दिनों में उन्होंने पानी की आपूर्ति खुद ही बाधित कर दी हो। अब कारवां गुजर जाने के बाद उसके गुब्बार को पछाडऩे के लिए, जल आपूर्ति से लेकर भूख आपूर्ति तक करते हुए अब समय सारथी बन हर तरह की प्रवंचना से जूझ जाने का संदेश दे रहे हैं। एक चेहरे पर समयानुसार दूसरा चेहरा लगा लेना, और अपनी पीठ खुद ही थपथपा अपने आपको क्रांतिवीर घोषित कर देने का यह उद्घोष हम हर क्षेत्र और हर समय में देखते-सुनते आ रहे हैं। इन दिनों इसका रिवाज कुछ अधिक हो गया है, क्योंकि सुना है जो असल हकदार थे, वे तो इस पहचान और अभ्यर्थना के मेले में लुट गए साहिब, और तमाशबीन दुकानें सजा कर बैठ गए, जहां आपके लिए पुरस्कार से लेकर सम्मान पत्र तक सब नीलाम हो रहे हैं। आधी रात को 'खून का बदला खून' चिल्लाने वाले शूरवीर सुबह होते ही सूरजमुखी बन कर शांति का सूरज उगा देने के पैरोकार बन गए, क्योंकि यह बात तो उनके बड़े-बूढ़े पहले ही बता गए थे, कि बरखुरदार गंगा जाओ तो गंगाराम बन जाओ, और जमना जाओ तो जमनादास बनने की घोषणा कर दो। कालांतर में यह समझ उन्हें दलबदलू बनने की प्रेरणा देती है। अपनी टोपी बदल कर वे कभी शर्मिन्दा न हुए, बल्कि इसे आत्मावलोकन कह अपनी समझ का नया पड़ाव हमें समझा इसे न्यायसंगत ठहरा गए। आजकल दलबदलू कानून भी उनका अवरोध नहीं कर पाते। गठजोड़ संस्कृति आ गई है। लोग एक-दूसरे के विरुद्ध कीचड़ उछालते हुए चुनाव लड़ते हैं, बाद में सत्ता पर कब्जा जताने के लिए एक-दूसरे के साथ गठजोड़ करते हुए उन्हें कोई हिचकिचाहट नहीं होती। अलग-अलग दर्शनों से प्रतिबद्धता जताने वाले भी कितनी जल्दी एक न्यूनतम सांझे कार्यक्रम पर पहुंच जाते हैं, और अपने-अपने हिस्से की विजयमाला बांट करके पहन लेते हैं।

देश दुनीया से

## जलवायु परिवर्तन के खतरों से बच्चों को बचाएं

**हाल** ही में प्रस्तुत हुई यूनिसेफ की रिपोर्ट 'द फ्यूचर ऑफ चिल्ड्रेन इन चेंजिंग वर्ल्ड' ने भारत में बच्चों के भविष्य को लेकर उत्पन्न चुनौतियों, त्रासद स्थितियों एवं भयावह भविष्य को उजागर किया है। इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है कि साल 2050 तक भारत में 35 करोड़ बच्चे जनसांख्यिकीय बदलावों, जलवायु संकट, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और तकनीकी बदलावों की चुनौतियों का सामना कर रहे होंगे। उस समय जन्म लेने वाले बच्चों को जन्म के बाद जीवन में जलवायु परिवर्तन के संकटों से जुझना होगा, भीषण लू, गरमी, बाढ़, तूफान, चक्रावात और अनेक जलवायु जनित बीमारियों से सामना करना होगा। वायु प्रदूषण की विभीषिका, गहराते जल संकट, सिमटते प्राकृतिक संसाधन, जलवायु परिवर्तन व रोजगार की विसंगतियों के बीच आने वाली पीढ़ी के बच्चों का जीवन निस्संदेह संघर्षपूर्ण, चुनौतीपूर्ण एवं संकटपूर्ण होगा। वर्ष 2021 में बच्चों के जलवायु जोखिम सूचकांक में भारत कुल 163 देशों की सूची में 26वें स्थान पर था। ऐसे में भारत में बच्चों को अधिक गर्मी, बाढ़ और वायु प्रदूषण से गंभीर जोखिम का सामना करना पड़ता है। खासकर ग्रामीण और कम आय वाले समुदायों में यह संख्या ज्यादा है। लेकिन रिपोर्ट बताती है कि 2050 में बच्चों को 2000 के दशक की तुलना में लगभग आठ गुना ज्यादा गर्मी झेलनी पड़ सकती है। जाहिर है, जलवायु संकट बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, चिकित्सा तथा पानी जैसे आवश्यक संसाधनों तक उनकी पहुंच पर प्रतिकूल असर डाल सकता है। चिंता की बात यह है कि इन तमाम विसंगतियों, विषमताओं व नेतृत्व की अदूरदर्शिता के बीच बच्चों के भविष्य पर मंडरा रहे खतरों के लिये संवेदनशीलता के साथ सावधान एवं सतर्क होने एवं उचित-प्रभावी कार्ययोजना बनाने की जरूरत है। इसी तरह, गहरे डिजिटल विभाजन के बीच एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता बच्चों के लिए अच्छी और बुरी, दोनों हो सकती है। एक ताजा आंकड़ा बताता है कि उच्च आय वाले देशों में 95 फीसदी आबादी इंटरनेट से जुड़ी है, तो निम्न आय वाले देशों में सिर्फ 26 प्रतिशत लोगों की इंटरनेट तक पहुंच है। भारत में वर्तमान में इंटरनेट की व्यापकता ने बच्चों के जीवन में अनेक संकट खड़े किये हैं। यूनिसेफ ने इस डिजिटल डिवाइड को पाटने और बच्चों तक नयी प्रौद्योगिकियों की सुरक्षित एवं समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए समावेशी प्रौद्योगिकी पहल की वकालत की है। बच्चे चूंकि हमारा भविष्य हैं, इसलिए बच्चों और उनके अधिकारों को सरकारी नीतियों-रणनीतियों के केंद्र में रखना समृद्ध और टिकाऊ भविष्य के निर्माण एवं संतुलित-आदर्श समाज-व्यवस्था के लिए आवश्यक है। अक्सर यह सवाल विमर्श में होता है कि धरती के प्रति गैर-जिम्मेदार व्यवहार के चलते हम कैसा देश आने वाली पीढ़ियों के लिये छोड़कर जाएंगे। आने वाले पच्चीस वर्षों में बच्चों पर लू का 8 गुणा, बाढ़ का 3 गुणा एवं जंगली आग का दोगुणा खतरा होगा। यही वजह है कि संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफ ने बच्चों के भविष्य की तस्वीर उकेरते हुए विभिन्न चुनौतियों के मुकाबले के अनुरूप नीति निर्माण की जरूरत बतायी है। यूनिसेफ ने सदी के पांचवें दशक तक की तीन महत्वपूर्ण वैश्विक प्रवृत्तियों का खाका खींचा है। ये घटक नौनिहालों के भविष्य के जीवन को नया स्वरूप देने में अहम भूमिका निभाएंगे। वर्ष 2050 तक देश की आधी आबादी के शहरी क्षेत्रों में रहने का अनुमान है। दरअसल, मौजूदा दौर में जिस तेजी से गांवों से शहरों की ओर पलायन बढ़ रहा है, जाहिर है ऐसी स्थिति में पहले से आबादी के बोझ तले दबी नागरिक सेवाएं चरमरा जाएंगी। ऐसे में सत्ताधीशों के लिये जरूरी होगा कि जलवायु परिवर्तन के संकट के बीच बच्चों के अनुरूप शहरी नियोजन को अपनी प्राथमिकता बनाएं और बच्चों के अनुकूल और जलवायु परिवर्तन के लिहाज से जुझारु, सुरक्षित एवं निरापद शहरी नियोजन के लिये शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल और टिकाऊ शहरी ढांचे में निवेश को प्राथमिकता दी जाये। शहर बेहतर जीवन के लिए बेहतरीन अवसर और उम्मीद दे सकते हैं। वे वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 80 प्रतिशत से अधिक उत्पन्न करते हैं और उन्हें तेजी से विकास हासिल करने के लिए इंजन माना जाता है। वे विकास और नवाचार, विविधता और कनेक्टिविटी के दुनिया के सबसे मजबूत स्रोतों में से हैं और संभावित रूप से बच्चों को जीने, सीखने और आगे बढ़ने के लिए बेहतरीन अवसर प्रदान कर सकते हैं। बढ़ता शहरीकरण बड़ी असमानताओं को भी जन्म दे सकते हैं। आज शहरी क्षेत्रों में रहने वाले 4 बिलियन लोगों में से लगभग एक तिहाई बच्चे हैं। यह अनुमान है कि 2050 तक, दुनिया के लगभग 70 प्रतिशत बच्चे शहरी क्षेत्रों में रहेंगे, जिनमें से कई झुग्गी-झोपड़ियों में रहेंगे। इसलिये शहर स्कूलों और अस्पतालों जैसी बुनियादी सेवाओं तक बेहतर पहुंच प्रदान कर सकते हैं, भीड़भाड़ और उच्च प्रवेश लागत के कारण सबसे गरीब शहरी बच्चे उन तक पहुंचने में असमर्थ हो सकते हैं। अन्य चुनौतियाँ जो शहरी गरीबों को प्रभावित करती हैं, विशेष रूप से झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों को, उनमें भीड़भाड़ और अपर्याप्त सफाई व्यवस्थाएं शामिल हैं-जो बीमारियों के फैलने में सहायक होती हैं-किफायती और सुरक्षित आवास की कमी, परिवहन की खराब पहुंच और बाहरी वायु प्रदूषण में वृद्धि आदि हैं। उल्लेखनीय है कि उस समय देश जनसांख्यिकी बदलावों की चुनौती से जूझ रहा होगा। आकलन किया जा रहा है कि इस बदलाव के चलते ही वर्तमान की तुलना में बच्चों की संख्या में करीब दस करोड़ की कमी आएगी। वर्तमान में पूरी दुनिया में एक अरब बच्चे उच्च जोखिम वाले जलवायु खतरों का मुकाबला कर रहे हैं, तो अगर सरकारें अभी से नहीं चेती तो 2050 की स्थिति का सहज आकलन किया जा सकता है। मासूम चेहरों एवं चमकती आंखों का नया बचपन भारत के भाल पर उजागर एवं कायम करने के लिये सरकारों को गंभीर होना होगा।



आप का नजरीया

## मेडिकल संस्था का बचाव

**लोगों** को अस्पताल, व्यवस्था को नए नियम और सरकार को औपचारिकताओं को बदलने का समाधान चाहिए, ताकि भोटा के राधास्वामी चैरिटेबल ट्रस्ट पर मंडरा रहा गतिरोध खत्म हो जाए। जमीन पर इरादों की फेहरिस्त ने कभी राधास्वामी सत्संग ब्यास के नाम, हमीरपुर के भोटा में लैंड सीलिंग एक्ट में मिली छूट का मोहल्ला बना दिया, लेकिन कानून की नई जुंबिश ने वर्षों पहले स्थापित चैरिटेबल अस्पताल का अस्तित्व हिला दिया है। दरअसल जमीन के जिस टुकड़े पर अस्पताल चलता है, उसे एक अलग संस्था में निरूपित करके राधा स्वामी सत्संग ब्यास, इस फर्ज की निरंतरता को बरकरार रखना चाहता है, वरना अस्पताल के मुख्य गेट पर चस्पां नोटिस बता रहा है कि जीवनदान न मिला तो दिसंबर की पहली तारीख इसके अस्तित्व की अंतिम सांस लेगी। जाहिर है मसले के केंद्रबिंदु में हिमाचल सरकार के सामने सीमित विकल्प हैं। या तो आंख मूंद कर भारत सरकार द्वारा निर्देशित लैंड सीलिंग एक्ट की भावना में मुख्य ट्रस्ट को अस्पताल की जमीन अन्य संस्था को ट्रांसफर करने से छूट न दे या अपनी इच्छाशक्ति से कानून की परिपाटी को ही बदल दे। सरकार के लिए निर्णायक होने की एक वजह तो यह है कि भोटा अस्पताल को बचाने के लिए जनता सामने आ गई है। रोजाना इसके बचाव के समर्थन में जनता ने ठान लिया है कि वह अपने संघर्ष की दीवार खड़ी करती रहेगी। सरकार के लिए यह तोहफा आसान नहीं। खासकर लैंड सीलिंग एक्ट की धाराओं ने हिमाचल की सामाजिक धरती हिलाई है। कानून की शक्ल में सामाजिक सुरक्षा की पैरवी का ही असर है कि यहां सियासत के बिल्ले अब स्थानीय निकायों तक झगड़ालू हो गए। खेत छोटे, झगड़े बड़े हो गए और अब आवासीय सुविधाओं की खोज, एक टेढ़ा अरमान साबित हो रही है, लेकिन जिस उद्देश्य से लैंड सीलिंग कानून अपनाया गया, उसके नतीजे कुछ और कहते हैं। लैंड सीलिंग एक्ट से खेती के अधिकार कृषि मजदूरी की संपत्ति होनी चाहिए थी, लेकिन अब हिमाचली परिदृश्य में आयातित उत्पाद और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का विश्राम दिखाई देता है। यह दीगर है कि लैंड सीलिंग के बाद गैर हिमाचली को भूमि की खरीद पर लगी पाबंदियों ने धारा 118 को सियासी पहलवान बना दिया। हिमाचल की इन्वेस्टमैंट खोज, पर्यटन की मौज और यहां आकर बसने का ओज अब धारा 118 के समानांतर एक साम्राज्य सरीखा है और जिसके तहत बंटती है विशेषाधिकार की पहुंच और प्रभावशाली संपर्क। खैर, जमीनों की तफतीश में कानूनों के ढेरियां भी असफल हैं, क्योंकि इस मर्ज ने दवा के बजाय, बीमारियां ही पैदा की। जिस राज्य में लैंड सीलिंग एक्ट ने बड़े खेतों के स्वामी दरकिनार कर दिए, वहां नए लैंड लॉर्ड चमत्कृत हुए। इन्हें आप भू-माफिया के रूप में देखें या धार्मिक आचरण के जमघट में नए श्रद्धास्थल के रूप में देखें, एक बड़ा हिमाचल इनके कब्जे में है। राधास्वामी आश्रमों की शृंखला में हिमाचल का एक बड़ा रकबा जिस संस्था के नाम है, वह अपने उद्देश्यों की परिपाटी में आखिर इतनी बेरहम कैसे हो सकती है कि एक सामाजिक दायित्व के अधीन चल रहे अस्पताल के अस्तित्व को जमीन का विरोध बना दे।

# झारखंड में सरकार बनाये जाने के उपलक्ष्य में जेएमएम कार्यकर्ताओ ने निकला विजय जुलूस

## एक दूसरे को खूब लगाया रंग गुलाल, किया आतिशबाजी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** झारखंड में जेएमएम के सरकार बनने के उपलक्ष्य में प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय में जेएमएम कार्यकर्ताओ के द्वारा विजय जुलूस निकाला गया।इस कार्यक्रम का नेतृत्व जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष संजय चंद्रवंशी कर रहे थे।यह जुलूस असलम अंसारी के रामपुर आवास से शुरू होकर पूरे प्रतापपुर का नगर भ्रमण करते हुए बभने, कसमार, सहित मुख्य बाजार का भ्रमण किया इस जुलूस के दौरान जेएमएम कार्यकर्ताओ ने डीजे पर झूमते नजर आए वही कार्यकताओं ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर बधाई दिए।साथ ही कार्यकर्ताओ ने खूब आतिशबाजी भी किए।इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष संजय चंद्रवशी ने बताया की झारखंड में जेएमएम की चौथी बार सरकार बनने के। उपलक्ष्य में यह विजय जुलूस निकाला गया है। हमलोग को बहुत ही खुशी है की झारखंड में पुनः हेमंत सोरेन की सरकार बनी है। जिससे झारखंड में विकाश की गंगा बहेगी। वही जेएमएम केंद्रीय समिति सदस्य असलम अंसारी ने बताया की झारखंड में पुनः हेमंत सोरेन की सरकार बनने के उपलक्ष्य में हम सभी जेएमएम कार्यकर्ताओ ने एक दूसरे को बधाई देते हुए इस विजय जुलूस में शामिल हुए है।झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी योजना से। ही झारखंड का विकाश होगा।इस मौके पर केंद्रीय सदस्य असलम अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष संजय चंद्रवंशी, सचिव मनीष दांगी, मोहन यादव, सिरताज अली,सुदेश यादव, मो अशरफ, महिला मोर्चा अध्यक्ष चंपा देवी, लालू यादव, सहित संकड़ी कार्यकर्ता शामिल थे।

# ग्राम संगठन का बैठक हुआ संपन्न, लिये गये कई निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत सलगा गांव में जेएसएलपीएस के तहत ग्राम संगठन सलगा प्लस कटघरा का बैठक रविवार को किया गया। बैठक की अध्यक्षता गायत्री देवी ने किया। संचालन ज्योति कुमारी ने किया।ग्राम संगठन की बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कई निर्णय लिए गए। यह बैठक इसी वन का किया गया।बैठक में सर्वप्रथम निर्णय लिया कि समूह के तहत जितने भी समुह लोन लिए हैं। और जो समय से वापस नहीं कर रहे हैं उन्हें लिया हुआ कर्ज का ब्याज ज्यादा भुगतान करना पड़ेगा। इस तरह से महिलाओं को भारी हो सकता है।इसलिए समय-समय से लिया हुआ कर्ज वापस करें। और समूह का सिस्टम सुरक्षित रखें। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि रवि फसल में लगाए जाने वाले फसल पैंच में लगावे। इस तरह खेती लगाने से किसानों को अनेकों फायदा दिखेगा। जैसे खेत चरने से बचेगा खेत में कीड़ा कम लगेंगे।तथा कई अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। मौके पर उपस्थित सुनीता देवी नीतू देवी पूनम देवी सरिता देवी उषा देवी एवं दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

# द्वारी में जिला विधिक सेवा पदाधिकार के तहत किया गया शिविर का आयोजन



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखणड के द्वारी पंचायत गांव के भंडार चौक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव महोदय के आदेशानुसार एड्स दिवस के शुभ अवसर पर कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। जिसमें उपस्थित लोगों को एड्स जानलेवा बीमारी है। इससे बचने की आवश्यकता है। कुछ ऐसे चीज है जिससे सतर्कता बरतनी है। जैसे असुरक्षित योन शोषण, एड्स पीड़ित लोगों का ब्लड किसी स्वस्थ व्यक्ति को चढ़ाने से बचाना है। और इंजेक्शन का नीडल एक ही नीडल से दो व्यक्ति को इंजेक्शन नहीं लगना चाहिए। इस तरह का चीजों से सतर्क रहने का अपील किया गया। साथी 14 दिसंबर 2024 को लगने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में बताया गया गिद्धौर प्रखंड पीएलभी शम्भु कुमार राणा के साथ दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# हंटरगंज में संविधान यात्रा सह सभा समारोह का किया आयोजन



**हंटरगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हंटरगंज में राष्ट्रीय महिला समिति के द्वारा संविधान - यात्रा धूम - धाम से निकाली गई। जहां महिलाओं ने जमकर जय भीम का नारा लगाया। यह यात्रा गोदोबार से शुरू होकर किसान भवन पहुंची। जहां आयोजित सभा समारोह मुख्य अतिथि के रूप में विधायक जनार्दन पासवान शामिल हुवे .इस अवसर पर लोगों ने संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर सादर नमन किया और संविधान की प्रस्तावना के अनुरूप राष्ट्र की एकता, अखंडता और दृढ़ संकल्प होकर कार्य करने की शपथ ली। वही सभा को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित विधायक पासवान ने कहा कोई भी देश संविधान पर चलता है। कोई भी देश की विकास के लिए शिक्षा अतिआवश्यक है सभी लोगों से आग्रह होगा कि अपने बच्चों को शिक्षित अवश्य करें। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, मंडल अध्यक्ष अरुण चौरसिया, जुगल किशोर सिंह, संतोष कुमार सिंह, गुंजीत कुमार सिंह, जयहिंद पासवान, वेचन पासवान, रौशन सिंह प्रमोद सिंह, संजय पासवान, नागेंद्र यादव, कृष्णा सिंह, समेत सैंकड़ों संख्या में महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

# विधायक जनार्दन पासवान पहुंचे कुंदा, शोकाकुल परिवार से किया मुलाकात, बंधाया ढांढस, किया आर्थिक सहयोग

## मुखिया व ग्रामीणों ने सड़क बनवाने की मांग को लेकर दिया आवेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** विधायक जनार्दन पासवान ने रविवार को कुंदा पहुँचे।विधायक के आगमन पर एनडीए कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी ततपश्चात उन्होंने कुंदा निवासी रविन्द्र उर्फ मिसरी साव के आसमयिक मौत की खबर पाकर उनके घर पहुँच कर मामले की जानकारी ली।श्री साव चुनावीं कार्यालय में भोजन बनाकर खिलाने में सहयोग किया था उन्होंने श्राद्ध कर्म में आर्थिक सहयोग दिया साथ ही परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया इस दौरान विधायक ने कई कार्यकर्ता व ग्रामीणों व महिलाओं से मिलकर जीत दिलाने का आभार व्यक्त किया कहा कि प्रखंड के सुदूरवर्ती इलाके में सड़क,पुल-पुलिया, पेयजल व बिजली का कार्य दुरुस्त किया जाएगा। एक्शन प्लान के तहत कुंदा का विकास करेंगे मुखिया ने सिकीदाग पंचायत के सरजामातु से सोहरलाठ भाया बलही, लुकुईया मेन रोड से बुटकुइया, नवादा पंचायत के ग्राम नवादा स्कूल से दारी होते हुए जोरी मुख्य सड़क तक जोड़ने, चिलोई से सिंदरी, कुंदा पंचायत में कुंदा मुख्य सड़क से टिकुलिया, पचरुखीया से अखरा होते हुए जगरनाथपुर, टिकैबान्ध चुटीघाट से मोहनपुर गांव तक सड़क बनाने की मांग रखी।विधायक ने कहा कि उक्त सभी सड़क मेरे कार्यकाल में जरूर बनेगा। क्षेत्र में सड़क की आवश्यकता है. गांव में बिजली का अधूरा कार्य को जल्द शुरू किया जाएगा। इस मौके पर कुंदा मुखिया मनोज कुमार साहु, अखिलेश प्रसाद यादव, मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर भोक्ता, गंदौरी साव, मनोज यादव, प्रमोद गुप्ता, लवकुश गुप्ता, राजू वर्मा, अशोक ठाकुर, कृष्णा गुप्ता, मनोज गुप्ता आदि लोग मौजूद थे।

# सेरेनदाग में भाड़े को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट, युवक बुरी तरह घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** टंडवा थाना क्षेत्र के सेरेनदाग के एक ढाबा में पिछले शुक्रवार की देर शाम भाड़ा विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भीड़ गये। इस घटना में एक पक्ष ने दुसरे पक्ष पर जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में घायल युवक कि पहचान सेरेनदाग निवासी विजय साहू के रूप में हुई है। घटना के बाबत जानकारी मिली है कि विजय सेरेनदाग के झारखंड ढाबा होटल में दो-चार वाहन मालिकों के साथ बैठ गाड़ी भाड़ा दर को लेकर चर्चा कर रहे थे।इसी बीच वगैर नंबर के काले रंग के स्कॉर्पियो पर सवार होकर आए कामख्या साहू,धनिक साहु व नंदलाल साहु तीनो पिता ललित साव उर्फ गणेश साहू ने अचानक धारदार हथियार व लाठी-डंडे से लैस होकर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे विजय साहू के सिर में गंभीर चोट लगी है।चोट लगने के कारण विजय लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा जहां मौजूद लोगों ने भाई ईश्वर साहू को फोन कर जानकारी दी। जानकारी मिलते हीं भाई ईश्वर ने घटना स्थल पहुंच कर घायल भाई विजय को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टंडवा पहुंचाया ।जहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है जहां इलाज अभी जारी है। घटना के बाद पिड़ित के भाई इश्वर साहु ने टंडवा थाने में लिखित आवेदन देकर जान से मारने के नीयत से जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज कराया है। आवेदन प्राप्त होते हीं टंडवा पुलिस ने मामला दर्ज कर ली है और तीनों आरोपियों को धर पकड़ के लिए अभियान तेज कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुशार घटना करने के बाद सभी आरोपी घर छोड़ फरार हो गया या किसी खास लोगों के शरण में पहुंच बचाव के लिए तरकीब ढूंढ रहे हैं। हालांकि जिस तरह आरोपी फरार होकर पुलिस को धत्ता बता रहे हैं वैसे में किसी खास लोगों का संरक्षण प्राप्त होता नजर आ रहा है या अपनी उच्च स्तरीय पहुंच का पावर पुलिस को दिखाया जा रहा है। वैसे में बड़ी सवाल है कि क्या आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता या आरोपी पुलिस के आंखों में धूल झोंक बचना चाहता है। या आरोपी अपनी पहुंच का पॉवर दिखा रहा है। या टंडवा पुलिस आरोपी के सामने विवश है।

# टंडवा एनटीपीसी मना रहा है स्थापना दिवस, रैयतों के हक अधिकार और शोषण के बुनियाद पर है खड़ा इमारत



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनटीपीसी प्लांट जहां अपना 50 वां स्थापना दिवस मना रहा है। वहीं दूसरी ओर प्रबंधन ने अपने कुरितियों से लगातार स्थानीय रैयतों व ग्रामीणों को शिकार बनाकर बुलंद इमारतें तैयार की है। रैयतों के हक अधिकार और शोषण के बुनियाद पर ये खड़ी इमारतों के कई दुखद दास्तां हैं। जश्न में डूबा प्रबंधन नाच गान का भरपूर लुत्फ उठाने में मशगूल है जबकि एनटीपीसी से उत्पादित जहरीले राख और धूंआ से आम लोगों की सांसें उखड़ रही है। युक्त बातें प्लांट के रैयत सह समाज सेवी रामदेव पासवान ने कहा है। आगे कहा कि धीरे धीरे स्थानीय लोगों को ये शारीरिक और मानसिक बीमार बना रहा है। इस तरह के डीजे लगा कर ठुमके लगाने वाले को पूरे क्षेत्रों में चर्चा का विषय बना है। श्री पासवान ने कहा ऐसे में विकास का खोखला दंभ भरने वाले प्रबंधन द्वारा आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में परोसे गए तमाशबीन बने कथित जनप्रतिनिधियों व बुद्धिजीवियों को आत्मचिंतन करने की उन्होंने नसीहत दिया। प्रदूषण निजात संघर्ष समिति के रवि सिंह ने कहा कि आमलोगों को मानसिक गुलाम समझने की भूल जनप्रतिनिधि ना करें।

# सदर अस्पताल परिसर में एड्स दिवस मनाया जाएगा आज




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा एड्स दिवस आज मनाया जाएगा। इस अवसर पर लोगों को एड्स और एचआईवी संक्रमण से बचाव के प्रति जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मी, डॉक्टर, और नर्स विभिन्न गतिविधियों में भाग लेंगे, जिनमें जागरूकता को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य उद्देश्य एड्स से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना और लोगों को सुरक्षित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। यह आयोजन समाज में जागरूकता बढ़ाने और एड्स को रोकने के लिए सामूहिक प्रयासों का प्रतीक है, जिससे स्वास्थ्यकर्मी और आम जनता एकजुट होकर इस गंभीर मुद्दे का सामना कर सकें।

# बरवाडीह में बालू घाटों से बालू का उठाव शुरु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड अंतर्गत कंचनपुर, पोखरी खुर्द, छेंचा, करकटिया टोला छेंचा, खुरा, लंका, मंगरा, चुंगरु और केड़ भुरीखाड़ श्रेणी वन के बालू घाटों से बालू का उठाव महीने बाद शुरू हो चुका है। ऐसे में बालू का उपयोग निजी, गैर व्यवसायिक सरकार द्वारा प्रायोजित कल्याणकारी योजनाओं के संचालन व विकास कार्यों में गति लाने में मदद मिलेगी। वहीं बालू घाटों का संचालन ग्राम पंचायत, स्थानीय स्वायत्त शासन समिति द्वारा किए जाने का निर्देश दिया गया है जिसमें प्रखंड स्तरीय अंचलाधिकारी अध्यक्ष, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी व संबंधित अंचल निरीक्षक होंगे। वहीं पंचायत स्तरीय मुखिया अध्यक्ष,उप मुखिया, पंचायत सचिव व पांच सदस्यीय सदस्य शामिल रहेंगे। जहां बालू घाटों के पहुंचपथ, प्रबंधन व पर्यवेक्षण आदि के लिए सरकार द्वारा निर्धारित संधारण राशि ग्राम पंचायत, स्थानीय स्वायत्त शासन द्वारा लिया जाएगा जो कि 100 रुपए प्रति 100 घनफीट सरकार द्वारा निर्धारित है। वहीं ग्राम पंचायत, स्थानीय स्वायत्त शासन की जवाबदेही तय होगी कि वह बालू घाट के चयनित व रेखांकित क्षेत्र से बालू का उठाव कराएंगे किसी अन्य स्थानों से बालू का उठाव अवैध माना जाएगा।बताया जा रहा है कि वित्तीय वर्षों में बालू घाटों से निर्धारित संधारण राशि के आय व्यय का ब्यौरा ग्राम पंचायत द्वारा नहीं दिया गया है जिससे बड़े पैमाने पर सरकार के राजस्व का नूकसान हुआ है। वहीं बालू उठाव में ग्राम पंचायत समिति का अवैध उगाही करने की शिकायतें मिलना शुरू हो गया है जिसपर स्थानीय स्वायत्त शासन के द्वारा नजर रखने होंगे।

# झारखंड योगासन स्पोर्ट के अध्यक्ष के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** रविवार को जिला योगासना खेल संघ संरक्षक बलिराम सिंह के आवास में स्थित योगासन जिला कार्यालय में एक शोक सभा आयोजित की गई।बता दें कि झारखंड योगासन स्पोर्ट के अध्यक्ष और पूर्व पतंजलि झारखंड प्रभारी संजय सिंह का 25 नवंबर को आकस्मिक निधन हो गई। संजय सिंह झारखंड योगासन स्पोर्ट में योगासन खेल को एक मुकाम तक लेकर गये थे। उनके किये गये कार्यों के वजह से आज सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। वो बहुत ही प्रगतिशील व्यक्तित्व के व्यक्ति थे। आज पुरे संगठन को उनके कमी खल रही है। वो अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये। शोक सभा समारोह में लातेहार जिला योगासना खेल संघ संरक्षक बलराम सिंह, अधिवक्ता संजय कुमार, सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी, प्रशांत कुमार सिंह,भारत स्वाभिमान जिला प्रभारी जितेन्द्र सिंह, तकनीकी पदाधिकारी चैताली मुखर्जी, सहप्रभारी भारत स्वाभिमान क्रृष्ण कुमार मिश्र, योग प्रचारक राधिका प्रसाद, योग विचारक धनश्याम यादव, धृतपाल गंझु, संतोष कुमार गुप्ता, विनोद राम, योग प्रचारक सुशीला प्रसाद, सुदर्शन कुमार उपस्थित थे।

# समाजसेवी के निधन पर बालूमाथ में शोक



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ आदर्श नगर निवासी संजय प्रसाद साहू 52 वर्ष का शनिवार की मध्य रात्रि लगभग 12:30 बजे हृदय गति रुक जाने के कारण उनका निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव झाबर मुक्ति धाम में रविवार को किया गया ।संजय प्रसाद साहू मृदवासी एवं समाज के कई कार्यो में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। वह अपने पीछे दो पुत्री वह एक पुत्र छोड़ गए हैं। उनके निधन पर कई लोगों ने शोक प्रकट किया है शोक प्रकट करने वालों ने संतोष कुमार यादव ,गोविंद यादव, ललन सिंह, जावेद अख्तर, रघु लाल, निर्मल सिंह, रमेश राम, मोहम्मद शमीम, सुरेंद्र गुप्ता, दिलीप कुमार, शशि भूषण गुप्ता, पंकज सिंह, सुनील पांडे, सनोज चौधरी, राकेश कुमार, शैलेश सिंह, मनोज यादव, आनंद साहू, देवपाल प्रसाद ,मनान कुरैशी , जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता, झूलन प्रसाद साहू,चंदन कुमार, अभय कुमार, उमेश प्रसाद साहू, लव सिंह, विनोद बिहारी गुप्ता,देवन्दन साव, गजेंद्र चौबे, राम दर्शन तिवारी, संजय कुमार, जमुना ठाकुर, वीरेंद्र सिंह, बिट्टू सिंह, चंद्रदेव उरांव, विजय उरांव, राजू कुमार समेत कई लोग शामिल थे।

# झारखंड में राजद ने शानदार प्रदर्शन किया : राम प्रवेश यादव

## राजद से दो विधायकों को मंत्रिमंडल में शामिल करने की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** राष्ट्रीय जनता दल से दो विधायकों को मंत्री मंडल में शामिल करने व मंत्री पद देने को लेकर रविवार को लातेहार जिला मुख्यालय स्थित शाह वन होटल में राजद पार्टी के जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकारों से बातचीत के दौरान श्री यादव ने झारखंड विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल से चार विधानसभा सीट जीत हासिल करने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा की मैं महागठबंधन के तहत झारखंड में राजद द्वारा लड़ी गई चुनाव में छह सीटों में से चार सीटों पर विजय हासिल करने वाले सभी नव-निर्वाचित विधायकों को तहे दिल से बधाई देता हूं। पिछली बार झारखंड में राजद से मांत्र एक सीट से जीत दर्ज की गई थी।इस बार आला कमान ने पार्टी को छह सीटों से चुनाव लड़ने की मौका दी। इस बार राजद उम्मीदवारों ने अच्छा प्रदर्शन कर चार सीटों से जीत दर्ज कर दिखाया है जिनमें गोड्डा से संजय प्रसाद यादव, देवघर से सुरेश पासवान, हुसैनाबाद से संजय सिंह यादव और विश्रामपुर से नरेश प्रसाद सिंह शामिल है ।आगे उन्होंने राजद के दो विधायकों को मंत्री मंडल में शामिल को लेकर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपील किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि लातेहार जिले के मनिका विधानसभा से कांग्रेस विधायक रामचंद्र सिंह को कांग्रेस की सीट से मंत्री मंडल में शामिल कर मंत्री पद दिया जाए ताकि पार्टी और भी मजबूती के साथ अपने अपने क्षेत्र का विकास कर सके क्योंकि यह जीत महागठबंधन के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। इसका श्रेय झारखंड के सभी माता बहनों एवं युवाओं को जाता है। क्योंकि उन्होंने महागठबंधन पर भरोसा कर अपनी कीमती वोट देकर विजयी बनाया इसके लिए उन्हें भी तहे दिल से मैं धन्यवाद करता हूं। वहीं राजद के प्रखंड अध्यक्ष निजाम अंसारी, मोहर सिंह यादव, भोला सिंह, रंजीत यादव, युवा जिला अध्यक्ष दीपक कुमार यादव, अजीत श्रीवास्तव, संतोष यादव, चिंटू कुमार, संजय कुमार, दिलीप यादव, देव सुंदर यादव, श्याम सिंह गोपाल सिंह ने भी इस सफलता के लिए नव-निर्वाचित विधायकों को बधाई दी।

## चुनाव प्रचार के आखिरी दिन बरवाडीह में आम सभा का हुआ आयोजन

# ईसीआरकेयू के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े है सभी विभागों के कर्मचारी : सुनील सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** रेल यूनियन मान्यता चुनाव प्रचार के आखिरी दिन रविवार को ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के सहायक महामंत्री ओमप्रकाश और डालटनगंज शाखा अध्यक्ष अनिल कुमार, शाखा सचिव सुनील सिंह और कार्यकारी अध्यक्ष चंदन कुमार आदि यूनियन के कई पदाधिकारियों की उपस्थिति में बरवाडीह के बाबा चौक में आमसभा का आयोजन किया गया। जहां कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ों रेल कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सहायक महामंत्री ओमप्रकाश ने कहा कि एआईआरएफ/ ईसीआरकेयू का संघर्ष और शहादत का इतिहास रहा है। यह गैर राजनीतिक यूनियन है जो आंदोलन के बदौलत आज तक रेल कर्मचारी भाइयों के हितों की रक्षा करते आ रही है। रेल कर्मचारियों की हर समस्या को लेकर उनके साथ खड़ी रहने वाली एकमात्र यूनियन ईसीआरकेयू ही है। लेकिन मान्यता चुनाव आते ही राजनेताओं के तलवे चाटने वाली कुछ यूनियन खुदको आपका हितैषी बताकर आप सभी को दिग्भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। ऐसे लोगों के झांसे में न आकर लाल झंडा छाप के निशान पर अपना मत देकर एक बार फिर से ईसीआरकेयू को जिताने का कार्य आप सभी को पूरी एकजुटता के साथ करना है। वहीं शाखा सचिव सुनील सिंह ने कहा कि ईसीआरकेयू संगठन और कर्मचारी विरोधी कार्य करने वाले को बाहर का रास्ता दिखा देती है। वैसे ही लोग दूसरे यूनियन में जाकर आज खुद को आपका हितैषी बता रहे है, जो बाद में आपकी समस्या दूर करने के बजाय आपका शोषण करने का काम करेंगे। ऐसे लोगों की बातों में नहीं आना है,और ईसीआरकेयू को भारी मतों से जिताना है। कार्यक्रम में सभा का संचालन कार्यकारी अध्यक्ष चंदन कुमार और कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष अनिल कुमार ने किया। इसके पूर्व यूनियन के पदाधिकारियों ने डिपो टु डिपो जाकर प्रत्येक कमर्चारियों से मुलाकात की और यूनियन की खूबियों और उपलब्धियों को बताते हुए लाल झंडा छाप में मुहर लगाने की अपील की। वहीं कमर्चारियों ने भी एक स्वर में ईसीआरकेयू को जिताने का संकल्प लिया।

# संकुल साधन सेवी शशिकांत मंडल द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाजसेवी व शिक्षण कार्य के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर चुके संकुल साधन सेवी शशिकांत मंडल ने लगभग पंद्रह वर्षो से अपने अल्प मानदेय के पैसे में बचत कर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रविवार क़ो बालिका उच्च विधालय परिसर में प्रखंड के विभिन्न विधालय से आए दर्जनों रसोईया के बीच सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन रखा। जहां सम्मान समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य संतोषी कुमारी के साथ कांग्रेस नेता रवींद्र राम, रंजीत राजू समेत अन्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत शशिकांत मंडल के द्वारा प्रखंड मुख्यालय के साथ चमरडीहा, खुरा, मुर्गीडीह, अहीरपुरवा, समेत दो दर्जन विधालय की सभी रसोईया व सम्मानित लोगों क़ो अतिथियों के हाथों उपहार के रूप में साड़ी व अंगवस्त्र भेंट कर के सम्मानित करते किया गया। उन्होंने यह कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य के बारे में बताया कि मानव जीवन में सेवा ही असल धर्म है , हमने अपने न्यूनतम मानदेय की राशि से रोजाना बचत करते हुए अपने कार्य क्षेत्र से जुड़े बच्चे बच्चियां शिक्षा कर्मी ,रसोईया व उत्कृष्ट कार्य करने वाले क़ो सम्मान देने का प्रयास करता रहा हूँ।इसी तरह रविवार को कार्यक्रम आयोजित कर 18 विधालय की रसोईया क़ो सम्मानित कर हौसला बढ़ाने का प्रयास किया है। मौके पर ज़िप सदस्य संतोषी ने कहा कि शशिकांत मंडल के कार्यो की सराहना कितना भी कर लें कम ही लगता है।वे अपना सेवा भावना से हर जरूरतमंद की मदद कर के मिसाल पेश किया है। इसके साथ ही शिक्षण व समाज के क्षेत्र में हर वर्ग के लिए प्रेरणा के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर चुके हैं।

# झारखंड गृह रक्षा वाहिनी के पारण परेड में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई उपायुक्त

**- गढ़वा जिले के 188 होमगार्ड के जवानों ने अपना प्रशिक्षण पूरा किया,63 दिन थी प्रशिक्षण की अवधि**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड गृह रक्षा वाहिनी क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र,हजारीबाग में रविवार को पासिंग आउट परेड समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त नैंसी सहाय शामिल हुई। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त ने परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी प्रशिक्षणरत गृहरक्षा वाहिनी के जवानों को सेवा मूल्यों को बनाए रखने, संविधान में श्रद्धा और सच्ची निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने की शपथ दिलाई गई। मार्च पास्ट के दौरान प्रशिक्षुओं के प्रशिक्षण का शानदार नजारा दिखा। उपायुक्त ने कहा कि 188 होमगार्ड के जवानों ने अपना प्रशिक्षण पूरा किया है। इस प्रशिक्षण की अवधि 63 दिनों की थी। प्रशिक्षण के बाद गढ़वा जिले के 388 गृहरक्षकों ने मार्च पास्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अब ये गृह रक्षक अपने गृह जिला गढ़वा में सेवा देंगे। उपायुक्त ने इनके कड़े प्रशिक्षण की सराहना की तथा प्रशिक्षकों ने भी बहुत कम समय में प्रशिक्षण की अवधि को पूर्ण कराया उन्हें भी सराहा। उपायुक्त ने सभी नवनियुक्त होमगार्ड को शुभकामनाएं दी तथा होमगार्ड कमांडेंट और उनकी पूरी टीम को भी अच्छे प्रशिक्षण देने के लिए बधाई भी दिया।

## सड़क दुर्घटना मे दो युवक घायल, रिम्स रेफर

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार देर रात सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना कटकमसांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत कटकमसांडी डांटो मार्ग पर भदुलिया के पास हुई है। तीखे घुमावदार मोड़ पर स्कूटी असंतुलित होकर डिवाइडर से जा टकराई और उस पर सवार दो युवक गड्ढ़े में जा गिरे। दोनों को रिम्स रेफर कर दिया गया है। घायलों में डांटो निवासी विकास कुजूर तथा कटकमसांडी छलटा निवासी रंजीत नोन्हा शामिल है। रंजीत नोन्हा स्कूटी से विकास कुजूर को डांटो छोड़ने जा रहा था। इसी दौरान दोनों हादसे का शिकार हो गए। रात के समय मौके से गुजर रहे कुछ राहगीरों ने घायलावस्था दोनों को देखा तो घटना की जानकारी कटकमसांडी पंचायत की मुखिया को फोन से दी। मामले से कटकमसांडी पुलिस को भी इसकी सूचना दी गई। घायलों को कटकमसांडी सीएचसी लाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल हजारीबाग भेज दिया। वहां डॉक्टरों ने दोनों की गंभीर हालत और हेड इंजरी होने के कारण तुरंत रिम्स रांची रेफर कर दिया।

## विष्णुगढ़ के एक और प्रवासी मजदूर की गई जान, परिजनों को अंतिम दर्शन की आस



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वर्तमान साल का अंत होने को है,परन्तु अभी तक नही थमता नजर आ रहा है,प्रवासी मजदूरों की मौत का सिलसिला।अभी तक करीब डेढ़ दर्जन से अधिक विष्णुगढ़ के प्रवासी मजदूरों की घटना या दुर्घटना में असमय काल के गाल में समा चुके,इसी कड़ी में विष्णुगढ थाना क्षेत्र अंतर्गत जोबर फुसरो के प्रवासी मजदूर की चैन्नई में रविवार को मौत हो गयी। मौत के बाद परिजनों ने उनके अंतिम दर्शन के लिए सरकार से गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत जोबर फुसरो निवासी कोकील महतो के पुत्र सरजू कुमार महतो की चैन्नई में मौत हो गयी।मौत की सूचना मिलते ही परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल हैं। गांव वाले भी शोक में हैं। मृतक सरजू कुमार महतो चैन्नई में इलेक्ट्रो स्टील टेस्टिंग राधा रानी इंटरप्राइजेज कंपनी में काम करता था।वह घर का एकलौता कमाऊ व्यक्ति था। घर की आर्थिक स्थिति ठीक नही होने से चैन्नई से शव लाने में असमर्थ हैं।वहीं इस घटना को लेकर प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले समाजसेवी सिकन्दर अली ने संवेदना प्रकट की है। उन्होंने सरकार से चैन्नई से उचित मुआवजे के साथ शव लाने की अपील की है। प्रतिदिन झारखंड के किसी न किसी इलाके से प्रवासी मजदूर की दूसरे राज्यों या विदेश में मौत की खबरें आ रही है। सरकार को झारखंड ने ही रोजगार की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि मजदूरो का पलायन रोका जा सके।

## बरही प्रेस क्लब की मासिक बैठक सम्पन्न, चार जनवरी को वनभोज कार्यक्रम का आयोजन



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में रविवार को बरही प्रेस क्लब का मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष राजदेव गुप्ता एवं संचालन संयुक्त सचिव कमल शंकर पंडित ने किया। बैठक में संगठन के मजबूती, कोष एवं वनभोज पर चर्चा किया गया। जहां उक्त बैठक में मौजूद संगठन के सभी सदस्यों ने बारी - बारी से अपनी सुझाव दिए। साथ ही सर्वसम्मति से अनुज सोनी को संगठन का कोषाध्यक्ष भी बनाया गया। वहीं कोषाध्यक्ष बनाए जाने पर अनुज सोनी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जिस उम्मीद के साथ मुझे जिम्मेवारी सौंपी है, उसको पूरी करना मेरी प्राथमिकता होगी। साथ ही कहा कि कोष पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। वहीं बैठक में नव वर्ष के उत्सव में आगामी 4 जनवरी को वन भोज कार्यक्रम आयोजन करने पर भी सहमति जताई गई। बैठक में संरक्षक जावेद इस्लाम, प्रमोद विश्वकर्मा, कृष्णा प्रजापति, दयानंद चौरसिया, सचिव सोनु पंडित, उपाध्यक्ष कृष्णा यादव, नवनियुक्त कोषाध्यक्ष अनुज सोनी, उपसचिव अमित सोनी कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र निषाद, बिपिन पांडेय, शान अख्तर, राजेश केशरी एवं सोमनाथ ठाकुर मुख्य रूप से मौजूद थे।

## दारू मंडल से भाजपा की प्रचंड जीत, जनता की जीत है : अशोक कुशवाहा



**दारू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की प्रचंड जीत को लेकर दारू मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा ने मीडिया से मुखातिभ होकर बूथ स्तर के कार्यकर्ताओ एवं दारू की जनता का आभार जताया। श्री कुशवाहा ने कहा कि भले ही राज्य में हमारी सरकार ना बना हो लेकिन जनता ने जो आशीर्वाद दिया है उसके लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। नई सरकार जनता से अपने मेनिफेस्टो में कई वादाएं की है यदि वह पूरा नहीं करते तो विपक्ष में रहकर जनता के हितकारी में अपना आवाज बुलंद करूंगा। वही मंडल के महामंत्री संजय कुशवाहा ने जनता की जीत के साथ दारू प्रखंड के भाजपा के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की जीत और पार्टी का रीढ़ पन्ना प्रमुख की जीत बताया। साथ ही कहा कि पार्टी के आदेश पर जनता के हित में हर संभव कार्य करूंगा। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू, सोशल मीडिया प्रभारी संदीप कुमार, इंद्र पासवान एवं अन्य कई लोग मौजूद थे।

## नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का विजेता बना पताल पंचायत की टीम



**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** केरेडारी के कृषि फॉर्म मैदान में आयोजित नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को खेला गया। फाइनल मुकाबला चट्टी बरियातू पंचायत और पाताल पंचायत के बीच खेला गया। जिसमें पाताल पंचायत के फुटबॉल टीम ने चट्टी बरियातू पंचायत के फुटबॉल टीम को दो एक हरा कर खिताब पर कब्जा जमाया। विजेता टीम पाताल को नकद 25 हजार और बड़ा विशाल शील्ड और उपविजेता चट्टी बरियातू के टिम को 15 हजार व छोटा ट्रॉफी दिया गया। उक्त फुटबॉल टूर्नामेंट में प्रखंड के 16 टीमों ने लिया। जिसमें सभी टीमों को जर्सी सेट दिया गया। फाइनल मुकाबला के मुख्य अतिथि बीजेपी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा विशिष्ट अतिथि आजसू प्रखंड अध्यक्ष पंकज साहा जयनारायण प्रसाद उपेंद्र सिंह केरेडारी भाजपा मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव,पूर्व प्रखंड अध्यक्ष बालगोविंद सोनी,नरेश महतो,आजसू जिला मीडिया प्रभारी दीपक कुमार दीन्हा,कंचन यादव,बहादुर राम उपस्थित थे। मैच में रेफरी की भूमिका ज्ञानी कुमार,लाइन मेन अरविंद दास व नीतीश दास ने निभाया! मौके पर बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

## झील परिसर में हो रहे इंटरटेनमेंट ने एड्स दिवस पर चलाया जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झील परिसर हजारीबाग में विश्व एड्स दिवस पर हो एंटरटेनमेंट कल्चरल टीम, हजारीबाग के तरफ से नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन जागरूकता कार्यक्रम किया गया. जिसमें लोगों को एड्स बीमारी के फैलने के कारण, उससे बचाव, रोकथाम, जागरूकता व सतर्कता के बारे में बताया गया। मौके पर हो एंटरटेनमेंट कल्चरल टीम के संरक्षक चंदन सिंह ने कहा कि इस सावधानी ही इस बीमारी से बचने का एक उपाय है, इसलिए इस जन जागरूकता को आगे भी अंजान लोगों तक पहुंचाए ताकि एड्स के फैलाव को रोका जा सके। जाने माने शिक्षक व रंगकर्मी राकेश कुमार ने बताया कि हो एंटरटेनमेंट कल्चरल टीम की यह प्रस्तुति काबिले तारीफ़ है कि जिस गम्भीर बीमारी के विषय पर बात करने में आज भी हमारा समाज कई बार सोचता है, उस पर इन कलाकारों ने खुलकर अपने नाटक के माध्यम से अलख जगाने का काम किया है। तरंग ग्रुप के सचिव अमित कुमार गुप्ता ने भी कार्यक्रम की प्रस्तुति की सराहना की तथा उपस्थित लोगों को इस बीमारी के प्रति सचेत रहने को कहा तथा एड्स पीड़ित व्यक्तियों के प्रति आदर सम्मान व्यवहार रखने की भी अपील की। अधिवक्ता सह सामाजिक कार्यकर्ता रवि सिंह ने कहा कलाकारों ने जागरूकता लाने के लिए उम्दा काम किया है. धन्यवाद ज्ञापन हो एंटरटेनमेंट के डायरेक्टर रोहित वर्मा ने किया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी दर्शकों और टीम के सभी सदस्यों और कलाकारों को धन्यवाद ज्ञापन किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में टीम सदस्य पवन रजक, सौरभ वर्मा, दीपक झा, शशिकांत कुमार, परमानंद कौशिक, मनीषा कुमारी,अनिल कुमार, मनोज पांडेय, श्वेता कुमारी, सलोनी कुमारी, ओमकार तिवारी ने मुख्य भूमिका निभाए।

## बरही विधायक को बधाई देने वालों का लगा रहा तांता, आवास पर दिनभर रहा चहलकदमी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रचंड बहुमत से जीतकर भाजपा के बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने क्षेत्र में एक नई राजनीतिक लहर बनाई है। उनकी इस ऐतिहासिक जीत के बाद रविवार को उनके आवास पर समर्थकों और शुभचिंतकों का तांता लगा रहा। विधायक के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम जनता पहुंचकर उन्हें जीत की बधाई दी। इस दौरान शुभचिंतकों ने बुके और मिठाइयों के साथ अपने नेता का स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बरही के भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक मनोज यादव को उनकी जीत पर बधाई देते हुए कहा कि यह जीत क्षेत्र में विकास और परिवर्तन का प्रतीक है। समर्थकों का उत्साह इस बात को स्पष्ट करता है कि मनोज यादव के प्रति जनता का विश्वास मजबूत है। इस अवसर पर विधायक मनोज कुमार यादव ने अपने समर्थकों और क्षेत्रवासियों का धन्यवाद करते हुए कहा, यह जीत मेरी नहीं, बल्कि बरही की जनता की है। मैं क्षेत्र के विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करूंगा और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करूंगा। विधायक ने इस दौरान क्षेत्र के विकास, युवाओं के सशक्तिकरण, और बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने की प्राथमिकताओं का भी जिक्र किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बरही के हर व्यक्ति की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। विधायक के आवास पर दिनभर रौनक बनी रही, जहां हर वर्ग के लोग उनकी सफलता का जश्न मनाने पहुंचे। बरही की जनता ने इस जीत को एक नई शुरुआत के रूप में देखा है और विधायक से क्षेत्र में व्यापक बदलाव की उम्मीद जताई है।

## बरही आवासीय कार्यालय में कांग्रेस के नेताओं ने किया चुनाव पर समीक्षा

**- सरकार इंडिया गठबन्धन की हैं, जनता की सेवा में हमेशा रहूंगा तत्पर : अरुण साहू**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही हाउस पर बरही विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने कांग्रेस के नेताओं के साथ विधानसभा चुनाव हार पर समीक्षा बैठक किया। जिसकी अध्यक्षता बरही प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी व संचालन पदमा प्रखंड अध्यक्ष गौतम मेहता ने किया।

समीक्षा के दौरान मुख्य रूप से कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजाम उद्दीन अंसारी, कांग्रेस नेत्री साबी देवी, जिला ओबीसी कांग्रेस अध्यक्ष दीपक गुप्ता, वरिष्ट कांग्रेस नेता तोखन रविदास, चन्द्रवारा प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद वर्णवाल, चौपारण प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष बैजू गहलोत, बरही प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, पदमा प्रखंड अध्यक्ष गौतम मेहता, जिला मीडिया सेल हेड उदय केशरी आदि मौजूद थे। समीक्षा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक एक करके अपने विचारों को रखा। कहा कम समय रहने के कारण सभी वोटर तक नहीं पहुंच पाए, इसमें सुधार कर एक एक जनता तक पहुंच कर कांग्रेस और हमारे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विचार धारा को जन जन तक पहुंचायेंगे और अगली बार बड़ी जीत हासिल करेंगे। कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने कहा कि बरही विधानसभा की जनता ने जो बड़ी जनादेश दिया है, इसके लिए सभी को पुनः एक आभार व्यक्त करता हूं। वही कहा कि चुनाव में जहां भी हमलोग से गलती हुई है, उस पर सुधार करेंगे। बरही की जनता की सेवा के लिए हमेशा समर्पित रहेंगे, सरकार हमारी इंडिया गठबंधन कांग्रेस की हैं किसी भी कार्यकर्ता को किसी प्रकार की कोई समस्या और दिक्कत नहीं होगी, कार्यकर्ताओं के सुख दुख में हमेशा शामिल रहूंगा। दूसरी ओर बरही विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक मनोज यादव को जीत के लिए बधाई दी और उनसे बरही को नशा मुक्त करने, गुंडागर्दी को समाप्त करने और राष्ट्रीय सड़क निर्माण में लापरवाही पर अंकुश लगाने का आग्रह किया। कांग्रेस नेत्री साबी देवी ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं ने वोटर के बीच भ्रामिक प्रचार प्रसार और डरा कर बीजेपी ने मतदाओं को अपने पक्ष वोट कराया लेकिन मैं अपने पति स्व तिलेश्वर साहू का नया बरही और चाहमुखी विकास का सपनों को पूरा करने लिए अन्तिम सांस से लड़ती रहूंगी। समीक्षा बैठक में धन्यवाद ज्ञापन ओबीसी कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने किया।बैठक में कांग्रेस नेता बीरबल साहू, चंद्रभूषण साहू, उप प्रमुख प्रतिनिधी लालेश साहू, कांग्रेस नेता तौकिर रजा, मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, अशोक सिंह, ओबीसी महासचिव सुनील साहू, जितेंद्र गिरी, संजय सिंह, मंटु सिंह, तौकिर रजा, प्रकाश विश्वकर्मा, मिन्हाज मेंहदी, प्रकाश विश्वकर्मा, राजू साव, गौतम चंद्रवंशी, रिजवान अंसारी, गौतम मेहता, पंकज पासवान, बबलु साव, टिंकू कुमार, संतोष कुशवाहा, जमीर उद्दीन, उमाकांत दास, मुकेश सिन्हा, मुनेश्वर साव, राजू सिंह, राजेश रजक, राजा सिंह, प्रेम सिंह, राजेश साव, चंदन रविदास, मो. तैयब अंसारी, अजीत पासवान, अर्जुन साव, दिलेश्वर साव, निरंजन धनमूर्ति, भोली पासवान, करण ओझा, शंभु मेहता, महेश साव रवि सिंह, मो खुर्शीद सहित अन्य सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## उपायुक्त का लोकहित से जुड़ा एक और सार्थक प्रयास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार डीएमएफटी मद से जिलास्तर पर कई उल्लेखनीय कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। इसी कड़ी में उपायुक्त के एक और महत्वपूर्ण निर्णय से शहर की कई सड़कें दूधिया रोशनी में नहा रही है। हज़ारीबाग की हृदय स्थली झील की सड़क हो या होम गार्ड चौक से इंदिरा गाँधी स्कूल तक,राजेन्द्र प्रसाद चौक से प्रेस क्लब तक,झील परिसर अवस्थित ओपन एंफी थियेटर्स से कर्पूरी ठाकुर स्मारक स्थल से इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय होते हुए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज व अन्य स्थानों की सड़कें चमचमा रही है। जिला प्रशासन निरंतर हजारीबाग शहर की खूबसूरती के लिए प्रयासरत है और कई उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे है। स्ट्रीट लाइड के जगमगाने से आम आवाम में खुशी व्याप्त है वहीं एलईडी लाइट से कम बिजली खपत से ज्यादा रोशनी भी दी जा रही है। स्ट्रीट लाइट की मदद से रात के अंधेरे में किसी दुर्घटना की संभावनाओं को भी समाप्त किया जा सकेगा।

उपायुक्त ने कहा है कि डीएमएफटी मद से कई लोकहित से जुड़े कार्य प्रक्रियाधीन है जिन्हें जल्द ही पूरा कर जिलेवासियों के लिए समर्पित होगा।

## गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में दो दिवसीय नेशनल सेमिनार शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग ।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग में इंटरनल क्वालिटी एसस्युरेंस सेल (आईक्यूएसी) की ओर से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार एक दिसंबर को यहां विवेकानंद सभागार में शुरू हो गया। बतौर मुख्य अतिथि आईसेक्ट यूनिवर्सिटी हजारीबाग के कुलपति प्रोफेसर डॉ. प्रमोद कुमार नायक ने 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस - द फ्यूचर ऑफ लर्निंग' विषय पर अपने वक्तव्य में कहा कि मानवीय क्षमता के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) बहुत बड़ी चुनौती है। हालांकि यह मशीन कभी भी शिक्षक का स्थान नहीं ले सकती। एआई वही निर्देश दे सकता है, जितना कि उसे बनानेवाले मानव ने उसकी मेमोरी में सामग्रियां डाली हैं। यह काफी तीव्र गति से काम करता है और हर क्षेत्र में इसका सदुपयोग हमें सहयोग प्रदान करता है। उन्होंने इसके दुरुपयोग से होने वाले दुष्परिणाम से भी अवगत कराया और उससे बचने की सलाह दी। एआई के सदुपयोग और दुरुपयोग पर चर्चा करते हुए बतौर मुख्य वक्ता डॉ निर्विकार कटियार, निदेशक, इंजीनियरिंग कॉलेज कानपुर सह पूर्व वीसी ओपीजेएस यूनिवर्सिटी चुरू, राजस्थान ने कहा कि मशीन के रूप में इंसान का एक विकल्प तैयार किया जा रहा है, जो एआई है। उन्होंने आई रेज, मेटा साइंस, रामायण में इस्तेमाल होनेवाले बाण, पुष्पक विमान आदि को एआई का उदाहरण बताया। आधुनिकतम तकनीक सोहरा के बारे में बताया कि यह एआई का टूल है, जो किसी भी प्रकार का डिजाइन तैयार करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि भविष्य में हमें किस मकसद और किस दिशा में एआई का सदपुयोग हो, चर्चा इस पर होनी चाहिए। डॉ. रवींद्र प्रकाश किरण, प्राचार्य, एक्जोल्ट कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने कहा कि एआई ने पूरे विश्व के हर क्षेत्र में क्रांति ला दी है। यह बदलाव का वक्त है, जिससे कई चीजें हासिल हो सकती हैं। जिसमें स्किल है, एआई से उन्हें कोई खतरा नहीं है। इसकी खूबियों को ग्रहण करें, न कि इसकी खामियों को। राष्ट्रीय सेमिनार में सोशल रिसर्च फाउंडेशन कानपुर के सचिव डॉ राजीव मिश्रा और चितरपुर कॉलेज चितरपुर के सहायक प्राध्यापक डॉ उत्तम कुमार ने भी एआई के सदुपयोग और दुरुपयोग से होनेवाले लाभ व नुकसान पर अपने विचार रखे। इससे पहले अतिथियों ने 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस - द फ्यूचर ऑफ लर्निंग' विषय पर प्रकाशित स्मारिका का विमोचन किया। वहीं उज्ज्वल भारत ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अजय सिंह, गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष मनोज कुमार और सचिव मिथिलेश मिश्र ने बुके, शॉल व उपहार भेंटकर अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया। उपाध्यक्ष ने विषय प्रवेश और सचिव ने अतिथि परिचय कराया। सभी अतिथियों ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर नेशनल सेमिनार का शुभारंभ किया। प्रशिक्षुओं ने स्वागत गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से अतिथियों का स्वागत किया। मंच संचालन सहायक प्राध्यापिका कुमारी अंजलि, आईक्यूएसी की को-ऑर्डिनेटर डॉ वसुंधरा कुमारी और एसआरएफ इंटरनेशनल कानपुर उत्तर प्रदेश की भावना मिश्रा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी प्राचार्या डॉ पुष्पा कुमारी ने दिया। राष्ट्रगान के साथ पहले दिन के दोनों सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हुए। दो दिसंबर की सुबह नौ बजे से दो सत्रों में सेमिनार होंगे। मौके पर पूरा कॉलेज परिवार उपस्थित था।

**सेमिनार का समापन आज :** दो दिसंबर को सेमिनार के समापन सत्र के अतिथि विभावि के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ बंशीधर प्रसाद रूखैयार, प्रो. डॉ. इनाम नबी सिद्दिकी, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग विभावि की प्रो. अर्चना रीना धान और जनजागरण केंद्र के सचिव इंजीनियर संजय कुमार सिंह होंगे। वहीं तकनीकी सत्र में प्रो. डॉ रीना सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर साईनाथ यूनिवर्सिटी रांची प्रस्तुति देंगी। फिर सर्टिफिकेट वितरण का कार्यक्रम होगा।

**एसआरएफ का सम्मान समारोह आयोजित :** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंगंज हजारीबाग में आयोजित दो दिवसीय नेशनल सेमिनार में सोशल रिसर्च फाउंडेशन की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें बतौर विशिष्ट अतिथि विनोबाभावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के पूर्व रजिस्ट्रार प्रो. डॉ इनाम नबी सिद्दिकी को लाइफ टाइम अवार्ड से सम्मानित किया गया। वहीं उज्ज्वल भारत ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अजय सिंह, गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष मनोज कुमार, सचिव मिथिलेश मिश्र, डॉ वसुंधरा कुमारी, डॉ मीरा सिंह, संदीप कुमार सिन्हा, अन्य संस्थानों से डीके ओझा, अलका सिंह, डॉ स्वाति कुमार, रांची की डॉ ज्योति रानी, डॉ रूबी कुमारी, असम की डॉ विजेता श्रीवास्तव, मिती मिश्रा और भावना मिश्रा को सम्मानित किया गया। कॉलेज प्रबंधन समिति की ओर से सोशल रिसर्च फाउंडेशन कानपुर के सचिव डॉ राजीव मिश्रा को भी सम्मानित किया गया।

# रामगढ़ होटल वेव्स के मालिक के घर हुआ 50 लाख की चोरी के आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**➡ आरोपी को सागर मध्य प्रदेश में किया गया है गिरफ्तार , रामगढ पुलिस उसे लेकर आ रही है**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ शहर के शिवाजी रोड स्थित होटल वेव्स के मालिक संजीव चड्ढा के मकान में 50 लाख की चोरी की वारदात को अंजाम दिया है । यह चोरी की घटना होटल में 8 साल काम कर रहे एक कर्मचारी उसी होटल के मालिक का घर साफ कर दिया। होटल वेव्स के मालिक संजीव चड्ढा के बयान के आधार पर पुलिस ने अपनी तहकीकात शुरू कर दी है. होटल वेव्स चार मंजिला मकान में संचालित होता है. नीचे के दो ताले में होटल और पार्टी हॉल है. उसके ऊपर संजीव चड्ढा का पूरा परिवार रहता है। पीड़ित ने बताया कि जिस कमरे में जेवर और नगद से भरा अलमीरा मौजूद था। शातिर होटल स्टॉफ आकाश धनक ने वहीं धावा बोला। उन्होंने बताया कि होटल बंद था और स्टॉफ के लिए कुछ कमरे खुले हुए थे. इसी खालीपन का फायदा चोर आकाश धनक ने उठाया और 28 नवंबर को उसने इस वारदात को अंजाम दिया। इस धटना का मुख्य आरोपी आकाश घर में घुसते और निकालते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ था।




यह घटना तब हुई जब होटल मालिक पूरे परिवार के साथ एक शादी समारोह में बाहर गए थे।तब घटना को अंजाम दिया गया है।इस घटना को लेकर रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने कहा था कि 24 घंटे के अंदर आरोपी को पकड़ लिया जाएगा इसी को लेकर रामगढ़ पुलिस काफी सक्रिय दिखी रामगढ पुलिस सीसीटीवी को खंगालने के बाद पता चला कि आरोपी मध्य प्रदेश सागर निवासी है जिसे सागर पुलिस को सूचना दी गई सागर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। रामगढ़ पुलिस आरोपी को लेकर आ रही है इसकी जानकारी रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने दिया।

## दो दिवसीय दिव्यांग महिला के ट्रायल और प्रशिक्षण का हुआ समापन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** दिव्यांग जनों के हितेषी संस्था दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के तत्वाधान में जिला मे चल रहे दो दिवसीय दिव्यांग महिला के ट्रायल और प्रशिक्षण का छावनी परिषद के मैदान मे रविवार को समापन किया गया। इस दौरान झारखण्ड राज्य के विभिन्न जिलों से आये दिव्यांग महिला क्रिकेट खिलाड़ियों ने पसीना बहाते हुवे जबरदस्त हुनर का प्रदर्शन किया। ट्रायल मे राज्य के विभिन्न के 45 दिव्यांग महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया।जिसमे 16 खिलाड़ियों का अंतिम चयन किया गया।इसके पूर्व रविवार की कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे. रिसोर्स शिक्षक पॉवेल कुमार शामिल हुवे । दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के निर्देशक अतहर अली,कोषाध्यक्ष संदीप करमाली ने बताया की दो दिवसीय प्रशिक्षण मे अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अगामी दिनांक 30 एवं 31 दिसंबर को होने वाले राज्य स्तरीय महिला दिव्यांग क्रिकेट मैच मे शामिल किया जायेगा। झारखण्ड के महिला खिलाड़ियों मे 1, नागेशवरी कुमारी कप्तान हज़ारीबगा, 2. रीना कुमारी उपकप्तान रांची, 3,पम्मी कुमारी हज़ारीबाग, 4, सबिहा नाज़ चतरा, 5, नाज़मा खातून धनबाद,6,सोमी कुमारी हज़ारीबाग,7, कंचन कुमारी हज़ारीबाग, 8, कलावती कुमारी हज़ारीबाग, 9, खुसबु कुमारी जमाताड़ा, 10, समजिदा खातून, लोहरदगा, 11, रीता कुमारी, रामागढ़, 12, पायल कुमारी रामगढ़, 13 , रूना कुमारी बोकारो, 14, इंदु कुमारी कोडरमा, 15, कविता कुमारी हज़ारीबाग, 16 संजू कुमारी, 17, सुशीला कुमारी 18, जमुना कुमारी, 19 मुस्कान 20, सुशीला कुमारी, हजारीबाग , का चयन झारखण्ड दिव्यांग महिला क्रिकेट टीम में हुआ, चयन खिलाड़ीयो में वाक्य चेहरे में मुस्कान देखने लायक था ,आगामी नेशनल क्रिकेट प्रतियोगिता में भारत देश के हिमाचल प्रदेश,उत्तर प्रदेश, ओड़िशा, दिल्ली और झारखंड की टीमें शामिल हो रही है। यह मैच आईपीएल के तर्ज पर होगी। इसमे विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जायेगा। ट्रायल और प्रशिक्षण के कोच के रूप में जितेंद्र कुमार , सहायक कोच सुरेंद्र कुमार ,कमरुल अंसारी, अलाउद्दीन अंसारी, वा नेहा परवीन, रणजीत कुमार, टीम मैनेजर ऊषा लोहारा, देवराज राम शकील अंसारी इत्यादि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे,

## भुरकुंडा में पासवान कल्याण कमेटी ने बैठक कर वनभोज की तैयारियों पर की चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** भुरकुंडा पंचायत भवन में रविवार को पासवान कल्याण केंद्रीय कमेटी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष उपेंद्र पासवान और संचालन भुरकुंडा मुखिया अजय पासवान ने किया।बैठक में बतौर मुख्य अतिथि खजांची राम उपस्थित रहे। बैठक में आगामी 10 जनवरी को आहूत वनभोज सह मिलन समारोह के भव्य आयोजन को लेकर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर कार्यभार भी सौंपे गए। वहीं बैठक के दौरान समाज और संगठन की मजबूती को लेकर विस्तार से चर्चा भी की गई। बताया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी 10 जनवरी को समाज का वनभोज सह मिलन समारोह भव्य रूप से मनाया जाएगा। जिसमें झारखंड सहित अन्य राज्यों से भी समाज के कई गणमान्य लोग भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक मुद्दों पर चर्चा के साथ-साथ शैक्षणिक संस्थानों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में मुखिया अजय पासवान, प्रभु पासवान, विरेंद्र पासवान, इंद्रदेव पासवान, सुरेंद्र पासवान, बिजेंद्र पासवान, संजय पासवान, प्रेम पासवान सहित कई मौजूद थे।

## पाइप बिछाने में पीसीसी सड़क काटकर मरम्मत नहीं करने की शिकायत को लेकर मुखिया ने दिया आवेदन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** हर घर नल जल योजना के तहत निलेश कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा बूमरी पंचायत के बूमरी , कंजगी और चपरी के घर गली में पीसीसी सड़क काटकर पाइप लाइन बिछाया गया । और कई जगह अधूरा भी है । पाइप लाइन बिछाने के बाद कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा पीसीसी सड़क को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया गया है । जिसको लेकर बूमरी पंचायत के मुखिया करण कुमार बेदिया ने कंस्ट्रक्शन कंपनी के पदाधिकारीओ से पीसीसी सड़कों की मरम्मत को लेकर कई



बार बात किया परंतु कोई भी सकारात्मक पहल नहीं किया गया । मुखिया करण कुमार बेदिया ने कंस्ट्रक्शन कंपनी के साइड इंचार्ज सौरव कुमार से बात करने पर सिर्फ आश्वासन दिया । परंतु काम नहीं किया गया । जिससे क्षेत्र के ग्रामीण काफी आक्रोश में है । इस संबंध बूमरी पंचायत के मुखिया करण कुमार बेदिया कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को आवेदन देकर विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त किए गए पीसीसी सड़कों की मरम्मती करने का मांग किया है ।साथ ही इसकी प्रतिलिपि उपायुक्त रामगढ़ और उपविकास आयुक्त को भी दिया है ।

## समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच भुरकुंडा द्वारा भोजन सेवा का किया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच भुरकुंडा द्वारा पिछले 9 वर्षों से निरंतर चल रही भोजन सेवा इस रविवार भी साप्ताहिक बाजार में आयोजित की गई। इस अवसर पर दूर-दराज से आए हुए 150 गरीब महिलाएं, पुरुष और बच्चे, जो दातुन पत्तल बेचने का काम करते हैं, उनके बीच पूड़ी और सब्जी का वितरण किया गया। यह सेवा हर रविवार की तरह समाज के जरूरतमंदों को एक महत्वपूर्ण सहारा देने का काम कर रही है, जो एक तरफ उनके भरण-पोषण में मदद करती है, वहीं दूसरी तरफ समाज में एकता और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करती है। इस आयोजन में राष्ट्रीय सेवा मंच के प्रमुख सदस्य डब्ल्यू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, रिंकू वर्नवाल,शिवकुमार यादव कारू यादव, उदयभान दुबे, , लखन राम, लालू उरांव, विजय राम, मोहम्मद




शाहिद, संजू सिन्हा, रविंद्र सिंह और अन्य समाजसेवी उपस्थित थे, जिन्होंने इस नेक कार्य को सफल बनाने के लिए अपना समर्थन दिया। इन समाजसेवियों ने इस आयोजन में सहभागिता करते हुए समाज के गरीब और असहाय वर्ग के बीच इस तरह की पहल की अहमियत को रेखांकित किया। राष्ट्रीय सेवा मंच का यह कार्यक्रम केवल भोजन वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से एक समाजिक सशक्तिकरण का संदेश भी दिया जा रहा है, जिसमें समाज के हर वर्ग को सहयोग करने और एक-दूसरे के साथ खड़ा होने की प्रेरणा मिलती है।

## गांधी घाट में मुक्तिधाम संस्था परिसर में किया गया वृक्षारोपण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ दामोदर नदी के किनारे स्थित गांधी घाट में मुक्तिधाम संस्था के परिसर में रविवार को वृक्षारोपण किया गया। जिसमें दुनिया का दुर्लभ पौधा कल्प वृक्ष लगाया गया । इस प्रजाति के पौधे विलुप्त हो चुके हैं लेकिन रांची में हिनू और डोरंडा के बीच में इसके दो वृक्ष अभी सैकड़ो वर्षो से लगे हुए हैं.जिसे सरकार ने दुर्लभ वृक्ष घोषित कर सुरक्षित किया है . रामगढ़ के पूर्व थाना इंचार्ज इंस्पेक्टर अजय कुमार साहू ने विशेष रूप से प्रयास कर इस पौधे को मंगवाया तथा लगवाया। इस दुर्लभ प्रजाति के पौधे को लगाने में एसआई निखिल राहुल , एसआई रितेश कुमार, कांस्टेबल रंजन कुमार सिंह, गांधी कुमार एवं मुक्तिधाम



के प्रबंधक कमल बगड़िया उपस्थित थे। हमारे ग्रंथो में कहा गया है कि समुद्र मंथन के क्रम में कल्पतरु वृक्ष भी देवताओं को मिला था. यह वृक्ष वही प्रजाति का है। एसआई निखिल राहुल का परिवार इस वृक्ष के उत्पादन में विशेष निपुणता हासिल की है।

## दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष ने तमाड़ विधायक से की शिष्टाचार भेंट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक विकास मुंडा से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने श्री मुंडा को उनकी ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी और उनके नेतृत्व में क्षेत्र के समग्र विकास की आशा व्यक्त की।भेंट के दौरान मंगलेश ने दुलमी प्रखंड की जनता की ओर से विधायक को आमंत्रित करते



हुए कहा कि क्षेत्र के विकास और जनहित के कार्यों में उनका मार्गदर्शन और सहयोग आवश्यक है। उन्होंने विधायक से आग्रह किया कि वे दुलमी प्रखंड का दौरा करें और स्थानीय समस्याओं को समझते हुए उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाएं। विकास मुंडा ने मंगलेश के इस आग्रह को सकारात्मक रूप से स्वीकार किया और दुलमी प्रखंड के विकास में सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के हर कोने में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी और जनता के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

## भुईफोड़ शिव मंदिर में दसवां वार्षिक महोत्सव श्रद्धापूर्वक मना

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनबाद जिले के प्रसिद्ध मंदिरों में शुमार भुईफोड़ शिव मंदिर का दसवां वार्षिक महोत्सव रविवार को श्रद्धा के साथ मनाया गया। भारत सेवा संघ द्वारा इसका आयोजन हुआ। महोत्सव पर हवन कीर्तन व पूजन बड़े धूमधाम से की गई। पत्रकारों से बात करते हुए स्वामी विक्रमानंद महाराज ने बताया कि माताजी कालेश्वरी की पुण्यतिथि पर भंडारा हुआ जिसमें बड़ी तादाद में श्रद्धालु उपस्थित हुए। इस वर्ष भुईफोड़ मंदिर का दसवां वार्षिक महोत्सव बहुत श्रद्धा से मनाया जा रहा है। भुईफोड़ मंदिर के वार्षिक महोत्सव में विभिन्न क्षेत्र के महर्षि यहां हवन पूजन के लिए उपस्थिति हुए हैं।



## जूडो ट्रायल मे राजकमल व धनबाद पब्लिक स्कूल के खिलाड़ी छाये रहे

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 26-27 दिसंबर को रांची मे आयोजित होने वाले झारखंड राज्य सब जूनियर वा सिनियर जूडो चैम्पियनशिप मे भाग लेने हेतु धनबाद जिला जूडो ट्रायल का शानदार आयोजन धनबाद मार्शल आर्ट सेंटर, नन्हे कदम प्ले स्कूल, धोवाटांड मे किया गया। इसकी जानकारी देते हुए धनबाद जिला जूडो संघ के सचिव पप्पू कुमार ने बताया की ट्रायल के लिए भारी संख्या मे धनबाद के जूडोका सम्मिलित हुए। सभी खिलाड़ीयों की वजन, माप, शारीरिक जांच, जूडो टेक्निक वा फाईट के पश्चात धनबाद जूडो टीम का चयन किया गया जिसमें सब जूनियर (लड़के) प्रशांत हेम्ब्रम, दिवाकर कुमार शर्मा, काव्यांश कुमार, आर्यन प्रकाश, उल्लास रंजन, हर्ष कुमार, अरन्व सिंह, सिध्दार्थ सैनी, मोहित कुमार ठाकुर, संघर्ष सुमन, आदर्श राज, प्रेरित कुमार, युवराज सिंह, सत्यम सिंह, मिहिर कुमार झा, युवराज शर्मा, शिवम दे, प्रियांशु राज, राजवीर राज, लक्ष्य कुमार सिंह। सिनियर लड़के संभव कुमार, सोमनाथ भट्टाचार्यजी, अंकित कुमार, रणवीर ठाकुर, अनिकेत भारद्वाज, संजीव कुमार भारती, देव कुमार राय। लड़कियाँ कोमल कुमारी, अर्पणा कुमारी, अणुप्रिया लाल, मानसी कुमारी, अलाफिया जोहा, लक्ष्मी कुमारी, आरती कुमारी, आरती कुमारी शर्मा हैं। चयनित खिलाड़ीयों मे राजकमल स.वि.मंदिर व धनबाद पब्लिक स्कूल हिरक ब्रांच के छात्रों की संख्या ज्यादा है। सभी चयनित जूडोका 25 दिसंबर को रांची के लिए प्रस्थान करेंगें। धनबाद जिला जूडो संघ के अध्यक्ष शैयद मतलुब हाशमी, कोषाध्यक्ष विनय रिटोलिया, दिनेश मंडल, तोराब खान, पंचम लाल शर्मा, अरूण कुमार, संजय रवानी, मनोज सिंह, गणेश कुमार सिंह ने सभी चयनित खिलाड़ीयों को आने वाले राज्य प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी है।



## बंगिया संगीत परिषद का 47 वां वार्षिक दीक्षांत समारोह संपन्न

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बंगिया संगीत परिषद का 47 वां वार्षिक दिक्षांत समारोह रविवार को धनबाद क्लब में बांगिया संगीत परिषद के झारखंड प्रतिनिधि जाने माने चित्रकार शिवशंकर धर के नेतृत्व में बहुत ही सुसंस्कृत माहौल में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि कर्नल जे. के. सिंह एवं विशेष अतिथि शुभ्रा कोनार और काली प्रसाद बनर्जी के द्वारा कलाकारों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। कोलकाता से बंगिया संगीत परिषद के प्रतिनिधी श्यामल गांगुली ने धनबाद आ कर छात्रों को चित्रकारिता की बारीकियां को मार्गदर्शित कर इस कार्यक्रम को संपन्न किया। मुख्य अतिथि कर्नल जे. के. सिंह ने सफल छात्रों का अभिनंदन करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत एवं अथक प्रयास के बाद आप यहां पहुंच पाएं हैं। इसके लिए आपको बहुत सारी बधाई एवं शुभकामनाएं।दीक्षांत समारोह कार्यक्रम की शुरूआत नृत्यमलिका डांस अकादमी के कलाकारों ने बहुत ही प्रशंसनीय सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया एवं बरनाली मुखर्जी, जोयीता धर व राजदीप चटर्जी ने एक रबीन्द्र संगीत की प्रस्तुती दी। इस पूरे कार्यक्रम का संचालन सोहिनी धर और बरनाली मुखर्जी ने किया। हॉबी सेंटर की इस दिक्षांत समारोह की मुख्य आकर्षण स्मिता गुप्ता रही जिन्होने बंगिया संगीत परिषद के अष्ट परिक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही करीब 60 विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट चित्रकला के लिए उपस्थित अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।




## ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस यूनियन ने निकाली मोटर साइकिल रैली

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस यूनियन का मोटर साइकिल रैली बी के महाजन, मुनेश्वर सिंह और धुरन्धर यादव के नेतृत्व में निकाला गया, जिसमें काफी संख्या में कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। रैली की शुरुआत डीआरएम ऑफिस से शुरू होकर, हिल कॉलोनी, हॉस्पिटल कॉलोनी, रेलवे रनिंग रूम, रेलवे अस्पताल, डी एस कॉलोनी, वाचं वार्ड, कोचिंग कॉम्प्लेक्स, न्यू स्टेशन कॉलोनी, रांगाटांड होते हुए धनबाद स्टेशन पर समाप्त हुआ, जिसमे आम छाप को जिताने का नारा बुलंद किया गया। सभी कर्मचारी इस बार परिवर्तन करने का पूरा मन बना लिये हैं और पूर्ण रूप से इसी आर एम सी को अपना बहुमूल्य वोट डालने का आश्वासन मिला। इस रैली में विशेष रूप से आलोक नाथ गुप्ता, संतोष कुमार, एस मँजेश्वर राव, हैदर अली, राजबहादुर सिंह, अंकित पांडे, सोनी कुमार, मुकेश कुमार, आर एन चौबे, नीतीश यादव, चांद हासमी, काशीब कमर, लियाकत अली, दिनेश सिंह, कपिल कुमार, आलमगिर असरफ, संतोष राम, दीपक, सुभाष महतो, तारिक अजीज, दुबे जी, शिवा दास, चंदन कुमार आदि सम्मलित थे।



# दामोदर नदी से बालू का अवैध खनन कर हीरक रोड़ के बगल के जंगलों में रखा बालू को जांचने वाला कोई नहीं

▶ **स्टॉक अवैध बालू को हटाने के फिराक में है बालू तस्कर**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा थाना क्षेत्र के तेलमोचों, लोहापट्टी के अलग अलग स्थानों में दामोदर नदी से बालू की अवैध उत्खनन कर स्टोक बनाकर रखे बालू की अभी तक प्रशासनिक जांच नहीं होने से लोग हैरान है। बताया जाता है की महुदा थाना क्षेत्र के कुंजी हीरक रोड के बगल के जंगलों, तेलमोचों हीरक रोड़ के बगल जंगल खेतो में, लोहापट्टी आदि जगहों में दामोदर नदी से बालू को अवैध खनन कर अवैध रूप से उठाकर जमा किया गया है, फिर भी ना खनन विभाग ओर ना ही स्थानीय प्रशासन ने अभी तक उक्त स्थानों का जांच किया है। जब उक्त स्थानों से बालू तस्करों द्वारा स्टॉक किए गए बालू को एक दो दिन में हटा दिया जाएगा उसके बाद प्रशासन जांच में जाएगी और कुछ नहीं मिलने की दुहाई देते हुए उच्चय पदाधिकारी को सूचित करेगे ओर कहेंगे कि सब कुछ ठीक है कही कोई खनन या बालू का स्टॉक नहीं मिला है।बताया जाता है कि ट्रेक्टर में दिन के उजाले में और रात को हाईवा गाड़ी से बालू की तस्करी जारी है। एक तरफ झारखंड सरकार अवैध खनन के खिलाफ मुखर है ताकि राजस्व की हानी नही हो, जबकि खनन पदाधिकारी और प्रशासन को साफ निर्देश है की कही भी अवैध उत्खनन नही होना चाहिए। परंतु सभी को ताख में रख कर बालू तस्कर खुले आम बालू की तस्करी से बाज नहीं आ रहे है। मालूम हो की जिले के अलग अलग जगहों में बालू की तस्करी ना हो इसके लिए लगातार छापेमारी चल रही है। लेकिन महुदा के उक्त इलाको में मोन रहना कई सवाल खड़ा कर रहा है।



## महुदा के जमडीहा में अवैध कोयला की तस्करी शुरू, अंधारी में खनन की तैयारी पूरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** धनबाद जिला के महुदा थाना अंतर्गत जमडीहा और अंधेरी पुल के ऊपर अवैध कोयला की खनन शुरू किया गया है।बताया जाता है कि जमडीहा में अवैध कोयला का खनन तस्करों द्वारा शुरू कर दिया गया है वही अंधारी नदी पुल के ऊपर में कुछ अवैध खनन में से पानी की निकासी कर खनन की तैयारी में कोयला तस्कर लग गए है। मालूम हो कि उक्त स्थानों में जिला प्रशासन के दबाव के कारण कोयला के अवैध खनन को बंद कर दिया गया था। लेकिन कोयला तस्कर ओर सिंडिकेट के लोगों द्वारा दोबारा कोयला के अवैध उत्खनन को चालू करके पुलिस प्रशासन को तस्कर चुनौती दे रही है। वहीं बीसीसीएल और बने टास्क फोर्स द्वारा क्षेत्र की निगरानी रखे हुए है। फिर भी कोयला तस्करों का मनोबल सातवें आसमान पर है और बिना डर भय के फिर से अवैध रूप से खनन कर कोयला की तस्करी की तैयारी कुछ जगहों में जारी है वही कुछ जगहों में तस्करी चालू कर दिया गया है।बताया जाता है कि रात के अंधेरे में कोयला की तस्करी की जाती है वही ट्रकों में कोयला को लोड कर दूसरे राज्यों में भेजा जा रहा है। इस कारोबार में बाहर के लोगों का जमावड़ा गांव में होने से ग्रामीण परेशान है ।



## गिरिडीह में बड़े ही धूमधाम से मनाया जायेगा भारत स्वभिमान न्यास का स्थापना दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा स्वाभिमान न्यास दिवस की स्थापना, आगामी 5 जनवरी 2025 को, आगामी 8 दिसम्बर को बोकारो जिला के चंद्रपुर में आयोजित योग महासम्मेलन में गिरिडीह जिले के काफी संख्या में वहां योग साधक के रूप में भाग लेंगे। यह निर्णय पतंजलि परिवार गिरिडीह की रविवार को सर जैसी बॉस बालिका उच्च विद्यालय में बैठक में निर्णय लिया गया। वहीं बैठक की अध्यक्षता भारत स्वभिमान के जिला प्रभारी नवीन कांत सिंह ने की तथा बैठक में परमेंद्र कुमार, रणधीर कुमार गुप्ता, पुष्पा शक्ति, प्रेमलता अग्रवाल, स्वपना रॉय, अंबर प्रशांत, सुरेश खत्री,आकाश कुमार, राकेश सिंह, सुनील कुमार, निर्मला कौर, शीलधर, प्रभाकर आदि प्रमुख रूप से शामिल थे। तथपश्चात भारत स्वभिमान के जिला प्रभारी नवीन कांत सिंह ने बताया कि आगामी 5 जनवरी 2025 को भारत स्वभिमान न्यास का स्थापना दिवस गिरिडीह के खंडोली स्थित एकल विद्यालय में भव्य तरीके से मनाया जाएगा जिसकी तैयारी की जा रही है। उस दिन सुबह में योग- प्राणायाम, हवन किया जायेगा जिसमें काफी संख्या में लोग उपस्थित रहेंगे साथ ही अलग-अलग उम्र ग्रुप के बच्चे बच्चीयां एवं बड़े लोगों के लिये विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा, इस मौके पर योग साधक सह योग शिक्षिका पुष्पा शक्ति ने बताया कि आगामी 8 दिसंबर 2024 को बोकारो जिला के चंद्रपुर में होने वाले योग महासम्मेलन में मुख्य केंद्रीय प्रभारी का आगमन होने की प्रवल संभावना है। उस योग महासम्मेलन में गिरिडीह के काफी संख्या में योग साधक भाग लेंगे और सफल बनाएंगे।



## मृतका के परिजनों से मिले आजसू नेता अनूप पांडेय, पीड़ित परिवार को बंधाया ढ़ाढस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम खरखरी, टोला खुटाटांड निवासी नागेश्वर साव की पत्नी 45 वर्षीय मालती देवी जिनका बीते शाम में अचानक मौत हो गया। जिसकी सूचना मिलते हीं आजसू पार्टी केन्द्रीय महासचिव सह बगोदर विधान सभा प्रभारी अनूप कुमार पांडेय मृतका के परिवार से मिले और ढ़ाढस बढ़ाया। साथ ही मृतका के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किए।इस मौके पर मुख्य रूप से बिरनी आजसू प्रखण्ड सचिव राजेन्द्र कुमार यादव, सह सचिव बबलू यादव, मनेजर साव, बिजय यादव, नागेश्वर साव, पप्पु साव, मोहन साव, बिनोद साव, एतवारी साव, रवि साव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## जन जन की पुकार मथुरा प्रसाद महतो बने मंत्री इसबार : शमशेर/अकबर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुण्डी :** टुण्डी विधानसभा क्षेत्र से लगातार चौथी बार जीत हासिल कर हैट्रिक लगाने वाले झारखंड विधानसभा के सचेतक विधायक मथुरा प्रसाद महतो को टुण्डी की जनता ने इस बार मंत्री के रूप में देखना चाहती है इसलिए टुण्डी की हर एक लोगों ने एक नारा बुलंद करते हुए कहा है कि जन जन की है यही पुकार मथुरा बने मंत्री इसबार ।विदित हो कि हर विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने कांटे की टक्करों से जुझते हुए हर बार टुण्डी सीट झामुमो की झोली में डालने में सफलता प्राप्त किया है। अल्पसंख्यक मोर्चा नेता शमशेर अंसारी एवं अकबर अंसारी ने आज टुण्डी के विसनीपतरा गांव में एक नुक्कड़ सभा के दौरान उपस्थित जनसमूहों के समक्ष प्रेस को संयुक्त रूप से बयान जारी करते हुए कहा है कि वैसे तो टुण्डी विधानसभा क्षेत्र किसी भी संसाधनों की कमी नहीं है वर्तमान विधायक मथुरा प्रसाद महतो द्वारा अपने कार्यकाल में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सारे विषयों पर काम किया गया है तथा जनता में एक अटूट विश्वास प्राप्त करने में बहुत हद तक सफलता अर्जित किया है। आज़ ऐसे विकास पुरुष को काम के बदले हेमंत सोरेन सरकार में मंत्री पद से सुशोभित किया जाना चाहिए लगातार हैट्रिक लगाने वालों में मथुरा प्रसाद महतो पूरे झारखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया है ऐसे विधायक अगर मंत्री बनते हैं तो टुण्डी के साथ साथ पूरे झारखंड में विकास की गंगा बहेगी। दोनों नेताओं ने संयुक्त बयान जारी कर कहा है कि वर्तमान विधायक में मंत्री बनकर विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाने का हर गुण संपन्न हैं। वर्तमान सरकार की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन की हर बात आज़ भी मतदाताओं ने अपने दिल में रखने का काम किया है एवं आने वाले दिनों में जनता कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहती है। ज्यों ज्यों समय बितता जा रहा है लोगों को मथुरा प्रसाद महतो को मंत्री बनाए जाने को लेकर धड़कने तेज सा हो गया है इस बार टुण्डी की जनता अपना हक लेकर रहेंगी ऐसा लोगों ने मन मनाया है हैट्रिक एवं मेहनती मथुरा प्रसाद महतो को लोग मंत्री बनाकर ही दम लेगी ऐसा लोगों की मांग दिन ब दिन बढ़ती जा रही है।



## प्रखंड कबड्डी संघ निरसा का हुआ गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** जिला कबड्डी एसोसिएशन धनबाद कि बैठक बादलपुर गांव के ग्रामीणों व खेल प्रेमियों के साथ हुई जिसमे उपस्थित लोगो ने कबड्डी खेल से युवक युवतियों को जोड़ने कि बात कही। इसी के मद्देनजर प्रखंड कबड्डी संघ निरसा समिति का गठन जिला एसोसिएशन से नियुक्त ऑब्जरवेशन चीफ बैजनाथ महतो ने किया। सर्व सहमति से उपस्थित लोगो द्वारा संगठन को सुचारु रूप से चलाने के लिए निम्नलिखित पदाधिकारियो का चयन किया गया। अध्यक्ष मेघनाथ टुडू, सचिव आमीन मरांडी, कोषाध्यक्ष मीरा सोरेन को बनाया गया। उक्त बैठक मे मुख्य रूप से जिला सचिव मिंटू ठाकुर, ऑब्जरवर पी नारायण महतो, सत्यानन्द किस्कू समेत खिलाड़ी व खेल प्रेमी भी मौजूद रहे। ठाकुर ने कहा की बादलपुर अत्यंत पिछड़ा क्षेत्र है। ना ही अच्छी रोड और ना ही संसाधन फिर भी प्रतिभा वाले खिलाड़ियों कि कमी नही है। निरसा विधायक अरुप चाटर्जी को स्तिथि से अवगत कराया जाएगा।

## शैक्षणिक भ्रमण के लिये निकले छात्र-छात्रायें

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया(गिरिडीह) :** रविवार को सरिया कॉलेज सरिया के छात्र-छात्राओं शैक्षणिक भ्रमण के लिए बोध गया के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं बौद्ध धर्म एवं भगवान बुद्ध से जुड़े विषयों की जानकारी प्राप्त करेंगे। इसके अलावा आसपास के धार्मिक स्थलों का भी अवलोकन करेंगे। इस संबंध में प्रो अरुण कुमार ने कहा कि शैक्षणिक कार्यों में शैक्षणिक भ्रमण का विशेष महत्व है इसके द्वारा विद्यार्थी स्थलों पर जाकर विभिन्न विषयों को सूक्ष्मता व गहनता से अवलोकन करने का मौका मिलता है। विद्यार्थियों में ज्ञान की वृद्धि होती है।टीम मैनेजर के रूप में मिथुन कुमार, रानी कुमारी एवं अभिषेक कुमार ने अपनी भूमिका निभाई।इस शैक्षणिक भ्रमण को सफल बनाने में प्रो चायरा निशा ईद, प्रो अलका रानी जोजो,मुन्ना राणा आदि का सराहनीय योगदान रहा। मौके पर रानी कुमारी, मनीषा कुमारी, राखी कुमारी, अनु कुमारी, नेहा कुमारी, मनीषा कुमारी, निशा कुमारी, प्रिया कुमारी, पूजा वर्मा ,कविता कुमारी, रानी, आनंद बरनवाल, मंगेश नारायण ,सहदेव साव, देवानंद गुप्ता ,रितलाल वर्मा सिद्धार्थ वर्मा, सनी पंडित शबीना खातून, रानी कुमारी, चांदनी कुमारी, रिया कुमारी, प्रियंका कुमारी, ईरानी कुमारी ,मुस्कान कुमारी, अस्मिता कुमारी ,प्रीति कुमारी, जय श्री,सागर समेत काफी संख्या में छात्र-छात्राएं ने भाग लिया।



# टाटा स्टील फाउंडेशन झरिया डिवीजन ने विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली का किया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** टाटा स्टील फाउंडेशन झरिया डिवीजन ने विश्व एड्स दिवस के अवसर पर अपने परिचालन क्षेत्रों और आसपास के विभिन्न ब्लॉकों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कई रैलियों का आयोजन किया। यह अभियान 29 नवंबर 2024 को भेलाटांड़ स्थित टाटा स्टील फाउंडेशन कार्यालय से रामपुर दुर्गा मंदिर तक आयोजित रैली के साथ आरंभ हुआ। इसके बाद जामाडोबा क्षेत्र के अंतर्गत पेटिया गांव में एक और रैली निकाली गई। समापन समारोह 1 दिसंबर 2024 को आदर्श स्कूल लालबंगला से अपर डुमरी गांव तक भव्य रैली के साथ संपन्न हुआ। इन रैलियों का उद्देश्य एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के संदेश ÷सही रास्ता अपनाएं÷ मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार÷ को जन-जन तक पहुंचाना था।इस आयोजन में 320 जोश और उत्साह से भरपूर महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिन्होंने न केवल इस मुहिम को समर्थन दिया, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव का संदेश भी दिया। रैली का शुभारंभ पियूष कुमार, सीनियर एरिया मैनेजर, एचआरबीपी, सिजुआ ग्रुप, डॉ. अंकित प्रकाश, सीनियर रजिस्ट्रार, फीडर हॉस्पिटल, भेलाटांड़, राजेश कुमार, यूनिट लीड, टाटा स्टील फाउंडेशन, बिपिन सिंह चौधरी, मैनेजर, कम्युनिटी डेवलपमेंट, डॉ. विवेकानंद पात्रा, मेडिकल ऑफिसर होम्योपैथ, टाटा स्टील फाउंडेशन, रामकिशुन राय, सीनियर सुपरवाइजर, उमेश कुमार महतो, ब्लॉक ऑफिसर, टाटा स्टील फाउंडेशन टीम से राहुल यादव, राहुल महतो, सुमिता देवी, गीता देवी, शांति देवी और कोऑर्डिनेशन कमेटी के सदस्य मो नासिर, भीम महतो, और हरिपद महतो ने हरी झंडी दिखाकर किया।गणमान्य व्यक्तियों ने अपने संबोधन में एचआईवी/एड्स के खिलाफ लड़ाई में सामुदायिक सहयोग की अहमियत पर प्रकाश डाला। वहीं इस अवसर पर अपने संबोधन में, डॉ. अंकित प्रकाश ने कहा कि यह देखकर बहुत खुशी होती है कि महिलाएं और युवा इस महत्वपूर्ण उद्देश्य का समर्थन करने के लिए आगे आ रहे हैं।




## झारखंड आंदोलनकारी के निधन की खबर पर में पहुंचे विधायक प्रतिनिधि बसंत महतो, मृत पार्थिव शरीर को देखकर हुये भावुक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुण्डी :** झारखंड आंदोलनकारी एवं दिशोम गुरु शिबू सोरेन के काफी करीबी माने जाने वाले टीकाराम टुडू का अचानक तबीयत बिगड़ जाने से मछियारा स्थित आवास में निधन हो गया । निधन की खबर मिलते ही टुंडी विधायक प्रतिनिधि बसंत महतो आज उनके पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण किया। पार्थिव शरीर को देखकर टीकाराम टुडू भावुक हो गए एक जाने माने झारखंड आंदोलनकारी के साथ साथ दिशोम गुरु शिबू सोरेन के काफी करीबी व्यक्ति थे उनकी उम्र करीब 75 बर्ष के लगभग था तथा अपने पीछे तीन पुत्र एवं एक पुत्री छोड़ गए बताया जाता है कि इनकी पत्नी की भी निधन कुछ महीने पूर्व हो गया था। इनके निधन की खबर पर टुण्डी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने काफी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि इनकी निधन झारखंड के लिए अपूर्णीय क्षति है। मौके पर पूर्व मुखिया रामेश्वर बास्की, बसंत महतो समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## समाजसेवी अब्दुल जब्बार के प्रयास से पांच चापानल का हुआ मरम्मत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** रविवार को वार्ड संख्या 18 के पांडरपाला में 5 चापानल, समाजसेवी अब्दुल जब्बार के प्रयास से नगर निगम के द्वारा, वहां के लोगों की जरूरत और परेशानी को देखते हुए बनवाया गया। 1. सायरा के घर के पास, पुराना इमामबाड़ा, 2. कलीम के घर के पास पांडरपाला, 3. कुदूस बाबा के घर के पास पांडरपाला, 4. हनुमान मंदिर दास टोला, 5. मुन्ना खटाल के पास, पांडरपाला मे कुल मिला कर पांच स्थानो पर चापानल की मरम्मती का कार्य संपन्न हुआ। वॉर्ड संख्या 18 के पार्षद प्रत्याशी सह समाजसेवी अब्दुल जब्बार ने बताया की ये पांचों चापानल लगभग पिछ्ले चार महीने से ख़राब था जिसके कारण यहां की आम जनता को काफ़ी परेशानी हो रही थी। स्थानीय लोगों द्वारा दी गई सूचना पर उन्होने सभी चापानल को ठीक कराया। आगे उन्होने कहा की यहां पर सप्लाई पानी की भी कोई सुविधा नहीं है। सप्लाई पानी के लिये लगभग 5 साल से लगातार नगर निगम में वे आवेदन दे रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई हैं।

# खेल के माध्यम से मिलनेवाली चुनौती आपके सर्वागीण विकास मे सहायक होती है : अभिनव सिद्धार्थ भगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आदिवासी अखरा समिति सिठियो के तत्वाधान में झारखंड फुटबॉल से रजिस्टर्ड अंतर्राष्ट्रीय नियम के अनुसार खेले जाने वाला स्वर्गीय कार्तिक उरांव फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल समारोह का आयोजन करम मैदान सिठियो मे किया गया। फाइनल समारोह के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के युवा सचिव अभिनव सिद्धार्थ भगत थे। आदिवासियों अखरा समिति द्वारा मुख्य अतिथी का स्वागत पारम्पारिक रिती रिवाज के साथ डोल नगाड़ा एंव पारमपरिक नृत्य कर मंच तक लाया गया जहां मुख्य अतिथी एवं अतिथियों के द्वारा स्वर्गीय कार्तिक उरांव के चित्र पर माला अर्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। आयोजन समिती द्वारा उपस्थित अतिथियो को बुके देकर एवं बैच



पहनाकर स्वागत किया गया । एवं उपस्थित अतिथियो खिलाड़ियो एवं पूरे दशको के द्वारा राष्ट्रीय गान गाया गया तदोपरांत खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर आज के फाइनल मैच का उद्घाटन किया गया। फाइनल मैच संत जान रांची बनाम गोपाल गंज के बिच खेला गया जिसमे गोपाल गंज ने टाईब्रेकर मे संत जान राँची को पराजित कर बिजेता बना।

आदिवासी अखरा समिति सिठियो के द्वारा प्रत्येक वर्ष आदिवासियों के मसीहा स्व कार्तिक उराँव के नाम से प्रतियोगिता का आयोजन ग्रामीणों के आपसी सहयोग से किया जाता आ रहा है इस प्रतियोगिता में 16 टीम हिस्सा ले रही है प्रतियोगिता 27 नवंबर से आरंभ हुआ है जिसका समापन 1 दिसंबर को किया गया। मैच समाप्ती के बाद भव्य पुरुषकार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। फाइनल समारोह को सम्बोधित करते हुए अभिनव सिद्धार्थ भगत ने कहा की खेल आप में रचनात्मकता को प्रोत्साहित करता है खेल के माध्यम से मिलने वाली चुनौती आपके र्स्वागीण विकास में सहायक होता है। उन्होंने आयोजन समिति को धन्यवाद देते हुए कहा कि आदिवासियों के मसीहा कार्तिक बाबू को खेल के माध्यम से आपने जो श्रद्धांजलि देने का प्रयास किया आप बधाई के पात्र है । फीफा के नियम से प्रतियोगिता का सफल आयोजन कर आप क्षेत्र के सभी खिलाड़ियो को प्लेटफार्म देने की कोशिश लगातार कर रहे है। फाइनल के विजेता टीम को डेढ़ लाख रुपए नगद राशि उप विजेता को ?100000 नगद राशि तृतीय और चतुर्थ स्थान पर आने वाली टीम को 25000 नगद राशि दिया गया। साथ ही साथ कई अन्य आकर्षक पुरस्कार भी दिया गया पहला सेमीफाइनल गोपालगंज बनाय सुमित बर्दस के बीच खेला गया जिसमे गोपालगंज 2-0 से विजय रही। दूसरा सेमीफाईनल सत जान राँची बनाय नदिया छात्रावास के बीच खेला गया जिसमे संत जान रांची ने ट्राइब्रेकर मे विजय हुई। मैच के निर्णायक अर्जुन उरांव, सामाउद्दीन अंसारी, सुरेश मुंडा, तबरेज आलम थे। मैच के कामेन्टेटर कमलेश उरांव थे। फाईनल समारोह मे मुख्य रूप से डा रंजीत कुमार महली, सुजीत भगत, रवि साहु, नेमचन्द भगत, सुकरा मास्टर, साजिद अहमद चंगू, फूलदेव उरांव, मनोहर महली, देवासीस उरांव, तबारक अंसारी, मंटूजी, किशोर साहु, तिवारी भगत, घुरन उरांव, नेजावत अंसारी, सनिया पुजार, सुनील उरांव, महावीर उरांव, रोशन टोप्पो, प्रतोष महली, गुलाम जिलानी, सहबीर उरांव, संदीप उरांव, परमेशवर, विकास उरांव, सुखदीप उरांव, प्रवीण उरांव, वकील महली, विपिन उरांव, कुलदीप उरांव,अनिकेत टोप्पो, प्रवीण उरांव, रोहित उरांव, गणेश बैठा, रोशन टोप्पो, धर्मवीर उरांव,विशाल उरांव आदि उपस्थित थे।

## भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा सुरक्षा जागरूकता और कुकिंग प्रतियोगिता हुआ आयोजित



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा एच पी सी एल, बी पी सी एल, आई ओ सी एल के संयुक्त तत्वाधान में जिले के 11 गैस वितरकों द्वारा सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तीन विषयों पर मुख्य रूप से ध्यान रखा गया जिनमे गैस सिलिंडर रख रखाव एवं प्रश्चालन, स्वच्छता और कुकिंग पकवान के तकनीक एवं प्रस्तुतीकरण के आधार पर चयनित किया गया। पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा हौज पाइप थ्री लेयर लगाना है चुंकि इसकी कमजोर होने पर ही ज्यादा दुर्घटना होती है उसकी रोकथाम करना उद्देश्य था। इस अवसर पर एल आर डीसी सुजाता कुजूर,प्रखंड विकास पदाधिकारी लोहरदगा ठाकुर गौरीशंकर शर्मा, कुमाल किशोर जिला नोडल पदाधिकारी एवं वितरक सुरेश ठाकुर, सतीश जायसवाल, मंजू जायसवाल आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर सुजाता कुजूर ने कहा की भोजन के बगैर जीवन नहीं चलता है हमलोग भोजन बनाते समय सेफ्टी मेजर का कितना ध्यान रखते है, कम गैस में भोजन बनाना और बालिकायें भविष्य में गृहणी बनेंगे तो परिवार को लचीज व्यंजन के बदौलत ही एक दूसरे के समीप लाया जा सकता है ये शिक्षा प्राप्त होंगी। उन्होंने कहा की यहाँ एक से एक लचीज व्यंजन में से चाइनीज पीठा,झारखण्ड का धुसका, छोला सब्जी,पंजाबी खाना भातुवा साग आदि बनाये गए जो लाजवाब थे। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा की एल पी जी जितना सुविधाजनक है उतना ही असावधानी होने पर ख़तरनाक हो सकता है,गृहणी को सुरक्षा मानक के अनुरूप कार्य करने और खाना बनाना एक कला है जो स्वास्थ्य को ध्यान में रखना है सिखाता है। वहीं पेट्रोलियम मंत्रालय के नोडल पदाधिकारी कुणाल किशोर ने बताया की दुर्घटना शून्य करना और जागरूकता लाना उद्देश्य है। कुकिंग प्रतियोगिता में कुल 16 प्रतिभागी थे जिनमे ममता गुप्ता प्रथम, अंशु खत्री द्वितीय, नूतन कुमारी तृतीय और लीलावती साहू, प्रीति गुप्ता, अनीता देवी, नेहा अग्रवाल, रानी देवी, अनिमा देवी, उमेश वर्मा, दीपक पोद्दार, गौतम कुमार, मनीषा कुमारी, अनीता उरांव, दीपा पोद्दार, रानी मित्तल थी।

# आर के कोचिंग सेंटर का 10 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोलेबिरा :** आर के कोचिंग सेंटर का 10वां वार्षिकोत्सव शनिवार की शाम को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें कोचिंग के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य प्रशांत कुमार और एसआई बंनबिहारी कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि अपने अध्ययन काल में कड़ी मेहनत करें, इसी से वह अपने आने वाले भविष्य को बेहतर बना सकते हैं। कार्यक्रम में छात्राओं ने सरस्वती वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मन मोहक प्रस्तुति दी। कोचिंग के प्रबंधक रोशन कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि शिक्षा और संस्कार एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। शिक्षा मनुष्य के जीवन का अनमोल उपहार है, जो व्यक्ति के जीवन की दिशा और दशा दोनों बदल देती है। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों और मार्ग दर्शक शिक्षकों को उनकी विशेष उपलब्धि के लिए अंगवस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि शिक्षक लालधन नायक ने कोचिंग की उपलब्धियों के अलावे आयोजित होने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

# धर्मप्रांतीय काथलिक महिला संघ की बैठक में महिला सशक्तिकरण पर हुई चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** धर्मप्रांतीय काथलिक महिला संघ की बैठक रविवार को सामटोली चर्च परिसर में हुई। मौके पर काथलिक महिला संघ से जुडी महिलाओं के विकास एवं सशक्तिकरण पर चर्चा की गई। बैठक में काथलिक महिला संघ की रैली एवं सिलिगुढ़ी दौरे कार्यक्रम पर भी चर्चा की गई। मौके पर पल्ली पुरोहित सह विजी फा इग्नासियुस टेटे ने सभी महिलाओं को संगठित रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की अहम भूमिका रही है। आज भी हमारे समाज में कई बुराईयां है। इसे दूर करने की दिशा में भी महिलाएं पहल करें। फा इग्नासियुस ने कहा कि महिलाएं अपने बच्चों को सही शिक्षा दें। उच्च शिक्षा के लिए बच्चों को प्रेरित करें। क्योंकि शिक्षा के बदौलत ही समाज को आगे ले जाया जा सकता है। उन्होंने



महिलाओं को एवं घर के बच्चों को भी प्रतिदिन प्रार्थना करने की अपील की। मौके पर फा इग्नासियुस का जन्मदिन भी मनाया गया। **सिमडेगा विधानसभा से भूषण बाड़ा को जिताने के लिए जोसिमा खाखा ने सभी के प्रति जताया आभार :** बैठक में उपस्थित बीरू भिखारियेट की सभा नेत्री सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने सिमडेगा विस से भूषण बाड़ा को जिताने में सहयोग करने पर सभी लोगों के प्रति आभार जताया। उन्होंने विजी सहित सभी महिलाओं को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। उन्हों ने कहा कि सभी के सहयोग से ही सिमडेगा विस से कांग्रेस प्रत्याशी भूषण बाड़ा को जीत मिली है। बैठक में धर्मप्रांतीय काथलिक सभानेत्री सुशीला कड़ा, सुचिता जोजो, अनिता रानी तोपनो, फिलिसिता केरकेट्टा, जिप सदस्य सह बीरु भिखारियेट की सभानेत्री जोसिमा खाखा, रजनी कुल्लू, कर्मेला कुल्लू, जोसेफा कुजूर, जोसेफा कुल्लू, सुषमा लकड़ा, अनिमा बाड़ा, अनिमा कुजूर, क्लारा बा~, कतरिना, उर्सुला सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

## विधायक जनार्दन पासवान ने एचपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का किया शुभारंभ



**हंटरगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हंटरगंज प्रखंड मुख्यालय +2 हाई स्कूल खेल मैदान में रविवार को HPL क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ विधायक जनार्दन पासवान ने फीता काटकर और बैटिंग कर किया। आज का मैच बारहगावां बनाम कोसमा (बिहार) के बीच प्रारंभ खेला गया. टॉस जीतकर बारहगावां टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 111 रन बनाया। जवाब में उतरी कोसमा (बिहार) टीम ने 115 रन बनाकर जीत हासिल की। बेहतर प्रदर्शन करने वाले गुड्डन आलम को मैच का मैंन ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला उन्होंने 4 बॉल में तेरह रन बनाए और तीन ओवर 4 विकेट लिया । मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण चौरसिया, युगल किशोर सिंह, प्रभात चौरसिया, अपु आर्या, संतोष कुमार सिंह, श्यामदेव यादव, बेचन पासवान, नीरज लाल, एवं काफी संख्या में खेल प्रेमी एवं प्रखंडवासी दर्शक उपस्थित हुए।

# अविराम के प्रशिक्षुओ द्वारा चलाया गया एड्स जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा में एड्स दिवस पर जागरूकता अभियान पंडरा ग्राम में चलाया गया जहां जागरूकता रैली, दीवाल लेखन, नुक्कड़ नाटक और गीतों के माध्यम से एड्स की जानकारी ग्रामीणों को प्रदान की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी कुंदन गिद्ध के नेतृत्व में यह जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमे शिवशंकर और पंकज कुमार भारती ने अग्रणी भूमिका निभाई और एड्स से कैसे बचाव कर सकते हैं इस विषय में जागरूक किया। प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी ने कहा कि एड्स लाइलाज है इससे बचाव केवल जानकारी और सतर्क रह कर ही हो सकता है। इस जागरूकता अभियान में उपमुखिया मुमताज पंवरिया एवम देवानंद महली, लाल धीरज, सफूल अंसारी, लव कुमार समेत भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे और ऐसे जागरूकता अभियान को समाज के लिए बहुत अच्छा बताया।

# सभी सफाई कर्मियों को नियमित करें एवं सेवानिवृत्त को दें पेंशन : महेश सिंह




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** यह मांग समाहरणालय के इक्युलिप्टस मैदान में झारखण्ड राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ जिला शाखा लोहरदगा की बैठक महेश सिंह की अध्यक्षता में की गई। साथ ही उन्होंने कहा कि झारखण्ड सरकार राँची से मांग की गई कि सफाई कार्य पर पूर्णतः आधारित निगम एवं निकाय में रघुवर सरकार के समय समाप्त किये गये सफाई कर्मचारियों के पद को पुनर्जीवित किया जाय। क्योंकि गन्दी नाली में घुसकर सफाई का कार्य करने वाले निगम निकाय के कर्मियों के पद समाप्त करने वाली विभागीय सचिव आई ए एस पूजा सिंघल एवं तत्कालीन माननीय मुख्यमंत्री रघुवर दास को गहरी आह लगी, फलतःआज दोनों व्यक्ति उसका फल भुगत रहे हैं। प्रकृति कभी भी किसी को नहीं छोड़ती। कलियुग में गलत करने वाले को यहीं भुगतना पड़ता है। यह चरितार्थ हो रहा है। बैठक में काफी संख्या में सफाई कर्मी शामिल थे।

# जेंडर आधारित हिंसा को खत्म करने के लिए मनाया गया महिलाओ के साथ 16 दिवसीय पखवाड़ा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** छोटानागपुर कल्याण निकेतन और क्रिया के संयुक्त तत्वावधान से सिमडेगा जिला के ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत मेरोमडेगा पंचायत के टापूडेगा गांव में जेंडर आधारित हिंसा को खत्म करने के लिए 16 दिवसीय पखवाड़ा महिलाओं के साथ मनाया गया जिसमें महिला एवं किशोरी शामिल थे इस पखवाड़ा को मानते हुए महिलाओं के बीच परिचर्चा बैठक हुआ कि क्यों इस दिवस को मनाया जाता है इस बैठक में जेंडर आधारित हिंसा के विरोध में कई जगहों पर दीवार लेखन किया गया जिसमें महिलाएओ द्वारा अपने साथ हुए हिंसा के बारे में भी जिक्र किया इसके बाद सभी ने मिलकर दीवार लेखन किया इसके साथ ही महिलाओं और किशोरियों द्वारा एक कोर्ट भी बोला जा रहा था हम सब की है आवाज सब की गिनती एक समान इस कोर्ट को बार-बार सभी के द्वारा बोला जा रहा था और जगह-जगह दीवार लेखन भी किया जा रहा था इस कार्यक्रम में बैठक में टापूडेगा कि वार्ड निरोज बा~ संस्था के कार्यकर्ता आरती कुमारी आरती देवी शांति देवी जूही कुमारी चांदनी कुमारी आराध्या कुमारी और संस्था के सचिव प्रियंका सिन्हा भी उपस्थित थी।

# सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 129 वां सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल, अवधेश मित्तल, संजय चौधरी ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए, और सभी ने भारत माता की जय आदि का जयकारा लगाते हुए नमन किए। आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 42 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया, एवं अन्य सभी प्रकार की जांच




पैथोलॉजी के माध्यम से आधे ही ख़र्च में किया जा रहा है, जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की किसी भी तरह के स्वास्थ्य जांच कराने में घबराएं नहीं ना ही किसी प्रकार का संकोच करें नियमित रूप से अपने स्वास्थ्य जांच अवश्य करते रहे जिससे कि बीमारी की जानकारी मिलने पर समय रहते उसका इलाज किया जा सके, डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि खुशहाल जीवन जीने के लिए स्वस्थ रहना जरूरी है और उसके लिए आप अपने स्वास्थ की जांच हर समय कराते रहिए, कभी-कभी छोटी बीमारींया भी बड़ा रूप ले लेती है, और कहा की इस शिविर में आकर लोगों की सेवा करने में हमें बहुत ही सुकून मिलता है। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल सचिव जयप्रकाश शर्मा व सहसचिव संजय चौधरी ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना स्वास्थ्य चेकअप करा कर जानकारी प्राप्त कर रहे हैं,यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को एक घंटे के लिए लगाई जाती है।और कहा की राजीव यादव भी स्वास्थ्य की जांच करने में अपना सहयोग दे रहे हैं।आज शिविर में- जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल अवधेश मित्तल, संजय चौधरी, जयप्रकाश शर्मा, सुबोध महतो, सत्यम सर्राफ, राजू यादव, अतुल सर्राफ, रानी देवी, अंजली सर्राफ, कौशल्या देवी, महेश कास्यंकार, अनिल साव, सोनी देवी, दीपक श्रीवास्तव, तपेश्वर प्रसाद अग्रवाल, संजय साहू, लखपति साहू, शिमला देवी, रामदेव भारती, रामचंद्र गिरी, नंदलाल कास्कांर, बेला देवी, प्रभु साहू, जुगल किशोर प्रजापति, राजेश अग्रवाल, गंगा प्रसाद अग्रवाल, रमेश शर्मा, कृष्ण प्रसाद, गंगोत्री देवी, राम प्रसाद कसेरा, उदय कसेरा, प्रभु दयाल साहू, उमाशंकर साहू आदि उपस्थित थे।

# संजय साहू की अध्यक्षता में लोहरदगा एथलेटिक एसोसिएशन कार्यकारणी समिति की हुई बैठक

**67 वीं एथलेटिक मीट का आयोजन भव्य और शानदार होगा, झारखण्ड के विभिन्न जिलों से आते है खिलाड़ी**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा के बलदेव साहू शिवप्रसाद साहू धर्मशाला,बड़ा तालाब के नजदीक लोहरदगा जिला एथलेटिक एसोसिएशन की कार्यकारणी समिति की बैठक संगठन सचिव संजय प्रसाद साहू की अध्यक्षता में हुआ संपन्न। बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व में लिए गए निर्णायनुसार संयोजक मण्डली का गठन किया गया था। जिसमे ज़ाहिद अहमद,किशोर कुमार वर्मा, कयूम खान और अजय प्रसाद प्रजापति को बनाया गया है जो कार्यों को सुचारु ढंग से संपादन करने में सहयोग करेंगें। मैदान बनाने निमित्त कार्यों की प्रगति की समीक्षा किया गया। वहीं सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की 67 वीं एथलेटिक मीट का आयोजन दिनांक 17 जनवरी 2025 दिन शुक्रवार को



सुभारम्भ होगा एवं 19 जनवरी 25 दिन रविवार को समापन किया जायेगा। खेल ललित नारायण स्टेडियम में किया जायेगा। साथ ही सर्वप्रथम निर्णय लिया गया की 67 वीं एथलेटिक मीट निमित्त विभिन्न कार्यों हेतु कुल पाँच लाख चौवन हजार (554000) का बजट पारित किया गया। यह भी निर्णय लिया गया की ललित नारायण स्टेडियम में विगत 1951 से खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन होता आ रहा है वर्तमान में नगरपरिषद की देख रेख में स्टेडियम है इसलिए नगरपरिषद ललित नारायण स्टेडियम का जीर्णोद्धार करा कर एथलेटिक एसोसिएशन को जिम्मेदारी दिया जाय इस निमित्त संयोजक मंडली नगर प्रशासक एवं उपायुक्त लोहरदगा तथा एसपी लोहरदगा को इस निमित्त आमंत्रित करते हुए सहयोग प्रदान कराने का आग्रह का निर्णय लिया गया,साथ ही खेलकूद प्रतियोगिता के लिए उचित व्यवस्था तथा शौचालय, मुख्य गेट, मैदान की साफ सफाई एवं पीने का पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का आग्रह करने का भी निर्णय लिया गया। अगली बैठक दिसंबर 2024 के द्वितीय सप्ताह में एथलेटिक एसोसिएशन के अध्यक्ष सह पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू की अध्यक्षता में बैठक होंगी जिसमें विस्तृत रुपरेखा निर्धारित किया जायेगा और मुख्य अतिथि कौन होंगे बैठक में निर्णय लिया जायेगा। बैठक में सदस्ता शुल्क राशि 100? लेने का निर्णय लिया गया और सदस्यता बनाने हेतु कमिटी गठित करने का भी निर्णय लिया गया।

चलते चलते एक नजर

## जनसंख्या गिरावट समाज के लिए चिंताजनक : भागवत



**मुंबई :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने नागपुर में आयोजित कथाले कुल सम्मेलन में भारत की जनसंख्या को लेकर अपनी बात रखी. इस दौरान उन्होंने कहा कि जनसंख्या की गिरावट समाज के लिए चिंताजनक है. भागवत ने यह भी बताया कि यदि जनसंख्या बढ़ोतरी दर 2.1 से कम हो जाए तो समाज का पतन होना तय है और उसे नष्ट करने के लिए किसी बाहरी शक्ति की आवश्यकता नहीं होती. मोहन भागवत ने इस विषय पर बात करते हुए कहा कि विज्ञान यह मानता है कि यदि जनसंख्या बढ़ोतरी दर 2.1 से नीचे गिरती है तो वह समाज अपने आप समाप्त हो जाता है. उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कई भाषाएं और समाज इसी कारण समाप्त हो गए. भागवत के अनुसार साल 2000 के आस-पास भारत की जनसंख्या नीति तय की गई थी जिसमें यह स्पष्ट किया गया था कि देश की जनसंख्या वृद्धि दर 2.1 होनी चाहिए.भागवत ने जनसंख्या वृद्धि के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि मनुष्य के जन्म दर को 1 नहीं रखा जा सकता इसलिए कम से कम 2 या 3 बच्चों का जन्म होना चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि जनसंख्या वृद्धि दर को सही बनाए रखना देश के भविष्य के लिए जरूरी है. उनका यह बयान समाज में जनसंख्या नीति को लेकर जागरूकता बढ़ाने का एक प्रयास है जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके.

## पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों पर जताई चिंता

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या, घरों को जलाने और महिलाओं के साथ बलात्कार की घटनाओं ने भारत और पूरे विश्व को स्तब्ध कर दिया है। शांता कुमार ने रविवार को एक बयान में कहा कि भारत एक हिंदू बहुसंख्यक देश है, जहां करोड़ों मुसलमान सुरक्षित रहते हैं। लेकिन बांग्लादेश, जो मुस्लिम बहुसंख्यक देश है, वहां अल्पसंख्यक हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है। यह न केवल अमानवीय है, बल्कि यह धार्मिक सहिष्णुता के सिद्धांतों के भी खिलाफ है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के 1893 के शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन के ऐतिहासिक भाषण का हवाला देते हुए कहा कि जिस प्रकार अलग-अलग नदियां अलग-अलग रास्तों से होकर एक ही समुद्र में मिलती हैं, उसी प्रकार हर धर्म अलग रास्ते से ईश्वर तक पहुंचता है। रास्ते अलग हो सकते हैं, लेकिन मंजिल एक है।

# सांसद वीडी राम ने चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**सांसद ने कहा कि यहां की जनता के द्वारा लगातार इस ट्रेन को प्रारंभ करने की मांग की जा रही थी।**




प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने रविवार की तड़के डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 05653/03654 का परिचालन हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।

कोविड-19 के दौरान उक्त पैसेंजर ट्रेन का परिचालन बंद कर दी गयी थी।

आज पुनः इस ट्रेन के प्रारंभ होने से पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 11 रेलवे स्टेशनों क्रमशः नगर उंटारी, रमना, मेराल, गढ़वा, गढ़वा रोड़, तोलरा, लालगड़ बिहार, रजहारा, कजरी, डालटनगंज एवं चियांकी के यात्रियों को आवागमन सुगम होगी। यहां की जनता के द्वारा लगातार इस ट्रेन को प्रारंभ करने की मांग की जा रही थी। इस अवसर पर धनबाद मंडल रेलवे एडीआरएम विनीत कुमार, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, वरिष्ठ नेता मुरारी पांडेय, किशोर पाण्डेय, ईश्वरी पाण्डेय,शिव कुमार मिश्रा,संजय गुप्ता,शशि भूषण पांडे, अनिल कुमार, संजय कुमार, भोला पांडेय, मनीष कुमार, सुशील सिंह, राघवेन्द्र तिवारी, आनंद सिंह एवं रेलवे पदाधिकारी मनोहर लाल,अनिल कुमार तिवारी, विकास कुमार, स्टेशन अधीक्षक उमेश कुमार, राजीव रंजन सिंह, वैसी मानडी, संजय पासवान बीरबल प्रजापति, अनिल कुमार एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री मनीष मिश्रा ने किया।

## ढाका में कट्टरपंथियों के हमले का शिकार हुआ पश्चिम बंगाल का युवक, सुनाई आपबीती

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के बेलघरिया का रहने वाला 22 वर्षीय सायन घोष बांग्लादेश में कट्टरपंथियों के हमले में घायल होकर अपने घर लौट आया है। घटना के बाद से युवक बहुत डरा हुआ है और मानसिक रूप से काफी परेशान है। सायन घोष बेलघरिया के सोनार बांग्ला इलाके का निवासी है। वह 23 नवंबर को बांग्लादेश के ढाका में अपने एक दोस्त के घर गया था। उसके पास पासपोर्ट और वीजा सहित सभी वैध दस्तावेज थे। इसी दौरान 25 नवंबर को इस्कॉन सन्यासी चिन्मयकृष्ण दास की ढाका हवाई अड्डे पर गिरफ्तारी के बाद बांग्लादेश में कट्टरपंथियों का विरोध प्रदर्शन और हंगामा शुरू हो गया। पीड़ित युवक के मुताबिक 26 नवंबर को, वह अपने दोस्त के घर के पास स्थित बाजार में खरीदारी करने गया था। इसी दौरान कट्टरपंथियों के एक समूह ने उसे और उसके दोस्त को घेर लिया। जब उन्हें पता चला कि सायन भारतीय नागरिक और हिंदू है, तो उन्होंने उस पर हमला कर दिया। सायन को बुरी तरह पीटा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके पैसे और मोबाइल फोन भी छीन लिए गए। घटना के बाद सायन और उसके दोस्त ने नजदीकी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन वहां भी उन्हें सहयोग नहीं मिला। पुलिस ने उल्टा उनसे सवाल किया कि वे बांग्लादेश क्यों आए थे। सायन के दोस्त को पुलिस ने भारतीय युवक को तुरंत अपने घर से वापस भेजने को कह दिया।

# राज्य में अगले दो माह में तीन आईपीएस होंगे सेवानिवृत




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य में अगले दो महीनों के दौरान झारखंड पुलिस के तीन डीजी रैंक के आईपीएस अधिकारी सेवानिवृत होंगे। इनमें तत्कालीन डीजीपी अजय कुमार सिंह एवं एम मीणा जनवरी, 2025 में और आरके मल्लिक 31 जनवरी, 2025 को रिटायर होंगे।

साथ ही नये साल के पहले दिन एक जनवरी, 2025 से 2007 बैच के तीन आईपीएस अनूप बिरथरे, सुनील भास्कर और मयूर पटेल कन्हैयालाल आईजी रैंक में प्रोन्नत हो जायेंगे। इसके अलावा 2011 बैच के सीनियर एसपी रैंक (सीनियर सिलेक्शन ग्रेड) में प्रोन्नत छह आईपीएस अधिकारी एक जनवरी, 2025 से डीआईजी हो जायेंगे। सीनियर एसपी रैंक में प्रोन्नत अधिकारी को राज्य सरकार चाहे तो वर्तमान में कहीं भी प्रभारी डीआईजी बना सकती है। इनमें चंदन झा, चंदन सिन्हा, प्रियदर्शी आलोक, अजीत पीटर डुंगडुंग, अनुरंजन किस्पोट्टा और अंबर लकड़ा शामिल हैं। दूसरी ओर, झारखंड कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अजय भटनागर शनिवार (30 नवंबर) को सेवानिवृत हो गये। अजय भटनागर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर थे और सीबीआई में संयुक्त निदेशक के पद पर कार्यरत थे।

## मणिपुर में पति के लापता होने के बाद धरने पर बैठी महिला




एजेंसी

**इंफाल :** मणिपुर में हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही है. इसी बीच लापता मैतेई व्यक्ति लैशराम कमल बाबू की पत्नी शनिवार शाम को मणिपुर में सुरक्षाकर्मियों के सामने कंटीले तारों की बाड़ के सामने बैठ गई. इस दौरान महिला ने कहा,मैं यहां से तब तक नहीं हटूंगी जब तक मेरे पति को मुझे नहीं सौंप दिया जाता.

कांगपोकपी जिले के लेइमाखोंग सैन्य स्टेशन में एक ठेकेदार के पर्यवेक्षक लैशराम कमल बाबू के 25 नवंबर को लापता होने के बाद विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए. इस दौरान तनाव तब बढ़ गया जब बेलारानी के नेतृत्व में महिला प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड्स हटा दिए और लापता व्यक्ति को खोजने की मांग करते हुए सेना शिविर की ओर मार्च किया.लैशराम कमल बाबू की पत्नी अकोईजाम निंगोल लैशराम ओंगबी बेलारानी ने बताया कि सोमवार दोपहर से ही उनके पति का फोन नहीं मिल रहा है, जिससे उनकी चिंता और बढ़ गई है.उन्होंने कहा,मैंने 25 नवंबर को उनसे बात करने की कोशिश की, लेकिन उनका फोन बंद था. अपने पति के लापता होने की खबर सुनकर मैं आज कछार से आई हूं.÷ उन्होंने कहीं भी जाने से इनकार करते हुए कहा,सेना के जवानों को मेरे पति को जीवित और सुरक्षित ढूंढना चाहिए.इस घटना से इम्फाल घाटी में व्यापक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है तथा अधिकारियों से त्वरित कार्रवाई करने की मांग की गई है. लोगों के आक्रोश के बाद सेना ने एक बयान जारी कर बाबू की तलाश के लिए अभियान तेज करने की पुष्टि की है. मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने भी सेना से लापता व्यक्ति का पता लगाने की जिम्मेदारी लेने को कहा है.

# समानता लाने के लिए सबसे परिवर्तनकारी तंत्र है शिक्षा : उप राष्ट्रपति



एजेंसी

**कानपुर :** बच्चों में सीखने के प्रति जिज्ञासा होनी चाहिए और उन्हें असफलता से नहीं डरना चाहिए। यही बच्चे भारत का भविष्य बनाएंगे और भारत को दुनिया में एक महान राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका अदा करेंगे। इसके लिए शिक्षा ही सब कुछ है और शिक्षा का दूसरा पहलू यह भी है कि समानता लाने के लिए यह सबसे परिवर्तनकारी तंत्र भी है। यह बातें रविवार को कानपुर पहुंचे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कही। उपराष्ट्रपति रविवार को सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल के स्वर्ण जयंती संस्थापक दिवस समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मुझे सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल कानपुर के स्वर्ण जयंती संस्थापक दिवस समारोह में भाग लेने में खुशी हो रही है। मैं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति जैपुरिया परिवार की प्रतिबद्धता की बहुत प्रशंसा करता हूं। उन्होंने कहा कि हमारे मन में सदा रहना चाहिए कि भारत जैसा कोई दूसरा देश नहीं है। आप बहुत ही भाग्यशाली हैं कि भारत किसी का मोहताज नहीं है। उन्होंने कहा कि बच्चों को संकल्प लेना कि वह ज्ञान की जिज्ञासा, माता पिता के प्रति सम्मान, शिक्षकों के प्रति आदर हमेशा रखेंगे। यह छात्र जीवन कभी वापस नहीं आएगा। उन्होंने छात्रों को उनके करियर के प्रति सचेत करते हुए कहा कि जिज्ञासा रखें आपके मन में करियर के लिए जो भी हो उस ओर कार्य करें। अगर आप खेल में जाना चाहते हैं तो जाएं। आपका मन जिस ओर है उस तरफ कार्य करें। उप राष्ट्रपति ने कहा कि समाज में जो विकार हैं उसको हटाने का एकमात्र साधन शिक्षा ही है। इसीलिए हर व्यक्ति को शिक्षा का अधिकार दिया गया है। यही नहीं परीक्षा के समय छात्रों को कभी तनाव नहीं लेना चाहिये और बेहतर परिणाम होने की संभावना रहती है, गलतियां सभी से होती हैं। किसी को असफलता से घबराना नहीं बल्कि उससे सीख लेकर सफलता में बदलने की कोशिश अवश्य करनी चाहिए। इससे कामयाब होंगे साथ ही भविष्य भी उज्जवल रहेगा। मुख्य अतिथि ने स्कूल परिसर में पौधारोपण से शुरुआत की। स्कूल के हेडबॉय, हेडगर्ल और विभिन्न हाउस के हेड बॉय व गर्ल के साथ फोटो खिंचाई। राष्ट्रगान के साथ दीप प्रज्वलन हुआ। उप राष्ट्रपति ने नए भारत के निर्माण में शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राष्ट्र निर्माण के लिए प्रगतिशील दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए जयपुरिया स्कूल की प्रशंसा की। उप राष्ट्रपति ने औद्योगिक घरानों को रिसर्च एंड डेवलपमेंट में निवेश करने की अपील की। कहा कि वह अपने सीएसआर फंड का इस्तेमाल करें, जिससे ईडब्ल्यूएस छात्रों को बेहतर शिक्षा मिल सके। इस दौरान प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान, जयपुरिया ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष शिशिर जयपुरिया, सलाहकार विनोद मल्होत्रा, निदेशक स्कूल और आईटी हरीश संदूजा, स्कूल प्रिंसिपल शिखा बनर्जी, उप प्रधानाचार्य गणेश तिवारी मौजूद रहे।

## मध्य प्रदेश का माधव नेशनल पार्क टाइगर रिजर्व घोषित

**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में स्थित माधव नेशनल पार्क को टाइगर रिजर्व घोषित कर दिया गया है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की तकनीकी समिति ने माधव राष्ट्रीय उद्यान को टाइगर रिजर्व के रूप में अधिसूचित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह प्रदेश का आठवां टाइगर रिजर्व होगा। यह जानकारी रविवार को अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य-जीव) एल. कृष्णमूर्ति ने दी। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक कृष्णमूर्ति ने बताया कि एनटीसीए की तकनीकी समिति ने प्रस्तावित बाघ अभयारण्य का कोर क्षेत्र 375 वर्ग किलोमीटर, बफर क्षेत्र 1276 वर्ग किलोमीटर और कुल क्षेत्रफल 1751 वर्ग किलोमीटर होगा। समिति ने राष्ट्रीय उद्यान में एक नर और एक मादा बाघ को छोड़ने की भी मंजूरी दी है।

# बीएसएफ के स्थापना दिवस पर पीएम मोदी ने दी बधाई



एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीमा सुरक्षा बल के 60वें स्थापना दिवस के अवसर पर जवानों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं. रविवार यानी आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीएम मोदी ने कहा, बीएसएफ साहस, समर्पण और असाधारण सेवा का प्रतीक है और यह हमारी सुरक्षा की एक महत्वपूर्ण पंक्ति के रूप में खड़ा है। उन्होंने जवानों की सतर्कता और साहस की सराहना करते हुए यह भी कहा कि उनकी मेहनत और बलिदान देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी बीएसएफ के जवानों और उनके परिवारों को स्थापना दिवस की बधाई दी. उन्होंने कहा बीएसएफ के सैनिकों ने भारत के सम्मान और महत्वाकांक्षाओं की रक्षा की है. शाह ने जवानों के वीरता और बलिदान को प्रेरणा का स्रोत बताते हुए कहा कि उनकी जांबाजी से देश की हर पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है. उन्होंने उन बहादुरों को श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी.सीमा सुरक्षा बल का स्थापना दिवस 1 दिसंबर को मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन 1965 में इस सैन्य इकाई की स्थापना की गई थी. बीएसएफ का मुख्य उद्देश्य भारत की भूमि सीमा की सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय अपराध से निपटना है. भारत की लगभग 15,000 किलोमीटर लंबी सीमा की सुरक्षा की जिम्मेदारी बीएसएफ के कंधों पर है और यह अपने कर्तव्यों को अत्यंत समर्पण के साथ निभा रहा है. बीएसएफ के 60वें स्थापना दिवस पर बल ने अपने ध्येय वाक्य जीवनपर्यन्तकर्त्तव्य को दोहराते हुए राष्ट्र रक्षा और निर्माण में अपनी प्रतिबद्धता को व्यक्त किया.

# भव्य समापन समारोह के साथ सम्पन्न हुआ 55वां इफ्फी




एजेंसी

**मुंबई :** भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) 2024 का गोवा के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में 28 नवंबर, 2024 को समापन हो गया। इफ्फी के 2024 संस्करण में 11,332 प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जो इफ्फी 2023 की तुलना में 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। 28 देशों के अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों के साथ-साथ देश के 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से प्रतिनिधि इसमें शामिल हुए।उद्घाटन और समापन समारोह में भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय सिनेमा दोनों का जश्न मनाते सितारों की भव्य मौजूदगी और प्रस्तुतियों की धूम रही। उद्घाटन समारोह में शताब्दी समारोह और भारतीय सिनेमा की समृद्ध विविधता के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। समापन समारोह में संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियों के साथ ही साथ असाधारण उपलब्धि हासिल करने वालों को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया, जिनमें फिलिप नॉयस को दिया गया सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड और विक्रांत मैसी को दिया गया। महोत्सव के दौरान 81 देशों की फिल्में प्रदर्शित की गई, जिनमें विभिन्न संस्कृतियों, मतों और दृष्टिकोणों की छाप देखने को मिली। प्रतिस्पर्धी खंड भी बेहद रोमांचकारी रहे। इनमें 15 फिल्मों ने प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता पुरस्कार के लिए, 10 ने आईसीएफटी यूनेस्को गांधी पदक खंड और 7 ने निर्देशक की सर्वश्रेष्ठ डेब्यू फीचर फिल्म श्रेणी के लिए प्रतिस्पर्धा की। लिथुआनियाई फिल्म 'टॉक्सिक' ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का स्वर्ण मयूर पुरस्कार जीता तथा रोमानियाई फिल्म 'ए न्यू ईयर दैट नेवर केम' ने सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का रजत मयूर पुरस्कार जीता। इस वर्ष, भारतीय पैनोरमा 2024 के अंतर्गत अपनी सिनेमाई उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित 25 फीचर फिल्मों और 20 गैर-फीचर फिल्मों का चयन किया गया।

## असम : बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार के विरोध में किया प्रदर्शन

**श्रीभूमि (असम) :** बांग्लादेश में हिन्दुओं पर लगातार हो रहे अत्याचार के विरुद्ध श्रीभूमि जिले में विरोध-प्रदर्शन जारी है। हजारों लोग हिन्दु संगठनों द्वारा आयोजित बांग्लादेश चलो अभियान के बैनर तले निकाली गई रैली में रविवार को शामिल हुए। सुतारकांडी में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सुरक्षा बलों के साथ प्रदर्शनकारियों की झड़प भी हुई, जिसमें एक प्रदर्शनकारी घायल हो गया। यह प्रदर्शन सीमा से लगभग एक किलोमीटर दूर हुआ, जहां बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी एकत्र हुए और विरोध प्रदर्शित किया। भीड़ को नियंत्रित करने और आगे बढ़ने से रोकने के लिए पुलिस और अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया था। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में घुसने के प्रयास में बैरिकेड्स तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस कर्मियों ने स्थिति को नियंत्रण में रखा है।

# अब ट्रेनों में मिलेंगे साफ कंबल




एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय रेलवे यात्रियों की सुविधाओं में लगातार सुधार कर रहा है. हाल ही में रेलवे ने यात्रियों के आराम और सफाई को सुनिश्चित करने के लिए कई नए कदम उठाए हैं जिनमें बेहतर लेनिन, कंबल की सफाई और खाना जैसी चीजों का समावेश किया गया है. इसके साथ ही अब रेलवे ने हर यात्रा के बाद यूवी सैनिटाइजेशन प्रक्रिया शुरू कर दी है जो यात्रियों को स्वास्थ्य और सफाई की उच्चतम मानक प्रदान करेगी.उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंचार अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय के अनुसार रेलवे में इस्तेमाल होने वाली लेनिन की सफाई हर बार यात्रा के बाद की जाती है. ये सफाई विशेष रूप से मैकेनिकल लॉन्ड्री में होती है जो पूरी तरह से निगरानी में होती है. सीसीटीवी कैमरे इस प्रक्रिया की निगरानी करते हैं और अधिकारी और पर्यवेक्षक समय-समय पर निरीक्षण करते हैं. सफाई के बाद लेनिन की गुणवत्ता की जांच की जाती है और फिर उसे यात्रियों को दिया जाता है.उत्तर रेलवे यात्रियों को बेहतर अनुभव देने के लिए नए मानकों को लागू कर रहा है. इस समय यह सुधार राजधानी, तेजस जैसी प्रमुख ट्रेनों में पायलट आधार पर लागू किया जा रहा है. नई लेनिन बेहतर गुणवत्ता की हैं और उनका आकार भी बड़ा है जिससे यात्रियों को ज्यादा आरामदायक अनुभव मिलता है. ब्लैंकेट की सफाई प्रक्रिया में भी बदलाव किया गया है. पहले जहां इसे हर दो या तीन महीने में साफ किया जाता था. अब इसे महीने में दो बार साफ किया जाता है। रेलवे ने यूवी सैनिटाइजेशन प्रक्रिया को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया है. इस प्रक्रिया के तहत हर राउंड ट्रिप के बाद ब्लैंकेट को यूवी किरणों से सैनिटाइज किया जाएगा. यह प्रक्रिया आधुनिक और प्रभावी तकनीक है जो अब ट्रेनों में स्वास्थ्य और सफाई के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करेगी. इस पायलट प्रोजेक्ट को फिलहाल दो राजधानी ट्रेनों जम्मू राजधानी और डिब्रूगढ़ राजधानी में लागू किया गया है और इसके सफल अनुभव के आधार पर इसे बाकी ट्रेनों में भी लागू किया जाएगा. उत्तर रेलवे की ओर से किए गए इन सुधारों का उद्देश्य यात्रियों को ज्यादा सुरक्षित और आरामदायक यात्रा प्रदान करना है. इन नई पहलों के परिणामस्वरूप यात्रियों का अनुभव बेहतर होगा और रेलवे की सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा. भारतीय रेलवे का यह प्रयास यात्री संतुष्टि और सेवा के उच्चतम मानकों को स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.